फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 76 संख्याः 131 प्रभात जयपुर, शुक्रवार 12 दिसम्बर, 2025 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

Metro

ARBiT



**Why Hundreds Are Flocking to See...**

Painted around 1900, Friedrich Heyser's 'Ophelia' may have been an inspiration for a popular song on the singer's latest album

**The Inca Roads of Peru**

A network of roads that spanned thousands of miles across the Andean mountains, an engineering marvel of the Ancient Andes

# 'ना जात पर, ना पात पर, मोहर लगी हाथ पर'

## राहुल गांधी द्वारा ओबीसी तथा ईबीसी को पार्टी की राजनीति का आधार बनाने को पार्टी द्वारा लगातार चुनाव हारने का कारण मानता है, कांग्रेस का बड़ा धड़ा

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 11 दिसम्बर। राहुल गांधी की जातिवादी बयानबाजी जिस दिशा में जा रही है और इसकी वजह से जिस तरह से ऊंची जातियां पार्टी से विमुख हो रही है उसे लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चिंतित है।

चिंताजनक बात यह है कि कांग्रेस कभी भी ऐसी पार्टी नहीं रही है, जो किसी विशेष जाति या जातियों से जुड़ी रही हो। ये नेता कहते हैं कि कांग्रेस हमेशा सामाजिक न्याय की पक्षधर रही है, लेकिन उसने इसे कभी भी इसे सार्वजनिक रूप से नहीं जताया।

कांग्रेस का स्थायी नारा रहा है, "ना जात पे ना पात पे मोहर लगेगी हाथ पे," जिसका मतलब है कि कांग्रेस हमेशा हर व्यक्ति या महिला के लिए खड़ी रही है, चाहे वह किसी भी जाति, धर्म या पंथ का हो।

राजनीतिक करियर में कई उतार-चढ़ाव देख चुके नेताओं के इस समूह का कहना है कि पार्टी लगातार पराजयों का सामना कर रही है। और ये नेता राहुल गांधी की जातिवादी राजनीति खासकर ओबीसी व दलित की राजनीति को इसके लिए जिम्मेदार ठहरा रहे हैं।

- **इस धड़े का मानना है, कांग्रेस सदा सोशल जस्टिस की वकालत तो करती थी अपने कामकाज में, पर, कभी भी सार्वजनिक मंच पर इसका उद्घोष नहीं करती थी।**
- **इस धड़े का यह भी मानना है कि राहुल गांधी और उनकी टीम, जिसमें एनजीओ, पूर्व आईएएस, कॉर्पोरेट जगत के कुछ भारी भरकम लोग हैं, अव्यवहारिक व "थ्यौरैटिकल पॉलिटिक्स" को ही जानते हैं। पर, अब ये लोग पार्टी को संचालित कर रहे हैं, जिसका उदाहरण है बिहार के प्रभारी अलुवीरा, जो अभी भी यह स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं कि कांग्रेस बिहार में चुनाव बुरी तरह हारी है।**
- **इस धड़े का कहना है कि पार्टी का नारा हमेशा रहा है, "कांग्रेस का हाथ आम आदमी के साथ।" पर, कुछ जातों पर ही फोकस रहने से बाकी जातें, विशेषकर "डोमिनैंट जातें" पार्टी से कट गईं।**

मुख्य रूप से इसलिए क्योंकि ऊँची जातियां ही संसाधनों, ताकत और दबदबे वाली जाति मानी जाती हैं।

यह माना जा रहा है कि बिहार में ब्राह्मणों और अन्य ऊँची जातियों का बहिष्कार कांग्रेस के लिए बहुत महंगा पड़ा, क्योंकि उन्होंने राहुल गांधी के ओबीसी और ईबीसी पर ध्यान केन्द्रित करने के कारण कांग्रेस के खिलाफ वोट दिया।

कांग्रेस के एक वर्ग का मानना है कि अब समय आ गया है कि पार्टी के पुराने और परखे हुए नारे "कांग्रेस का हाथ आम आदमी के साथ" को फिर से अपनाया जाए।

यह नारा समावेशी है, जो जाति या धर्म पर ध्यान नहीं देता बल्कि गरीबों पर ध्यान केन्द्रित करता है, जो हमेशा से कांग्रेस की रीढ़ रहे हैं।

राज्य दर राज्य यह देखा गया है कि न तो ओबीसी ने और न ही दलितों ने कांग्रेस पार्टी को समर्थन या वोट किया है।

एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि कांग्रेस हमेशा सामाजिक न्याय और सामाजिक इंजीनियरिंग में विश्वास करती रही है, उसने उम्मीदवारों को टिकट देने में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव संपन्न, मतगणना शुक्रवार को

जयपुर, 11 दिसंबर। राजस्थान हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव गुरुवार को संपन्न हुए। सुबह 8 बजे से शाम पांच बजे तक हुए मतदान में कुल 4745 वकीलों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतों की गणना शुक्रवार को सुबह 11 बजे से की जाएगी। द बार एसोसिएशन, जयपुर के चुनाव भी शुक्रवार को आयोजित किए जाएंगे।

चुनाव अधिकारी दिनेश पाठक ने बताया कि चुनाव में कुल 5538 पात्र मतदाता थे। इनमें से 4745 मतदाताओं ने वोट डाले। हाईकोर्ट परिसर में मिल रही बम विस्फोट की धमकी को देखते हुए मतदान से पहले जांच एजेंसियों ने कोर्ट परिसर की गहनता से जांच की। हर मतदाता को मेटल डिटेक्टर से गुजरने के बाद ही प्रवेश दिया गया।

- **दी बार एसोसिएशन जयपुर के वार्षिक चुनाव सेशन कोर्ट परिसर में शुक्रवार को होंगे।**

चुनाव में अध्यक्ष पद पर छह प्रत्याशी, राजीव कुमार सोगरवाल, महेन्द्र शांडिल्य, अंशुमान सक्सेना, संगीता शर्मा, इन्द्रेश शर्मा व डॉ. रामरूप

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मैक्सिको ने भी भारतीय सामान पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया

## भारत से निर्यात किया जा रहा ऑटोमोबाइल, टैक्सटाइल, प्लास्टिक, स्टील व इलैक्ट्रॉनिक साज-सामान, जिसकी गिनती लगभग 400 है, को इस टैरिफ से काफी धक्का लगेगा

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 11 दिसंबर। मैक्सिको ने जहाँ 400 भारतीय सामानों के आयात पर 50 प्रतिशत सीमा शुल्क (टैरिफ) लगाया है, वहीं अमेरिका के साथ व्यापार वार्ताएं तेज़ी से आगे बढ़ी हैं, खासकर अमेरिका के उप-व्यापार प्रतिनिधि रिक स्विटज़र के नेतृत्व में एक टीम के नई दिल्ली पहुंचने के बाद अमेरिकी टीम भारतीय प्रतिनिधियों के साथ व्यापार वार्ताओं को फिर से शुरू करेगी, जिसमें विदेश सचिव विक्रम मिसरी भी शामिल होंगे।

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिकी प्रशासन द्वारा भारतीय वस्तुओं पर लगाए गए शुल्क के बावजूद, द्विपक्षीय व्यापार समझौते की उम्मीद जताई है। मैक्सिको ने चीन, वियतनाम और इंडोनेशिया के खिलाफ भी आयात शुल्क की घोषणा की है, लेकिन भारतीय निर्यातकों को, विशेष रूप से ऑटोमोबाइल, वस्त्र, कपड़े, प्लास्टिक, स्टील और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों जैसे क्षेत्रों में भारी नुकसान हो सकता है।

- **जानकारी सूत्रों का कहना है, यह टैरिफ मैक्सिको ने अमेरिका के दबाव में लगाया है।**
- **अमेरिका काफी समय से यह दबाव बना रहा था कि मैक्सिको को यह टैरिफ लगाना चाहिए। क्योंकि काफी समय से भारत, चीन व कुछ अन्य एशियाई देश, जैसे वियतनाम, इंडोनेशिया, मैक्सिको का रास्ता अपनाते हैं, अपना माल अमेरिका में बेचने के लिए।**
- **मैक्सिको सितंबर से ही यह टैरिफ लगाने वाला था, इन देशों पर। चीन के भारी विरोध के कारण कुछ समय के लिए यह कोशिश रूक गई थी, पर, अब यह टैरिफ इन एशियाई देशों पर एक जनवरी से लागू हो जाएगा।**

मैक्सिकन राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबॉम ने कहा कि यह शुल्क पैकेज घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने और बढ़ते व्यापार घाटे को कम करने के लिए है, विशेष रूप से चीन के साथ। मैक्सिको के विधि निर्माताओं ने कहा कि यह कदम स्थानीय आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने और सस्ते आयात पर निर्भरता कम करने के प्रयासों का हिस्सा है। इस टैरिफ से लगभग 3.76 बिलियन डॉलर की अतिरिक्त आय अर्जित होने की उम्मीद की जा रही है, क्योंकि मैक्सिको अपने वित्तीय घाटे को कम करने की कोशिश कर रहा है।

विश्लेषकों का कहना है कि यह

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'अगर एसआईआर में नाम कटे तो रसोई के औज़ार लेकर मुकाबला करना'

## प.बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एसआईआर कवायद पर महिलाओं को उकसाते हुए तीखी टिप्पणी की

- जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 11 दिसंबर। चुनावाधीन पश्चिम बंगाल में स्पेशल इन्टैन्सिव रिवीजन को लेकर तृणमूल कांग्रेस की नेता और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अत्यंत तीखी टिप्पणी की और पश्चिम बंगाल के कृष्णनगर में गुरुवार को राज्य की महिलाओं से कहा कि अगर उनके नाम मतदाता सूची की समीक्षा के दौरान हटाये जाएं तो वे रसोई के उपकरणों के साथ तैयार रहें।

बंगाल के कृष्ण नगर की एक जनसभा में बनर्जी ने कहा, "क्या आप एसआईआर के नाम पर माताओ और बहनो के अधिकार छीनेंगे? वे चुनाव के दौरान दिल्ली से पुलिस लाएंगे और माताओ और बहनो को डराएंगे। माताओ और बहनो, अगर आपके नाम काटे जायें, तो आपके पास रसोई के उपकरण हैं ना। वे उपकरण, जिनका इस्तेमाल आप खाना पकाने में करती हैं। आपके पास ताकत है, ना? अगर आपके नाम काटे जाते हैं तो आप इसे बर्दाश्त नहीं करेंगी, है ना? महिलाएं आगे लड़ेंगी, और पुरुष उनके पीछे रहेंगे।"

उन्होंने यह भी कहा कि वे देखना चाहती हैं कि कौन अधिक शक्तिशाली हैः महिलाएं या भाजपा। "मैं साम्प्रदायिकता में विश्वास नहीं करती। मैं धर्मनिरपेक्षता में विश्वास करती हूं। जब भी चुनाव आता है, भाजपा पैसा इस्तेमाल करने और दूसरे राज्यों से लोगों को लाकर जनता को विभाजित

- **ममता बनर्जी ने कहा कि आपके पास ताकत है, अगर वे आपका नाम काटें तो बर्दाश्त नहीं करना।**
- **बनर्जी ने कहा, मैं देखना चाहती हूँ, कौन ज्यादा ताकतवर है, बंगाल की महिलाएं या भाजपा।**
- **बनर्जी ने कहा, जब भी चुनाव आते हैं, भाजपा दूसरे राज्यों से लोगों को लाती है, पैसा खर्च करती है और लोगों को बांटती है।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# दिल्ली में अब 13 जिले होंगे

नई दिल्ली, 11 दिसंबर। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली सरकार ने बड़ा फैसला किया है। अब दिल्ली में 11 के बजाय 13 जिले होंगे। इन 13 जिलों और इनके तहत आने वाले सब-डिविजन की लिस्ट भी सामने आ गई है। इसके साथ ही राजस्व जिलों और नगर निगम की सीमाएं अब एक जैसी होंगी।

जानकारी के मुताबिक, इस फैसले के पीछे सरकार का मकसद है कि जिलों की प्रशासनिक सीमाएं और नगर निगम के जोन की सीमाएं एक-दूसरे से पूरी तरह मिल जाएं।

- **दिल्ली की मु.मंत्री रेखा गुप्ता ने जिलों की संख्या 11 से बढ़ाकर 13 करने का ऐलान किया और कहा इससे शासन व्यवस्था और सुचारु होगी।**

इस बदलाव से एसडीएम कार्यालयों की संख्या 33 से बढ़ कर 39 हो जाएगी। हर जिले में मिनी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# प्रदेश में एसआईआर समाप्त, 16 दिसंबर को जारी होगी ड्राफ्ट मतदाता सूची

## चुनाव आयोग ने 5 राज्यों व एक केन्द्र शासित प्रदेश में एसआईआर की तारीख बढ़ाई

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 11 दिसम्बर। चुनाव आयोग ने आज बताया कि वोटर सूची की सफाई करने के लिए चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान की अवधि पाँच राज्यों और एक केन्द्र शासित प्रदेश में बढ़ा दी गई है। ये हैं- तमिलनाडु, गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश और अंडमान-निकोबार द्वीप समूह।

गोवा, पुड्डूचेरी, लक्षद्वीप, राजस्थान और पश्चिम बंगाल के लिए गणना (एन्यूमरेशन) की अवधि 11 दिसंबर को समाप्त हो गई और चुनाव आयोग ने इन राज्यों के लिए समय की कोई बढ़ोतरी नहीं की। चुनाव आयोग ने कहा कि इन चार राज्यों की ड्राफ्ट मतदाता सूचियाँ 16 दिसंबर को प्रकाशित की जाएँगी।

बिहार के बाद, अगला बड़ा राजनीतिक टकराव भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और विपक्षी दलों के बीच बंगाल में होगा, जहाँ अगले वर्ष की शुरुआत में चुनाव होने वाले हैं।

गणना की संशोधित समय सीमा इस प्रकार हैंः तमिलनाडु और गुजरात में 14 दिसंबर; मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ और अंडमान-निकोबार में 18 दिसंबर; और उत्तर प्रदेश में 26 दिसंबर।

ड्राफ्ट मतदाता सूचियों के प्रकाशन की नई तिथियाँ हैंः तमिलनाडु और गुजरात के लिए 19 दिसंबर; मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और अंडमान-निकोबार के लिए 23 दिसंबर; और उत्तर प्रदेश के लिए 31 दिसंबर।

इस अवधि -बढ़ोतरी से पहले, चुनाव आयोग ने केरल का कार्यक्रम भी बदला था, जहाँ गणना 18 दिसंबर को समाप्त होगी और ड्राफ्ट मतदाता सूची 23 दिसंबर को प्रकाशित होगी।

यह बढ़ोतरी विपक्षी दलों की कड़ी आलोचना के बीच आई है। विपक्ष का आरोप है कि चुनाव आयोग ने अव्यावहारिक समयसीमा लागू की है, जिससे बूथ लैवल ऑफिसर (बीएलओ) पर भारी बोझ पड़ रहा है और मतदाताओं को भी परेशानी हो रही है।

- **राजस्थान के अलावा गोवा, पुड्डूचेरी लक्षद्वीप और प.बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया 11 दिसंबर को समाप्त हो गई। इन राज्यों की ड्राफ्ट मतदाता सूची 16 दिसंबर को जारी होगी।**
- **जिन राज्यों में एसआईआर की अवधि बढ़ाई गई है, उनमें तमिलनाडु, गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और अंडमान-निकोबार प्रमुख हैं।**

कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, सीपीआई (एम) और समाजवादी पार्टी ने एक सर्वदलीय बैठक में कहा कि चुनाव आयोग ने ज़मीनी हकीकतों को नज़रअंदाज़ किया और जल्दबाज़ी में संशोधन का कार्यक्रम आगे बढ़ाया।

कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने आयोग से 2003 के पुनरीक्षण में इस्तेमाल किए गए अधिक व्यापक कार्यक्रम को अपनाने की मांग की और चेतावनी दी कि संसद में एसआईआर पर चर्चा न करना यह दिखाता है कि सरकार संसद को चलने देने की इच्छुक नहीं है।

इस सप्ताह की शुरुआत तक, चुनाव आयोग के आँकड़ों के अनुसार, 50.8 करोड़ गणना फ़ॉर्म डिजिटाइज़ किए जा चुके थे। करीब 23.22 लाख फ़ॉर्म अभी भी लंबित हैं। एसआईआर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# इंडिगो ने यात्रियों के लिए मुआवज़े की घोषणा की

नयी दिल्ली, 11 दिसंबर। निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने 03, 04 और 05 दिसंबर को लंबे समय तक हवाई अड्डों पर फंसे रहे यात्रियों के लिए मुआवजा और ट्रैवल वाउचर की घोषणा की है।

एयरलाइंस ने गुरुवार को जारी बयान में इस घटना पर खेद व्यक्त किया है। उसने कहा है कि सरकार के दिशा-निर्देशों के मुताबिक, इन यात्रियों को पांच हजार रुपये से 10 हजार रुपये तक मुआवजा दिया जायेगा। मुआवजे की

- **इंडिगो ने 3, 4 और 5 दिसम्बर को हवाई अड्डे पर फंसे यात्रियों के लिए 5 से 10 हजार का मुआवज़ा व दस-दस हजार रु. का ट्रैवल वाउचर देने की घोषणा की।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मोदी सरकार के लिए सुखद समाचार, रूस व अमेरिका में यूक्रेन पर समझौता हुआ

## मोदी सरकार का तनावपूर्ण दुविधा का समय खत्म, जब सरकार के लिए दोनों ताकतों के बीच संतुलन बैठाना काफी कष्टपूर्ण हो गया था

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 11 दिसम्बर। मोदी सरकार के लिए मास्को और वॉशिंगटन से अच्छी खबर आई है क्योंकि रूस ने आज कहा कि यूक्रेन को लेकर अमेरिका के साथ उसके मतभेद सुलझा लिए गए हैं, जबकि एक अमेरिकी समाचार रिपोर्ट ने डॉनल्ड ट्रंप की योजना का उल्लेख किया, जिसके तहत रूस के ऊर्जा प्रवाह को फिर से शुरू किया जाएगा और रुस में प्रमुख अमेरिकी निवेश को चैनलाइज किया जाएगा।

अमेरिका और रूस के बीच मतभेदों का समाधान होने और दोनों देशों के बीच संबंधों का सामान्य होने से, भारत इस दुविधा से मुक्त हो जाएगा कि उसे वॉशिंगटन या मास्को में से किसे आकर्षित करना चाहिए, साथ ही बीजिंग के साथ भारत को अपनी रणनीतिक स्वतंत्रता को लेकर पर्याप्त जगह मिलेगी। भारत स्वतंत्र रूप से अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा कर सकेगा या रूस से तेल आयात कर सकेगा, क्योंकि अमेरिका आने वाले दिनों में प्रतिबंधों को हटा सकता है।

रूस पर अमेरिकी और यूरोपीय यूनियन द्वारा प्रतिबंध लगाने के बाद भारतीय विदेश नीति को चुनौतियों का सामना करना पड़ा था क्योंकि भारतीय कंपनियों द्वारा रूस से तेल आयात करना वॉशिंगटन के लिए एक बहाना बन गया जिसके आधार पर अमेरिकी सरकार ने भारतीय वस्तुओं पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाया था।

रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि इस महीने की शुरुआत में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राजदूत स्टीव विटकॉफ़ के बीच बैठक के बाद सभी "गलतफहमियां" सुलझा ली गई हैं।

लावरोव ने कहा कि वार्ताओं ने "आपसी समझ" की पुष्टि की, जो अगस्त में अलास्का में पुतिन और ट्रंप के बीच शिखर सम्मेलन के दौरान बनी थी।

लावरोव ने कहा, मैं व्यक्तिगत रुप से मानता हूँ कि "अब, अमेरिका के साथ यूक्रेन मुद्दे पर हमारी बातचीत में, गलतफहमियों और संवाद की कमी का समाधान हो गया है।"

रूसी विदेश मंत्री ने कहा कि रूस यूक्रेन में दीर्घकालिक और सतत शांति समझौते को सुनिश्चित करने के लिए दस्तावेजों के पैकेज की मांग करता है, जिसमें सभी पक्षों के लिए सुरक्षा गारंटी हो।

उन्होंने कहा, "हमने अपने अमेरिकी सहयोगियों को सामूहिक सुरक्षा गारंटी के बारे में अतिरिक्त प्रस्ताव सौंपे हैं, हम समझते हैं कि जब हम सुरक्षा गारंटी पर चर्चा करते हैं, तो हमें केवल यूक्रेन तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए।"

उन्होंने यह भी कहा कि यूक्रेन को नाटो सदस्यता दिया जाना रुस स्वीकार नहीं करेगा और मास्को यूक्रेन में रूसी भाषा बोलने वालों की सुरक्षा चाहता है।

लावरोव ने कहा कि विटकॉफ़ की यात्रा ने मास्को और वॉशिंगटन के बीच गलतफहमियों को दूर करने में मदद की, हालांकि क्रेमलिन ने उस समय कहा था कि रूस और अमेरिका यूक्रेन युद्ध समाप्त करने के लिए शांति समझौते पर समझौता नहीं कर पाए थे, जब पुतिन, विटकॉफ़ और जैरेड कुशनर के बीच क्रेमलिन में पांच घंटे की बैठक हुई थी।

- **उदाहरण के लिए, जैसा कि विदित ही है, अमेरिका ने भारतीय सामान पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाया था, क्योंकि भारत, रूस से तेल खरीद रहा था।**
- **अमेरिका व रूस के इस समझौते को 1945 की याल्टा कांग्रेस से तुलना की जा रही है, जब सोवियत यूनियन, अमेरिका व ब्रिटेन ने यूरोप में प्रभाव क्षेत्रों को बांटा था।**
- **अब इस समझौते के बाद, रूस यूरोप को एनर्जी (ऊर्जा गैस व पैट्रोल के रूप में) भेजने के लिए राजी हो गया है तथा यूक्रेन को नाटो की सदस्यता नहीं मिलेगी तथा रूस व अमेरिका संयुक्त रूप से यूक्रेन की सुरक्षा की गारंटी लेंगे।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# फरार लूथरा बंधु थाइलैंड में गिरफ्तार

नयी दिल्ली, 11 दिसंबर। गोवा नाइट क्लब आग हादसे के कुछ ही घंटों बाद भारत से फरार हुए नाइट क्लब के मालिक गौरव और सौरभ लूथरा को थाईलैंड के फुकेट में हिरासत में ले लिया गया है। उन्हें जल्दी ही भारत वापस लाया जाएगा।

विदेश मंत्रालय द्वारा उनके पासपोर्ट सस्पेंड किए जाने के 24 घंटे से भी कम समय बाद उनकी गिरफ्तारी हुई है । पासपोर्ट सस्पेंड होने के बाद उनकी अंतरराष्ट्रीय यात्रा पर रोक लग

- **गोवा नाइट क्लब में हुए अग्निकांड के तुरंत बाद ये दोनों भाई, गौरव व सौरभ लूथरा थाईलैंड भाग गए थे। ये दोनों भाई इस नाइट क्लब के मालिक हैं।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

CMYK

## विचार बिन्दु

कुटुंब की चिंता से परेशां व्यक्ति की कुलीनता, शील और गुण कच्चे घड़े में रखे पानी की तरह है। –संस्कृत सूक्ति

# एसआईआर के सम्बन्ध में चुनाव आयोग का संवैधानिक दायित्व तथा इस प्रक्रिया को कार्यान्वित करने वालों का कर्त्तव्य

देश में लोकतंत्र है और लोकतंत्र की सफलता शुद्ध त्रुटिहीन मतदाता सूची पर निर्भर है। भारत के संविधान में चुनाव आयोग को एक संवैधानिक संस्था का दर्जा दिया है। संवैधानिक के अनुच्छेद 324 में सांसदों और विधायकों के संवैधानिक पदों पर निर्वाचन के लिये मतदाता सूची को तैयार करने व निर्वाचन को संचालित करने, निर्देशन और नियंत्रण का पूर्ण अधिकार/कर्त्तव्य दिया है। अनुच्छेद 326 में यह स्पष्ट कर दिया है कि मतदान करने का अधिकार केवल नागरिकों को दिया है।

एसआईआर की सम्पूर्ण प्रक्रिया बिहार में पूरी हो चुकी है और बिहार के चुनाव भी शान्ति के साथ पूरे हो चुके हैं। फिर भी एसआईआर के विषय में उसकी वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर बहस चल रही है। हाँ सुप्रीम कोर्ट की खण्डपीठ ने बहस के दौरान स्पष्ट शब्दों में कहा है कि चुनावों की असंगति की कोई शिकायत अभी तक किसी भी मतदाता ने या याचिकाओं के प्रार्थियों ने चुनाव आयोग के समक्ष अथवा चुनाव याचिका के माध्यम से पेश नहीं की है।

देश में सभी राज्यों में एसआईआर की प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है। इसकी वैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकायें पेश हो चुकी हैं। इन सब में वही कानूनी बिन्दु उठाये गये हैं जो बिहार के केस में थे। यह भी सत्य है कि नई याचिकाओं में वैधता की चुनौती के अतिरिक्त कर्मचारियों की कार्यशैली की कई शिकायतें पाई गई हैं। कई बीएलओ की हार्ट अटैक से मौतें भी हुई हैं और कुछ कर्मचारियों ने वर्कलोड को लेकर आत्महत्या की है, कुछ व्यक्ति कार्य के बोझ से मानसिक रूप से पीडित बतलाये गये हैं।

बिहार की याचिकाओं में जो कानूनी प्रश्न उनकी वैधताओं के बाबत उठाये थे वे भी पुनः नये केसों में उठाये गये हैं। यह प्रश्न उठाया गया है कि चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है अतः उसके कार्य के सम्बन्ध में Judicial Review नहीं हो सकता तथा स्पेशल रेफरेन्स केस में जो राष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट को गवर्नर के अधिकारों को लेकर, प्रश्नों द्वारा उनकी समीक्षा चाही थी उस केस के आदेश/उत्तर में माननीय कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि गवर्नर का पद संवैधानिक पद है और इनके निर्णय जूडिशियल रिव्यू से परे है।

एसआईआर का विवाद कोर्ट में है, यही विवाद सड़कों पर भी जुलूस व नारों के रूप में देखा जा सकता है तथा संसद में भी वर्तमान सत्र में सुनने को मिला है। न्यूज पेपर भी ऐसे विवाद की चर्चाओं से भरे हुये हैं।

शीघ्र निर्णय की प्रतीक्षा में जनता तमाशा देख रही है। समय-2 पर माननीय सुप्रीम कोर्ट ने कुछ आदेश ऐसे दिये हैं उनसे राहत अवश्यक मिली है। इस समस्या का हल सुप्रीम कोर्ट को ही निकालना है। राहत का यह कार्य माननीय कोर्ट निर्णय, आदेश व निदेशनों के माध्यम से कर रही है।

चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है उसे चुनावों के सम्बन्ध सम्पूर्ण अधिकार व दायित्व दिये गये हैं। संविधान के अनुच्छेद 324 में इसका विशद उल्लेख है तथा अनुच्छेद 324(6) में यह व्यवस्था है कि जब निर्वाचन आयोग ऐसा अनुरोध करे तब राष्ट्रपति या राज्य का राज्यपाल निर्वाचक आयोग या प्रादेशिक आयुक्त को उतने कर्मचारी वृन्द उपलब्ध करायेगा जितने अनुच्छेद 324 के खण्ड (1) द्वारा निर्वाचन आयोग को सौंपे गये कृत्यों के निर्वहन के लिये आवश्यक है। विधानसभा के चुनाव कराने के हेतु राज्यपाल यह कार्य उनकी सरकार के माध्यम से कराते हैं। इस प्रकार एसआईआर की प्रक्रिया को कार्यान्वित करने क हेतु राज्य सरकार अथवा इलेक्शन कमीशन द्वारा भेजे गये राज्य कर्मचारी (बीएलओ) हैं, जिनकी डयूटी है कि वे अपने कर्त्तव्य का निर्वाहन करें।

सुप्रीम कोर्ट की खण्डपीठ, जो मुख्य न्यायाधीश सूर्यकान्त व न्यायाधीश जॉय माल्या से गठित है, उसने तमिलागा कज़गम बनाम इलेक्शन कमीशन ऑफ इण्डिया व अन्य के केस WP(C) NO.1157/2025 में बीएलओ द्वारा डयूटी के सम्बन्ध उठाई गई दिक्कतों के सम्बन्ध में कुछ निदेशन दिये हैं वे महत्वपूर्ण हैं और उचित कदम उनके निराकरण के हेतु राज्य सरकार/चुनाव आयोग को उठाने ही चाहिये। वे अन्तरिम निदेशन हैं, क्योंकि अन्तिम निर्णय तो बहस पूरी सुनने के बाद ही दिये जावेंगे। माननीय खण्डपीठ ने जो अन्तरिम निदेशन दिये हैं वे संक्षेप में निम्नलिखित हैं:-

**संविधान के अनुच्छेद भारत के नागरिक को वयस्क मताधिकार के आधार पर मतदान का अधिकार है। अतः बांग्लादेश से अथवा म्यांमार से भारत में आये हुये व्यक्ति मतदान का अधिकार क्लेम नहीं कर सकते, आधार कार्ड, नागरिकता का प्रमाण नहीं है। ऐसे कई प्रश्न हैं, जिनका निर्णय माननीय सुप्रीम कोर्ट को करना है। बंगाल एसआईआर का प्रथम चरण लगभग पूरा हो चुका है।**

(1) जो कर्मचारी राज्य सरकार/राज्य चुनाव आयोग ने एसआईआर की प्रक्रिया के तहत् चुनाव सम्बन्धित कानूनी प्रावधानों के तहत् अपनी डयूटी निभाने के हेतु डेपुट किये हैं, उनका यह कर्त्तव्य कि वे अपनी डयूटी का निर्वाहन करें।

(2) यदि कोई बीएलओ (कर्मचारी), किसी विशिष्ट कारण से अपनी डयूटी उपस्थिति से Exemption की प्रार्थना करता है तो सक्षम अधिकारी कर्मचारी के प्रार्थना पर विचार करेगा और उसके स्थान पर किसी अन्य कर्मचारी को डयूटी पर लगायेगा, ऐसी प्रत्येक स्थिति पर अलग से विचार होगा, किन्तु इसका यह अर्थ नहीं होगा कि सक्षम अधिकारी ने उसके स्थान पर नये कर्मचारी को नहीं लगाया है तो वह व्यक्ति यह अर्थ नहीं लगायेगा कि उसे अधिकारी ने ँपजीकतूं कर लिया है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने निर्देशन में यह स्पष्ट कहा है कि राज्य को कर्मचारी को डयूटी पर लगाना वैधानिक कर्त्तव्य है और राज्य की यह भी डयूटी है कि चुनाव के कार्य को पूरा करने के हेतु कर्मचारियों की संख्या में कमी अथवा बढ़ोत्तरी करे।

(3) मननीय कोर्ट ने यह भी माना है कि जिन व्यक्तियों (कर्मचारियों) की मृत्यु नौकरी के समय एसआईआर प्रक्रिया के निर्वाहन के समय हुई है, उन्हें क्या हर्जाना मिलेगा, इस बाबत तत्सम्बन्धित व्यक्ति (Aggrieved person) अथवा पिटीशनर बाद में प्रार्थना पत्र पेश कर सकते हैं।

(4) पिटीशनर TVK के वरिष्ठ एडवोकेट ने कोर्ट के समक्ष चिन्ता व्यक्त की कि ऐसे बीएलओ के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही धारा 32 आर पी एक्ट के तहत् की जा रही है जिन्हें एसआईआर प्रक्रिया की समुचित ट्रेनिंग ही नहीं दी गई है, इस प्रकार बीएलओ के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करना Coercive Action है। कई उदाहरणों के द्वारा अपनी बात को रखते हुये सुयोग अधिवक्ता ने कहा कि यह बीएलओ ने छुट्टी के हेतु प्रार्थना पत्र दिया कि उसकी शादी होने वाली है, उसे निलम्बित कर दिया गया और निराशा की स्थिति में उस कर्मचारी ने आत्महत्या कर ली। खण्डपीठ ने कुछ ही शब्दों में बहुत बड़ी बात कह दी। कोर्ट का इशारा था कि दण्डात्मक कार्य भी ऐसी परिस्थितियों में अमानवीय है, सक्षम अधिकारी में मानवीय संवेदना तो होनी चाहिए, उसे ऐसा करने से गुरेज करना चाहिये।

(5) मुख्य न्यायाधीश सूर्यकान्त ने कहा कि यह सच है चुनाव आयोग स्वंय कार्य नहीं कर सकता और यही कारण है उसे राज्य के कर्मचारियों से यह काम कराना होता है, अतः राज्य को अपने कर्त्तव्यों की पालना करनी है, इसलिये यदि किसी व्यक्ति की कोई कठिनाई है तो उसे डयूटी से छूट दी जानी चाहिये। एफआईआर रजिस्टर कैसे की जा सकती है? विलम्ब हो सकता है, मुख्य न्यायाधीश ने कहा जल्दी क्या है?

चुनाव आयोग के वरिष्ठ एडवोकेट मनीन्दर सिंह ने कहा कि तामिलनाडु में 90: फॉर्म दिये जा चुके हैं तथा क्रिमिनल प्रक्रिया उसी स्थिति में चालू की है जहां बीएलओ ने जान-बूझकर अपनी डयूटी देने से मना किया था।

ये कुछ निर्देश सुप्रीम कोर्ट की खण्डपीठ ने दिये हैं। आशा है भविष्य में ऐसी कोई अप्रिय घटना नहीं होगी और एसआईआर की प्रक्रिया मानवीय संवेदना के साथ संवैधानिक व चुनाव कानून के अनुसार पूरी की जावेगी।

चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है और सभी नागरिकों का पावन कर्त्तव्य है कि वे अनुच्छेद 51क(क) में दिये गये मूल कर्त्तव्यों के अनुसार उसकी करें। एसआईआर की प्रक्रिया संविधान के अनुच्छेद 324 के अनुसार सम्पन्न कराना चुनाव आयोग का संविधान कर्त्तव्य है। संविधान के अनुच्छेद भारत के नागरिक को वयस्क मताधिकार के आधार पर मतदान का अधिकार है। अतः बांग्लादेश से अथवा म्यांमार से भारत में आये हुये व्यक्ति मतदान का अधिकार क्लेम नहीं कर सकते, आधार कार्ड, नागरिकता का प्रमाण नहीं है। ऐसे कई प्रश्न हैं, जिनका निर्णय माननीय सुप्रीम कोर्ट को करना है। बंगाल एसआईआर का प्रथम चरण लगभग पूरा हो चुका है। 7.6 करोड़ मतदाताओं के नामों का डिजिटिकरण हो चुका है। 28 से 30 लाख मतदाता को सक्षम अधिकारी के समक्ष साबित करना होगा उन्हें मतदान का अधिकार है जबकि उनके नाम के प्रमाण 2002 की मतदाता सूची से मेल नहीं खाते। इन्हें नोटिस दिये जा चुके हैं। 54.6 लाख मतदाता ऐसे हैं जिनका कोई पता नहीं है, वे मृतक भी हो सकते हैं अथवा कई डुप्लीकेट नाम हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिमी बंगाल के बीएलओ के साथ असहयोग करने वालों के विरूद्ध सख्त अभिव्यक्ति की है और सुप्रीम कोर्ट में चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि यदि हालात बिगड़े तो संविधान चुनाव आयोग को अधिकार देता है कि राज्य पुलिस को अपने अधिकार में ले सकता है।

सुप्रीम कोर्ट देशभर में होने वाली एसआईआर प्रक्रिया पर विचार कर रही है। चुनावों व एसआईआर पर बहस भी संसद में पूरी हो चुकी है।

W.P.(C) No.000640/2025 में दिनांक 10.12.2025 की बहस में कई प्रश्न उठाये गये। खण्डपीठ ने स्वंय भी कई प्रश्न उठाये हैं, बहस चल रही है।

आईये सर्वोच्च न्यायालय के अन्तिम निर्णय की प्रतीक्षा करें तथा चुनाव सुधारों पर देश भर में चर्चा हो, नया चुनाव सुधार कानून बने और देश तीसरी शक्ति बनकर अपनी छवि संसार के समक्ष पेश करे।

सबको सन्मति दे भगवान।

**-अतिथि सम्पादक,**
**पानाचन्द जैन,**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

# रफ्तार का नशा, कानून की हार और सड़कों पर चलता थार का अहंकार



सुनील दत्त गोयल

भारत की सड़कों पर आज एक खतरनाक लेकिन मौन युद्ध चल रहा है-अहंकार और संवेदना का, रफ्तार और जीवन का। रोज़ाना सैकड़ों दुर्घटनाएँ, हजारों जानें और अनगिनत परिवार, इस नए सड़क-संस्कृति के शिकार बन रहे हैं। भारी-भरकम एसयूवी -आर्माडा, आर्माडा ग्रैंड, स्कॉर्पियो, बोलेरो, और नई पीढ़ी की अत्यंत लोकप्रिय एसयूवी 'थार' - अब सिर्फ गाड़ियाँ नहीं रहीं; वे सामाजिक सत्ता और सड़क पर प्रभुत्व का प्रतीक बन चुकी हैं। समस्या वाहन की क्षमता नहीं है। समस्या उस मानसिकता की है, जो यह मान बैठी है कि ताकतवर गाड़ी का मतलब ताकतवर अधिकार है।

एसयूवी में बैठते ही कई लोग एक झूठी श्रेष्ठता महसूस करने लगते हैं- मानो सड़क उनकी निजी जागीर हो और कानून बाकी दुनिया के लिए लिखा गया हो। यह मानसिकता ही दुर्घटनाओं को 'हादसा' नहीं रहने देती, बल्कि उन्हें 'अपराध' में बदल देती है।

**गाड़ी की ताकत नहीं, चालक की सोच खतरनाक है**

भारत में यह भ्रम तेजी से फैल रहा है कि बड़ी गाड़ी का मतलब बड़ी हैसियत है। लेकिन सच्चाई ठीक उलट है। अमेरिका जैसे देशों में हमर जैसी सैन्य स्तर की एसयूवी सड़कों पर सहज रूप से चलती हैं, लेकिन उनकी संस्कृति यह सिखाती है कि वाहन जितना शक्तिशाली होगा, उसकी जिम्मेदारी उतनी बड़ी होगी। वहीं भारत में यही शक्ति कई बार अहंकार का आधार बन जाती है। चालक समझता है कि वाहन की मजबूती उसे कानून से भी ऊपर उठा देती है।

और इसका परिणाम हम रोज़ देखते हैं। दुर्घटना के बाद मदद करना तो दूर, लोग मोबाइल कैमरा निकालकर वीडियो बनाते हैं, रील तैयार करते हैं और सोशल मीडिया पर हीरो बनने के लिए अपलोड कर देते हैं। यह सिर्फ असंवेदनशीलता नहीं- यह समाज के नैतिक चरित्र का ऐसा पतन है जो डराता भी है और शर्मिंदा भी करता है।

**ओवरस्पीडिंग: देश का नंबर-1 कातिल**

भारत सरकार के आंकड़ों के अनुसार, सड़क दुर्घटनाओं में मौतों का सबसे बड़ा कारण ओवरस्पीडिंग है- जो कुल मौतों का लगभग 70 प्रतिशत है। यह संख्या भारत को दुनिया के सबसे खतरनाक यातायात वाले देशों में खड़ा कर देती है। विडंबना यह है कि जिस चीज़ से सबसे ज्यादा जानें जा रही हैं, उसी को हम तेज़ी से ग्लैमराइज भी कर रहे हैं।

आज के विज्ञापन रफ्तार को सफलता, ताकत, मर्दानगी और रुतबे का प्रतीक बनाकर बेच रहे हैं। 0 से 100 कुछ सेकंड में, फास्टेस्ट इन द सेगमेंट, अनलिमिटेड पावर जैसी पंक्तियाँ युवाओं को यह संदेश देती हैं कि जिम्मेदारी नहीं, रफ्तार ही उपलब्धि है। जब गाड़ी को रेसिंग मशीन की तरह प्रचारित किया जाता है, तो चालक स्वाभाविक रूप से उसे रेसिंग मशीन की तरह चलाने की मनोवैज्ञानिक प्रवृत्ति विकसित कर लेता है।

**कानून 120 बोलता है, विज्ञापन 300 चिल्लाते हैं**

यह विरोधाभास बेहद खतरनाक है कि भारत में अधिकतम कानूनी गति सीमा 100-120 / है, लेकिन बाजार में 250-300 / की क्षमता वाली गाड़ियाँ बेची जाती हैं। यह सवाल उठना ही चाहिए कि यदि सड़कें और कानून इतनी रफ्तार के लिए बनाए ही नहीं गए, तो फिर कंपनियों को ऐसी गाड़ियाँ क्यों बनाने दी जाती हैं?

सरकार सड़क सुरक्षा पर करोड़ों खर्च करती है, जागरूकता अभियान चलाती है, और दूसरी ओर गाड़ियों के विज्ञापन जनता को यह बताकर आकर्षित करते हैं कि तेज़ गाड़ी चलाना शक्ति का प्रमाण है।

कानून कहता है, धीरे चलो; विज्ञापन कहते हैं, तेज़ दौड़ाओ। इस दोहरी नीति ने विशेषकर युवाओं के मन में यह भ्रम पैदा कर दिया है कि तेज़ चलाना किसी कौशल का प्रमाण है, जबकि धीमी गति दुर्बलता का प्रतीक।

भारत सरकार ने सख़्त कानून बनाए- लेकिन लागू नहीं होने दिए गए

2020 में संशोधित मोटर व्हीकल एक्ट को सड़क सुरक्षा का सबसे बड़ा सुधार माना गया। भारी जुर्माने, त्वरित लाइसेंस निलंबन और दोबारा अपराध पर जेल जैसी व्यवस्थाओं ने शुरुआत में अच्छा असर भी दिखाया। कई राज्यों में दुर्घटनाएँ 5-12 प्रतिशत तक कम हुईं। ऐसा लगा कि भारत अब सड़क सुरक्षा को गंभीरता से लेकर आगे बढ़ रहा है।

लेकिन जैसे ही कानून सख़्ती से लागू होने लगा, राजनीतिक दबाव, ट्रांसपोर्ट लॉबी का विरोध, और जनता की नाराज़गी के नाम पर कई राज्यों ने कानून को कमजोर कर दिया। कुछ राज्यों ने जुर्माने घटा दिए, कुछ ने नियमों को ढीला कर दिया, और कुछ ने इसे पूरी तरह ठंडे बस्ते में डाल दिया। इस तरह कानून कागजों में सख्त रहा, लेकिन जमीन पर उसका असर खत्म हो गया। अपराधी वर्ग को यह साफ संदेश मिला कि कानून बनेगा जरूर, लेकिन लागू नहीं होगा। जब सज़ा का डर खत्म हो जाता है, तो अपराध सिर्फ बढ़ता नहीं, बल्कि सामान्य व्यवहार बन जाता है।

**गाड़ी का बढ़ना समस्या नहीं, विवेक का घटना समस्या है**

एसयूवी का इतिहास भारत में नया नहीं है। आर्माडा, आर्माडा ठौंड, बोलेरो, स्कॉर्पियो- ये सभी गाड़ियाँ दशकों से सड़कों पर हैं। लेकिन इनका दुरुपयोग और सड़क पर दादागिरी का व्यवहार पिछले कुछ वर्षों में तीव्र हुआ है। इसका सीधा संबंध उस सामाजिक मानसिकता से है, जो गाड़ी की ऊँचाई को व्यक्तिगत श्रेष्ठता का प्रमाण मान लेती है। समस्या वाहन की बनावट में नहीं है; समस्या उस मनोविज्ञान में है जो गाड़ी को चलाने की जिम्मेदारी की बजाय शक्ति-प्रदर्शन का साधन मान लेती है।

जब व्यक्ति अपने वाहन को दूसरों पर प्रभाव जमाने का उपकरण बना लेता है, तो वह सड़क को सार्वजनिक स्थान नहीं, बल्कि व्यक्तिगत अखाड़ा समझने लगता है। यही वह बिंदु है जहाँ गाड़ी एसयूवी नहीं रहती-वह सड़क पर चलती हुई धमकी बन जाती है।

**समाधान जागरूकता में नहीं, निर्णायक कार्रवाई में है**

भारत में सड़क सुरक्षा सुधार अब केवल जागरूकता अभियानों, पोस्टरों और स्लोगनों से आगे बढ़कर गहरे, निर्णायक और निरंतर कानून-प्रवर्तन की मांग करता है। सड़क सुरक्षा का अर्थ यह नहीं कि केवल चालकों को समझाया जाए; इसका अर्थ यह है कि समाज, कानून-व्यवस्था, उद्योग और सरकार सभी मिलकर जिम्मेदार व्यवहार को अनिवार्य करें।

सख़्त प्रवर्तन-जैसे तेज़ रफ्तार पर तत्काल चालान, लाइसेंस का निलंबन, दोहराए गए अपराध पर जेल और रोड रेज को गंभीर अपराध की श्रेणी में रखना- तभी प्रभावी होंगे जब ये नियम सभी पर समान रूप से लागू किए जाएँ और राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त हों।

**अंत में - स्टीयरिंग हाथ में है, पर ज़िंदगी नहीं**

जब किसी व्यक्ति के भीतर स्वयं की सुरक्षा की गारंटी का भाव होता है - जैसे मन में पुलिस की वर्दी, वकील की वर्दी, बड़ी गाड़ी में बैठा बड़ा आदमी होने का एहसास, या महिला होने के नाते दहेज-विरोधी कानून या एट्रोसिटी एक्ट का संरक्षण, या फिर अनुसूचित जाति/जनजाति से जुड़े एट्रोसिटी अधिनियमों का सहारा - तो ये सब कहीं न कहीं व्यक्ति विशेष को एक सुरक्षा का आवरण अवश्य प्रदान करते हैं।

और इसी सुरक्षा के आवरण के भीतर ही छुपी होती है उसकी क़ानूनी दुर्गति, उसका दुरुपयोग और उसका अहंकार। बाद में, ऐसे व्यक्ति विशेष में यह भाव हमेशा बना रहता है कि वह अपने आप को इतना सुरक्षित महसूस करते हैं कि हम कुछ भी कर लें, हमारा कुछ नहीं बिगड़ेगा।

और यह भावना केवल उनमें ही नहीं, बल्कि उन सभी में होती है जो ऐसे कानूनों के सुरक्षा कवच के विशेषाधिकार प्राप्त हैं या हकदार हैं। जिनके बारे में बाद में, एक-एक कर आर्टिकल लिखता रहूंगा।

क्योंकि, थार में बैठा व्यक्ति भी पूर्णतः यह सुरक्षित महसूस करता है कि किसी भी विषम परिस्थिति में वह जिंदा रहेगा, चोटिल नहीं होगा। अगर गाड़ी का एक्सीडेंट हो भी जाए, तो उसके पास इंश्योरेंस का सुरक्षा कवच है जो उसकी गाड़ी के नुकसान की भरपाई कर देगा। और सामने यदि कोई व्यक्ति मर भी गया, तो भी उसके दायित्वों की पूर्ति इंश्योरेंस कंपनी करेगी।

इस प्रकार, जब किसी व्यक्ति विशेष में सुरक्षा का भाव जागृत होता है, तो वह सामने वाले को असुरक्षित करने से कभी नहीं चूकता।

गाड़ी चाहे स्कॉर्पियो हो, बोलेरो, आर्माडा हो या थार- खतरा वाहन में नहीं, चालक की मनःस्थिति में छिपा है। जो व्यक्ति एसयूवी में बैठते ही खुद को सड़क का राजा समझने लगता है, वह यह भूल जाता है कि सड़क प्रभुत्व दिखाने की जगह नहीं, साझा जीवन-क्षेत्र है। स्टीयरिंग आपके हाथ में है- पर सामने वाले की जिंदगी नहीं। रफ्तार का रोमांच कभी किसी जीवन के मूल्य से बड़ा नहीं हो सकता।

मैं स्वयं कई बार यह सोचता हूं कि शायद आनंद महिंद्रा साहब और उनकी कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड, तथा उनकी डिज़ाइनिंग टीम ने इतनी खूबसूरत गाड़ी बनाते समय यह नहीं सोचा होगा कि यह गाड़ी भारत की सड़कों पर जानलेवा साबित हो सकती है।

मैं उनसे गुज़ारिश करूंगा, क्योंकि आप एक बहुत बड़ी कंपनी हैं, आप टीवी, मीडिया या सोशल मीडिया के माध्यम से एक अपील ज़रूर करें - कि जितने भी लोग इस गाड़ी के स्वामी हैं, वे संयम और संवेदनशीलता बरतें। यह गाड़ी उनकी अपनी सुरक्षा के लिए दी गई है, दूसरों के परिवार उजाड़ने का उन्हें कोई अधिकार नहीं है।

भारत अगर सच में डिजिटल इंडिया के साथ जिम्मेदार इंडिया बनना चाहता है, तो सड़क पर संवेदना, अनुशासन और कानून- तीनों को साथ लेकर चलना होगा। तभी हमारी सड़कें अहंकार का मैदान नहीं, सुरक्षित भविष्य का मार्ग बन सकेंगी।

**-रोटेरियन सुनील दत्त गोयल,**
**महानिदेशक, इम्पीरियल चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री**
**पूर्व उपाध्यक्ष, जयपुर स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, जयपुर, राजस्थान**

# क्या मैं केवल निवेशक हूँ - मेरी भाषा मेरी पूंजी है



राजेन्द्र जोशी

राजस्थान में इन दिनों प्रवासी राजस्थानियों को आमंत्रित किया जा रहा हैं। उनके लिए राजस्थान ने प्रदेश में प्रवासी राजस्थानी दिवस निर्धारित किया गया है। और यह आवाह्न किया है कि आप अपने प्रदेश में निवेश कर रोजगार के अवसर पैदा कर विकास में योगदान दे। देश-विदेश में रहने वाले राजस्थानी भी अपनी माटी की ओर आने को आतुर है, प्रवासी राजस्थानी जब अपनी माटी की ओर आ रहे हैं तो वह अपनी भाषा नहीं बोल पाएंगे, अपनी संस्कृति की बात नहीं कर पाएँगे। यह विडंबना है कि निवेश तो वह राजस्थान में करें लेकिन वह अपनी भाषा में निवेश नहीं कर पाएंगे, सैकड़ो प्रवासी राजस्थानी अपने-अपने स्थान से बार-बार यह मांग कर रहे हैं कि हम दुनिया भर में राजस्थान का डंका बजा रहे हैं, राजस्थान में आने की इच्छा रखते हैं। उनका कहना है कि दुनिया भर के लोग राजस्थान के लोगों और राजस्थानी भाषा का मान सम्मान कर रहे हैं। परंतु भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार हमारी मातृभाषा को मान सम्मान कब देगी।

अच्छा होता कि राजस्थान सरकार प्रवासी राजस्थानी दिवस के दिन सबसे पहले मंच से राजस्थानी भाषा को दूसरी राजभाषा बनाने की घोषणा करती। और भारत सरकार से यह मांग करते कि राजस्थान विधान सभा ने 2003 में आपको सर्वसम्मति से जो प्रस्ताव भेजा था, राजस्थानी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया जाए उस पर भारत सरकार शीघ्र निर्णय करे।

प्रवासी राजस्थानी दिवस के मंचों पर भाषण देने वाले राजनेताओं और अधिकारियों ने विकास, निवेश, रोजगार और बुनियादी ढांचे की बात तो भरपूर की, पर राजस्थानी भाषा की औपचारिक मान्यता का मुद्दा लगभग पूरी तरह गायब रहा। किसी ने यह प्रश्न नहीं उठाया कि जो प्रवासी राजस्थानी अपनी पहचान पर गर्व करते हैं, प्रवासी राजस्थानी दिवस के दिन भारत सरकार राजस्थानी भाषा को मान्यता देकर दुनिया भर में रहने वाले लगभग 12 करोड़ राजस्थानियों को तोहफा देते।

राजस्थानी होने पर गर्व किया जा रहा है, खुद को राजस्थानी बताकर हम सब एक लोक संस्कृति में जिंदगी बिताने का गौरव हासिल किए हुए हैं। प्रवासी राजस्थानी दिवस के दिन लोकसभाध्यक्ष सहित अनेक केंद्रीय मंत्री कार्यक्रम में तो शामिल हुए, लेकिन दुख हुआ जब उनके साथ मंच से बोलने वाले किसी भी राजनेता या अफसर ने राजस्थानी भाषा मान्यता की बात नहीं की। परंतु प्रवासी राजस्थानियों के मन में आज भी भाषा की पीड़ बनी हुई है कि हमारी भाषा को लेकर कोई भी व्यक्ति मंच से बात तक नहीं कर रहा।

यदि उसी क्षण उसकी मातृभाषा मंच से नदारद रहे, उसकी बोली में बोलने-लिखने को प्रतिष्ठा न मिले, तो उसके भीतर एक गहरा प्रश्न उठता है - क्या मैं केवल निवेशक हूँ?

राजस्थान के विकास के लिए राजस्थान सरकार संकल्पित है। प्रदेशवासी और सभी राजस्थानी भी चाहते हैं कि राजस्थान प्रदेश का शैक्षिणक, साहित्यिक, सांस्कृतिक और औद्योगिक क्षेत्र में विकास होना चाहिए। कौन नहीं चाहता कि उसके शहर, जिले, प्रदेश और फिर देश का विकास ना हो। किसी भी प्रदेश का विकास उसकी भाषा साहित्य एवं संस्कृति के माध्यम से ही संभव हैं।

प्रवासी राजस्थानी दिवस जैसे महत्त्वपूर्ण अवसर पर राज्य सरकार मंच से यह घोषणा करती कि राजस्थानी को प्रदेश की दूसरी राजभाषा बनाया जाएगा, या कम-से-कम यह आश्वासन देती कि आठवीं अनुसूची में शामिल कराने के लिए एक बार फिर संगठित रूप से भारत सरकार के समक्ष प्रस्ताव रखा जाएगा। यदि ऐसा होता, तो प्रदेश को एक ऐतिहासिक तोहफा होता और प्रवासी राजस्थानी दिवस की सार्थकता कई गुना बढ़ जाती।

जब इस प्रश्न का सकारात्मक उत्तर मिलेगा, तभी प्रवासी राजस्थानी वास्तव में यह महसूस करेंगे कि वे न केवल अपनी माटी में निवेश कर रहे है, बल्कि अपनी मातृभाषा में भी निवेश कर रहे हैं भाषा की उपेक्षा अंततः उस सांस्कृतिक पूँजी की उपेक्षा है, जो किसी भी प्रदेश को विशिष्ट पहचान और आत्मबल देती है। प्रवासी राजस्थानी की पीड़ा और संभावित रास्ते प्रवासी राजस्थानी आज भी अपने मन में यह पीड़ा लिए हुए हैं कि जिस दिन उनके नाम पर उत्सव मनाया जाता है, उसी दिन उनकी भाषा पर मौन साध लिया जाता है। यह स्थिति केवल शिकायत करने की नहीं, बल्कि रचनात्मक हस्तक्षेप की माँग करती है।

भाषा की मान्यता विकास के विरुद्ध नहीं, बल्कि विकास की आधारशिला है। निष्कर्ष की जगह एक सवाल राजस्थानी होने पर जो गर्व आज हर राजस्थानी के भीतर जाग रहा है, वह केवल भौगोलिक पहचान नहीं, एक लोक संस्कृति में रचे-बसे जीवन का गौरव है।

**-राजेन्द्र जोशी,**
**शिक्षाविद-साहित्यकार**

## राशिफल शुक्रवार 12 दिसम्बर, 2025



पंडित अनिल शर्मा

पौष मास, कृष्ण पक्ष, अष्टमी तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2082, उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र शनिवार प्रातः 5:50 तक, प्रीति योग दिन 11:11 तक, कौलव करण दिन 2:57 तक, चन्द्रमा आज प्रातः 10:21 से कन्या राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-वृश्चिक, चन्द्रमा-सिंह, मंगल-धनु, बुध-वृश्चिक, गुरू-मिथुन, शुक्र-वृश्चिक, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह राशि में।


आज शुक्र वृद्धत्व आरम्भ प्रातः 8:00 पर होगा।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर सूर्योदय से 8:28 तक, लाभ-अमृत 8:28 से 11:03 तक, शुभ 12:20 से 1:38 तक, चर 4:18 से सूर्यास्त तक।


**राहूकाल:** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 7:10, सूर्यास्त 5:30 तक




**मेष**
परिवार में चल रहे आपसी मतभेद दूर होंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।



**वृष**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। समय रचनात्मक कार्यों में व्यतीत होगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**मिथुन**
घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक अड़चनें दूर होने लगेंगी।




**कर्क**
आर्थिक/वित्तीय मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।




**सिंह**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।



**कन्या**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनःस्थिति में सुधार होगा। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**तुला**
व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखें। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ रहेगी और मन में असंतोष बना रहेगा। आज घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है।




**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी।




**धनु**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ रहेगी।



**मकर**
अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।



**कुंभ**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। आज आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा टालना ठीक रहेगा।



**मीन**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आज परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

# पुलिस ने छात्राओं को आत्मरक्षा और साइबर सुरक्षा का प्रशिक्षण दिया

## गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल बस्सी में छात्राओं के लिए एक महत्वपूर्ण जागरूकता एवं क्षमता-विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ

**जयपुर।** पुलिस और युवाओं को जोड़ने के उद्देश्य से प्रदेश भर में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत गुरुवार को गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल बस्सी में छात्राओं के लिए एक महत्वपूर्ण जागरूकता एवं क्षमता-विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा द्वारा दिए गए निर्देशों के अंतर्गत यह पहल युवा सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है।

यह कार्यक्रम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कम्युनिटी पुलिसिंग सुनीता मीणा के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ। इसमें छात्राओं को मुख्य रूप से आत्मरक्षा की तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। ताकि वे वास्तविक परिस्थितियों में स्वयं की सुरक्षा कर सकें। कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की मास्टर ट्रेनर लाजवंती सुशीला व अन्य ने विभिन्न आत्मरक्षा तकनीकों का प्रभावशाली डेमो प्रस्तुत किया, जिसकी छात्राओं ने सराहना की।

प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को राजकॉप सिटीजन एप्प और विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त महिलाओं से संबंधित महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों, सुरक्षा उपायों और अपने अधिकारों के संरक्षण के विषय में भी गहनता से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम का एक प्रमुख हिस्सा साइबर सुरक्षा पर केंद्रित रहा। जहां छात्राओं को ऑनलाइन फ्रॉड, स्टॉकिंग और साइबर बुलिंग जैसी बढ़ती चुनौतियों से बचाव के लिए महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया गया।

इस पहल को छात्राओं ने बेहद सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। उनका कहना था कि ऐसे प्रशिक्षण से उनमें आत्मविश्वास का संचार होता है और वे अब पहले से कहीं अधिक जागरूक एवं सशक्त महसूस करती हैं। राजस्थान पुलिस की यह कम्युनिटी पुलिसिंग पहल युवाओं से सीधा संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षित, जागरूक एवं सक्षम नागरिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और सराहनीय प्रयास है।


पुलिस ने छात्राओं को आत्मरक्षा और साइबर सुरक्षा का प्रशिक्षण दिया।

■ राजस्थान पुलिस की कम्युनिटी पुलिसिंग पहल युवाओं से सीधा संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षित, जागरूक एवं सक्षम नागरिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और सराहनीय प्रयास है।

# राजीविका व मंजरी फाउंडेशन के बीच हुआ एमओयू



राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) और मंजरी फाउंडेशन के मध्य गुरुवार को एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन स्ताक्षिरत किया गया।

**जयपुर।** राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) और मंजरी फाउंडेशन के मध्य गुरुवार को एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन स्ताक्षिरत किया गया। यह साझेदारी ग्रामीण क्षेत्रों में महिला-संचालित उद्यमों को अधिक सक्षम, संगठित और बाज़ार-उन्मुख बनाने की दिशा में एक उल्लेखनीय कदम है।

■ महिला-संचालित ग्रामीण उद्यमों के सशक्तिकरण को मिलेगा नया आयाम

कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रेया गुहा, अतिरिक्त मुख्य सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा की गयी। नेहा गिरि, स्टेट मिशन डायरेक्टर, राजीविका, तथा संजय कुमार कार्यकारी निदेशक, मंजरी फाउंडेशन, द्वारा हस्ताक्षर कर का आदान प्रदान किया गया। उपरोक्त अवसर पर प्रीति सिंह, प्रोजेक्ट डायरेक्टर (एडमिन), राजीविका, स्टेट प्रोजेक्ट मैनेजर्स, राजीविका एवं राजीविका तथा मंजरी फाउंडेशन के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

मंजरी फाउंडेशन द्वारा प्रस्तुत सहयोग मॉडल के अंतर्गत महिला-संचालित उद्यमों को संस्थागत विकास, नेतृत्व क्षमता, उत्पादन गुणवत्ता, पैकेजिंग, ब्रांडिंग, डिजिटल मार्केटिंग, बाज़ार संपर्क और अनुपालन जैसे अनेक आयामों में उन्नत प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। यह सहयोग उद्यमों को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने, उनकी बाजार-पहुँच बढ़ाने और मजबूत व्यावसायिक पहचान स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# साइबर ठगों ने वॉट्एप पर लिंक भेज की 12 करोड़ की ठगी

**जयपुर।** साइबर ठगों ने ज्वेलर के वॉट्सएप पर इंवेस्टमेंट करने का लिंक भेज करोड़ो रुपए की धोखाधड़ी कर ली। धोखाधड़ी का एहसास होने पर पीड़ित ने मामले की जानकारी एसओजी को दी ओर अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया। एसओजी ने अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है।

गौरतलब है की आदर्श नगर निवासी 63 वर्षीय बिजनेसमैन के मोबाइल पर गत दिनों पहले उसे वॉट्सएप पर कृतिका ठाकुर नाम की लड़की का मैसेज आया। मैसेज में गोल्ड ट्रेडिंग में इंवेस्टमेंट करने का लिंग आया। पीड़ित ने लिंक खोला तो उसमें गोल्ड ट्रेडिंग और बेहतर रिटर्न करना दिखा गया। भरोसा कर वेबसाइट पर लॉगिन आईडी बनाकर साइनअप कर दिया। पीड़ित ने कस्टमर सर्विस पर मैसेज कर इंवेस्टमेंट के बारे में पूछता की। इस पर कस्टमर सर्विस वालों ने आईडी पर अलग-अलग बैंक अकाउंट की डिटेल भेज दी।7 अक्टूबर को गोल्ड ट्रेडिंग के लिए 5 लाख रुपए का इन्वेस्ट कर दिया। आईडी के वर्चुअल वॉलेट में 5 लाख का अपडेट कर दिया। दिन की ट्रेडिंग खत्म होने पर वर्चुअल वॉलेट में करीब 15 प्रतिशत प्रॉफिट सहित बढ़ी रकम अपडेट मिली।कस्टमर सर्विस पर उसे 36 प्रतिशत प्रॉफिट की ट्रेडिंग के बारे में बताया गया। 1 से 3 महीने तक के निवेश के लिए सुझाव दिया गया। पीड़ित ने साइबर ठगों की बातों में आकर 4 नवंबर तक लगातार ट्रेडिंग के लिए 6 करोड़ रुपए इंवेस्ट कर दिए। इसके बदले उसे वर्चुअल वॉलेट में करीब 9 करोड़ 42 लाख रुपए अपडेट दिखाई दिए। पीड़ित ने 7 नवंबर को विड्रॉल का आवेदन किया। इस पर साइबर ठगों ने जमा राशि का 30 प्रतिशत इनकम टैक्स देने की बात कही और 7 दिन में इनकम टैक्स के रुपए जमा नहीं करवाने पर 2 प्रतिशत प्रतिदिन के हिसाब से पेनल्टी देने का भय पैदा किया।

# लगातार चौथे दिन हाई कोर्ट को बम की धमकी मिली

## मुकदमों की सुनवाई रूकी, बार एसोएिशन चुनाव जारी रहे

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकियां रुक नहीं रही हैं। हाईकोर्ट प्रशासन को गुरुवार को छठी बार ईमेल भेजकर बम धमाका करने की धमकी दी गई। वहीं, बीते चार दिनों से रोजाना सुबह इस तरह की धमकी दी जा रही है।

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव को देखते हुए कोर्ट खुलने से पूर्व , परिसर में गहनता से जांच की गई। इसके बाद सुबह आठ बजे से मतदान शुरू हुआ। जब न्यायाधीशों ने मुकदमों की सुनवाई आरंभ की, उसके बाद ईमेल की जानकारी मिली। इस पर सुनवाई बंद कर हाईकोर्ट के मुख्य परिसर की गहनता से जांच की गई।

हाईकोर्ट चौकी प्रभारी सुमेर सिंह ने बताया कि बम की सूचना मिलते ही पुलिस के बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड ने पूरे हाईकोर्ट परिसर के चप्पे-चप्पे की जांच की। लेकिन तलाशी में कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। बीते डेढ़ माह में आधा दर्जन बार धमकी भरा ई-मेल मिलने के बाद भी भेजने वाले का सुराग नहीं मिलने पर वकीलों ने नाराजगी जताई है। दी बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव अनूप पारीक ने कटाक्ष करते हुए कहना है कि अब तो हाईकोर्ट प्रशासन को अपने स्तर पर ही प्रशिक्षित डॉग्स और बम निरोधक दस्ता रख लेना चाहिए और रोजाना अपने स्तर पर ही परिसर की जांच कर लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह बड़े शर्म की बात है कि बीते करीब 45 दिन से हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी जा रही हैं और अब तक कोई सुराग नहीं मिल सका है। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष प्रहलाद शर्मा ने हाईकोर्ट को बार-बार धमकी दिये जाने के बारे में कहा कि रोजाना की धमकियों के बाद एक बात को साफ हो गई है कि या तो कोई व्यक्ति मज़ाक के मूड ऐसा कर रहा है या फिर आए दिन धमकी भरा मेल भेजकर हाईकोर्ट प्रशासन और जांच एजेंसियों को इसके प्रति उदासीन बनाकर बाद में बड़ी घटना को अंजाम देने की तैयारी कर रहा है, लेकिन जो भी हो, यह जांच एजेंसी का सबसे बड़ा फेलियर है कि रोज कोई हाईकोर्ट में बम होने की धमकी दे देता है और अभी तक उसका पता तक नहीं चल पाया है।

इसी बीच यह भी पता चला कि सांगानेर के कॉन्टिनेन्टल होटल को भी ईमेल भेज कर बम से उड़ाने की धमकी दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस के डॉग स्क्वॉड व बम निरोधक दस्ते ने दो घंटे तक होटल की तलाशी ली, पर कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

■ पुलिस के बम निरोधक दस्ते व डॉग स्क्वॉड ने हाई कोर्ट परिसर के चप्पे-चप्पे की जाँच की। कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

■ सांगानेर के कॉन्टीनैंटल होटल को बम से उड़ाने की धमकी मिलने की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही पुलिस के डॉग स्क्वॉड निरोधक दस्ते ने दो घंटे तक होटल की तलाशी ली, पर कुछ नहीं मिला।

# खरीददारी करने के बहाने चुराई चेन

**जयपुर।** झोटवाड़ा थाना इलाके में कार सवार शातिर बदमाश ज्वैलर्स की दूकान पर खरीददारी करने के बहाने से पहुंचा और लाखों रुपयों की सोने की चेन पहन कर फरार हो गया। आरोपी के आंखों से ओझल हो जाने के बाद पीड़ित ज्वेलर्स ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने अज्ञात कार सवार बदमाश के खिलाफ मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उसकी तलाश शुरु कर दी है।

एसीपी अलोक सैनी ने बताया कि थाना इलाके में स्थित निवारु रोड़ पर पीड़ित मनोज रतन यश नाम से ज्वेलरी की दुकान चलता है। गुरुवार देर शाम कार सवार एक युवक पीड़ित की दुकान पर पहुंचा और सोने के आभुषण दिखाने के लिए कहा। पीड़ित ने कई प्रकार की ज्वेलरी आरोपी युवक को दिखाई। लेकिन नई डिजाइन का झांसा देकर आरोपी ने पीड़ित बाहर से ओर भी सोने के आभुषण मंगवाए। करीब दो घंटे तक आरोपी अलग-अलग ज्वेलरी दिखाने की मांग करता था। पीड़ित मनोज ने आरोपी की बातों में आकर शहर से अन्य सोने के आभुषण मंगवाए। शहर से आई सोने की चैन को आरोपी ने अपने गले में डाली और दुकान में लगे शीशे में खुद को निहारता रहा। कुछ देर बाद ही आरोपी मोबाइल फोन पर बात करते हुए दुकान से बाहर निकला और फरार हो गया। आरोपी का कुछ देर तक इंतजार करने के बाद पीड़ित ने आरोपी की आसपास तलाश की । जिसके बाद पीड़ित ने मामले की जानकारी पुलिस को दी।

कार के आधार पर आरोपी की तलाश

एसीपी आलोक सैनी ने बताया कि चैन का सही वजन और उसकी कीमत के बारे में फिलहाल कोई जानकारी हाथ नही लगी है। पुलिस ने शातिर बदमाश के खिलाफ मामला दर्ज कर कार व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तलाश शुरु कर दी है।

# उद्घाटन 14 दिसंबर को

**जयपुर।** श्री भन्दे के बालाजी धाम श्री हनुमान चालीसा प्रबंध समिति की ओर से भक्तों को सचित्र अर्थ सहित हनुमान चालीसा भेंट करने के पवित्र अभियान के अंतर्गत नए कार्यालय का उद्घाटन भांकरोटा में 14 दिसंबर को किया जाएगा।इस अवसर पर सुबह से 108 हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ संपन्न किए जाएंगे। श्रद्धालुओं के अलावा विद्यालयों के बच्चों और विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग उपस्थित रहेंगे।समिति के संस्थापक संत अमरनाथ महाराज ने बताया कि हर घर तक अर्थ सहित हनुमान चालीसा पहुंचाने के महाअभियान को व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ाने के लिए इस कार्यालय की स्थापना

# समेकित बाल विकास सेवाओं की समीक्षा बैठक आयोजित

**जयपुर ।** उप मुख्यमंत्री एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता में गुरुवार को सचिवालय में समेकित बाल विकास सेवाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में प्रमुख शासन सचिव भवानी सिंह देथा, निदेशक वासुदेव मालावत सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में दिया कुमारी ने निर्देश दिए कि नव नियुक्त महिला पर्यवेक्षकों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को आईटी एनेबल्ड (-) प्रशिक्षण प्रदान किया जाए, ताकि सेवा प्रदायगी की गुणवत्ता में और अधिक सुधार किया जा सके। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण नियमित रूप से उपलब्ध करवाया जाना चाहिए तथा प्रशिक्षण प्रक्रिया को पूरी तरह आईटी आधारित बनाया जाए।

उप मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी सहायिकाओं, कार्यकर्ताओं, महिला पर्यवेक्षकों, सीडीपीओ और उपनिदेशकों के क्षमता संवर्धन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही उन्होंने प्रदेश में आंगनबाड़ी केंद्रों के आधारभूत और ढांचागत विकास को गति देने के लिए प्रभावी कदम उठाने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आंगनबाड़ी केंद्रों में शौचालय, पेयजल और विद्युत जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है और संबंधित कार्यों को तेजी से पूर्ण किया।

# थानों का आकस्मिक निरीक्षण किया

**जयपुर।** पुलिस आयुक्त सचिन मित्तल ने गुरुवार शाम आदर्श नगर सर्किल के थानों का आकस्मिक निरीक्षण किया। वे क्रमशः जवाहर नगर, आदर्श नगर और ट्रांसपोर्ट नगर थानों में पहुंचे और वहां की व्यवस्थाओं, लंबित प्रकरणों, बीट सिस्टम तथा अपराध नियंत्रण की स्थिति का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थानों में आने वाले आमजन की सुनवाई, रिकॉर्ड संधारण, स्टाफ की उपस्थिति, सीसीटीवी मॉनिटरिंग, महिला सुरक्षा से जुडे मामलों और गैंग, हिस्ट्रीशीटर व लिस्टेड अपराधियों पर की जा रही कार्रवाई की भी समीक्षा की।

# 'सांस्कृतिक धरोहर व आधुनिक विकास यात्रा को साथ लेकर आगे बढ़ाना सरकार की प्राथमिकता'

**जयपुर ।** उपमुख्यमंत्री एवं पर्यटन, कला एवं संस्कृति मंत्री दिया कुमारी ने कहा कि राजस्थान पर्यटन लगातार नए माइलस्टोन स्थापित कर रहा है और विश्व पर्यटन मानचित्र पर अपनी नई पहचान बना रहा है।

पिछले दो वर्षों में पर्यटन क्षेत्र में मिली अभूतपूर्व सफलता ने राजस्थान को वैश्विक स्तर पर सशक्त उपस्थिति दिलाई है। दिया कुमारी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विज़न के अनुरूप राजस्थान को भारत का अठाणी पर्यटन राज्य बनाने के लिए प्रदेश की समृद्ध विरासत का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है।

इसी क्रम में प्रदेश की ऐतिहासिक बावड़ियों के संरक्षण के लिए पर्यटन और कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा एक व्यापक कार्ययोजना तैयार किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

उपमुख्यमंत्री ने शासन सचिवालय में आयोजित पर्यटन विभाग की समीक्षा बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव पर्यटन प्रवीण गुप्ता, आयुक्त रुक्मणी रियाड़ और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में विभागीय योजनाओं की प्रगति को तेज गति से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने जवाहर कला केंद्र, जयपुर स्थित शिल्प ठाम को लोक कलाओं और लोक कलाकारों के संरक्षण के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करने पर भी जोर दिया।दिया कुमारी ने कहा कि राज्य की सांस्कृतिक धरोहर और आधुनिक विकास यात्रा को साथ लेकर आगे बढ़ाना सरकार की प्राथमिकता है।

# साल के अंतिम प्रदोष पर आदिदेव महादेव की होगी विशेष पूजा-अर्चना

**जयपुर।** इस साल का अंतिम प्रदोष 17 दिसंबर को है। प्रदोष को सायं कालीन वेला में आदिदेव महादेव की विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी।

यह दिन न केवल धार्मिक बल्कि ज्योतिष दृष्टि से भी महत्वपूर्ण रहेगा। ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा ने बताया कि प्रदोष से एक दिन पहले 16 दिसंबर को सूर्य देव धनु राशि में प्रवेश करेंगे। यह साल का अंतिम सूर्य गोचर होगा। यहां पहले से ही ठाहों के सेनापति मंगल मौजूद हैं। इसलिए सूर्य-मंगल की युति का शुभ प्रभाव इस उपवास पर पड़ने वाला है। साथ ही कुछ राशियों को इससे जबरदस्त लाभ की प्राप्ति भी संभव है। इन जातकों को नौकरी, करियर-कारोबार, व्यापार और रिश्तों में अच्छे रिजल्ट देखने को मिल सकते हैं।

सिंह राशि:यह समय आपके लिए शुभ रहेगा। विवाह की इच्छा पूरी होगी और आपको मनचाहा रोजगार भी मिलेगा। आपको कारोबार में खासा लाभ होगा। छात्र वर्ग पूरे मनोयोग से अध्ययन करेंगे। इस समय आय के नए-नए स्त्रोत खुलेंगे। आर्थिक मामलों में नेटवर्किंग और सही निर्णयों के माध्यम से लाभ आपकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करेगा। आपके लिए शिवलिंग पर चंदन लगाना और भी कल्याणकारी रहेगा। इससे सामाजिक रूप से भी आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

धनु राशि:साल का आखिरी प्रदोष धनु राशि वालों को मनचाहा लाभ दिला सकता है। आपको जीवनसाथी के साथ हंसी-खुशी समय बिताने के अवसर प्राप्त होंगे। धनु राशि वालों का अगर कोर्ट-कचहरी में कोई मामला चल रहा है, तो उसमें फैसला आपके पक्ष में आने की पूरी संभावनाएं हैं। अधिकारियों और सहकर्मियों के साथ अपना व्यवहार अच्छा बनाए रखने की कोशिश रंग लाएगी और आप प्रमोशन के लिए चुने जा सकते हैं। इस समय महादेव को शहद अवश्य चढ़ाएं। इससे सेहत में भी सुधार हो सकता है।मीन राशि:मीन राशि वालों के लिए समय खास रहने वाला है।

करियर में अचानक उछाल देखने पर मन प्रसन्न होगा। महादेव की कृपा आप पर बनी रहेगी। नए अवसरों की प्राप्ति होगी। हालांकि, करियर-कारोबार से लेकर घर-परिवार की दृष्टि से यह समय पहले से अधिक अनुकूल कहा जाएगा। मीन राशि वालों के जीवन में किसी की दस्तक हो सकती है, जिससे खुशियों का माहौल बना रहेगा। किसी अच्छी खबर के मिलने की संभावना है। शिव जी को बेलपत्र चढ़ाएं। इससे सभी मनोकामनाएं भी पूर्ण होगी।

■ 16 दिसम्बर को सूर्य देव धनु राशि में प्रवेश करेंगे

# 16 दिसंबर से मलमास, मांगलिक कार्यों पर लगेगा विराम

**जयपुर।** इस माह में 16 दिसंबर से मलमास लग जाएगा। इसके बाद से मांगलिक कार्य नहीं किए जा सकेंगे । खरमास में श्री हरि विष्णु और सूर्य देव की पूजा की जाती हैं, जिससे व्यक्ति के जीवन में समृद्धि और खुशियां आती हैं। सूर्य जब बृहस्पति की राशि धनु या मीन राशि में प्रवेश करते हैं उसको मलमास और खरमास के नाम से जाना जाता हैं। इस बार मलमास की शुरुआत 16 दिसंबर से होगी और 14 जनवरी 2026 को सूर्य के मकर में प्रवेश के साथ मलमास समाप्त हो जाएगा।

ज्योतिषाचार्य बनवारी लाल शर्मा ने बताया कि मलमास के दौरान नया घर खरीदना या गृह प्रवेश करना, विवाह, मुंडन संस्कार, यज्ञोपवीत संस्कार, सगाई आदि कार्य करना निषेध हैं। मलमास में सूर्य को जल अर्पित करना, श्री हरि विष्णु और तुलसी की पूजा करना, जप, तप और दान करना, गंगा या अन्य पवित्र नदी में स्नान करना, पशु- पक्षियों की सेवा करना शुभ माना गया हैं।ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा ने बताया कि सूर्य के धनु से मकर में प्रवेश के साथ 14 जनवरी की रात सूर्य उत्तरायण हो जाएंगे और अगले दिन मकर संक्रांति का पुण्यकाल प्राप्त होगा।

इसके बावजूद वैवाहिक मुहूर्त तुरंत शुरू नहीं होंगे। क्योंकि शुक्र अभी भी अस्त रहेंगे। एक फरवरी को शुक्रोदय होगा, किंतु तब तक वे बाल्यावस्था में रहेंगे, इसलिए शुभ मुहूर्त 4 फरवरी से ही प्रारंभ होंगे।

# गोविंद देव जी मंदिर में श्रद्धालु लगाएंगे हस्तलिखित गायत्री महामंत्रों की परिक्रमा

## परिक्रमा के दौरान ही सुबह नौ से बारह बजे तक निशुल्क पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ भी होगा, नि:शुल्क मिलेगी मंत्र लेखन पुस्तिका

**जयपुर।** परमात्मा से सबकी बुद्धि को सन्मार्ग पर प्रेरित करने के लिए आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर के सत्संग भवन में रविवार, 14 दिसंबर को करोड़ों हस्तलिखित गायत्री महामंत्रों की परिक्रमा की जाएगी। गुरुवार को गोविंद देव जी के चरणों में आयोजन का पोस्टर अर्पित कर कार्यक्रम के निर्विघ्न संपन्न होने की कामना की गई।

■ एक मंत्र जप से 24 देवताओं की होगी परिक्रमा

गोविंद देवजी मंदिर के महंत अंजन कुमार गोस्वामी महाराज के सान्निध्य में मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी और समाजसेवी अमोल पाठक ने पोस्टर का विमोचन किया। गायत्री शक्तिपीठ में मां गायत्री और गुरु सत्ता से कार्यक्रम को सफल बनाने की प्रार्थना की गई। परिक्रमा सुबह पांच से शाम सात बजे तक की जा सकेगी। परिक्रमा के दौरान ही सुबह नौ से बारह बजे तक निशुल्क पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ भी होगा। यज्ञ की सभी सामग्री मंदिर में उपलब्ध रहेगी। किसी भी तरह का सामान लाने की आवश्यकता नहीं है। निर्धारित समय के दौरान सभी को आहुतियां प्रदान करने का अवसर प्राप्त होगा। जिन लोगों ने कभी भी किसी भी मंत्र की परिक्रमा की उस संख्या के दसवें या सौवें हिस्से के हिसाब से आहुतियां प्रदान कर सकेंगे।

ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा ने बताया कि गायत्री देव माता है अर्थात देवताओं की मां है। गायत्री के 24 अक्षर अलग-अलग देवी-देवताओं के प्रतीक है। इसलिए एक बार गायत्री मंत्र का उच्चारण करना 24 देवी-देवताओं की परिक्रमा करना है। वृंदावन के प्रसिद्ध संत प्रेमानंद महाराज अपने प्रवचन में कई बार यह बात दोहराते रहे हैं। परिक्रमा के दौरान गायत्री को सिद्ध करने वाले युग पं. श्रीराम शर्मा आचार्य की आवाज में गायत्री महामंत्र का उच्चारण होता रहेगा। गायत्री को सिद्ध करने वाले व्यक्ति की आवाज के साथ जप को 2 हजार 400 गुणा अधिक प्रभावी बताया गया है। यानि 24 गायत्री मंत्र जप की फलश्रुति 24 हजार मंत्र होगी। आज बुद्धि सबके पास है, लेकिन सबके पास सद्बुद्धि नहीं है। गलत विचार ही सारी समस्याओं का मूल कारण है। इन सबका एक मात्र समाधान गायत्री महामंत्र की शिक्षा है। सद्ज्ञान का दूसरा नाम ही गायत्री है। गीता में भगवान कृष्ण ने कहा है छंदों(मंत्रों) में गायत्री वे स्वयं हैं।

गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के व्यवस्थापक सोहन लाल शर्मा ने बताया कि छोटीकाशी में हजारों लोग प्रतिदिन गायत्री मंत्र लेखन करते हैं। एक मंत्र लेखन का फल जप की तुलना में दस गुणा अधिक बताया गया है क्योंकि मंत्र लिखने के दौरान शरीर का प्रत्येक अंग सक्रिय रहता है। श्रद्धालुओं को गायत्री मंत्र लेखन के लिए पुस्तिका का निशुल्क वितरण किया जाएगा। गायत्री मंत्र के प्रति श्रद्धा का प्रकटीकरण हो इसके लिए गायत्री चालीसा का भी निशुल्क वितरण किया जाएगा।

सत्संग भवन में गायत्री चेतना केंद्र, जनता कॉलोनी की ओर से बुक फेयर लगाया जाएगा। यहां धर्म, संस्कृति, संस्कार, महापुरुषों की जीवनी सहित अनेक विषयों पर पुस्तकें आधे मूल्य पर उपलब्ध रहेगी।

वेद-पुराणों में गायत्री महामंत्र के आध्यात्मिक-वैज्ञानिक और भौतिक लाभ को सरल भाषा शैली में समझाने के लिए गायत्री महाविज्ञान की प्रदर्शनी



गोविन्द देव मंदिर परिसर में पोस्टर विमोचन हुआ।

# एथेनॉल फैक्टरी का विरोध जारी, हालात का जायजा लेने टिब्बी पहुंचे एडीजी वीके सिंह

## 10 दिसंबर को सब कुछ शांति से चल रहा था, बाहरी लोगों ने उपद्रव को भड़काया : एडीजी वीके सिंह

- 'कई ग्रामीण फैक्टरी लगने के पक्ष में भी हैं पुलिस की ओर से कोई फायरिंग नहीं की गई है, वे खोल कहां से लेकर आए, पता नहीं'
- 17 दिसंबर को किसान कलेक्ट्रेट का घेराव करेंगे, टिब्बी के गुरुद्वारा सिंह सभा में किसानों की सभा हुई

**हनुमानगढ़, (निसं)।** ड्यून एथेनॉल प्राइवेट लिमिटेड फैक्टरी का विरोध प्रदर्शन जारी है। तनाव पूर्ण माहौल के बीच पुलिस व प्रशासन के अधिकारी हालात पर नियंत्रण के लिए पहुंचे। गुरुवार को टिब्बी पहुंचे एडीजी वीके सिंह ने कहा कि 10 दिसंबर को सब कुछ शांति से चल रहा था। बाहरी लोगों ने इस उपद्रव को भड़काया। हनुमानगढ़ के टिब्बी थाने में गुरुवार शाम करीब चार बजे एडीजी वीके सिंह ने पत्रकारों से बात की। उन्होंने बताया कि 10 दिसंबर की जो घटना हुई, उसकी जरूरत नहीं थी। सबकुछ शांति से चल रहा था। बाहरी लोगों ने इस उपद्रव को बढ़ाया। मैंने ग्रामीणों से बातचीत की। इनमें कई ग्रामीण फैक्टरी लगने के पक्ष में भी हैं। पुलिस की ओर से कोई फायरिंग नहीं की गई है। वे खोल कहां से लेकर आए, पता नहीं।

एडीजी वीके सिंह ने कहा कि पुलिस को निर्देश दिए थे कि किसी तरह का बल प्रयोग नहीं करना है। भीड़ ने पुलिस को काफी उकसाया और जो निर्देश मिले थे उसी के अनुसार कार्रवाई की गई है। बाहरी लोगों ने स्थानीय लोगों को भड़का कर लॉ एंड ऑर्डर को बिगाड़ने की कोशिश की। लेकिन, सभी ने संयम बरतते हुए इस स्थिति को हैंडल किया। फैक्टरी के साथ जिनकी प्रॉपर्टी को नुकसान पहुंचाया है, उन्होंने इनके खिलाफ शिकायत दी है। कई लोग कैमरे में पत्थर फेंकते हुए और कानून तोड़ते हुए कैद हुए हैं। कोई भी कानून तोड़ने से पहले सोचे। कई लोग हैं, जो इस आंदोलन को उग्र रूप देने की कोशिश कर रहे हैं। उनकी बातों में न आएं।

इधर, अखिल भारतीय किसान सभा के जिला महासचिव मंगेज चौधरी ने कहा कि पुलिस के हथियार जंग लगे थे, नहीं तो ये सैकड़ों लोगों की जान ले लेते। उन्होंने कहा कि 17 दिसंबर को किसान कलेक्ट्रेट का घेराव करेंगे। इससे पहले टिब्बी के गुरुद्वारा सिंह सभा में किसानों की सभा हुई। सभा में महिलाएं भी शामिल हुईं। वहीं सुबह किसान सभा में जा रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने पहले ही रोक दिया था। विधायक रुपिंदर सिंह कुन्नर को भी पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। किसानों ने चेतावनी दी है कि मांग पूरी नहीं होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

एडीजी वीके सिंह ने कहा कि 10 दिसंबर को हुई हिंसा में शामिल 107 से अधिक किसानों व ग्रामीणों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। इनमें से 40 लोगों को हिरासत में लिया गया है। 36 से ज्यादा पुलिस और बॉर्डर होमगार्ड को चोट लगी है। पांच पुलिसकर्मियों को ज्यादा चोट लगी है। बुधवार (10 दिसंबर) को किसानों ने जिले के राठीखेड़ा गांव में निर्माणाधीन ड्यून एथेनॉल प्राइवेट लिमिटेड फैक्टरी की दीवार तोड़ दी। अंदर घुसे प्रदर्शनकारियों ने ऑफिस में भी आग लगा दी थी। इसके बाद पुलिस व किसानों में जमकर पत्थरबाजी हुई। बवाल में कांग्रेस विधायक सहित 70 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। कुछ घायल रातभर टिब्बी के गुरुद्वारे में ही रुके रहे।

गुरुवार को भी जिले के टिब्बी क्षेत्र में इंटरनेट बंद है। वहीं, फैक्टरी के आसपास रहने वाले करीब 30 परिवार घर छोड़कर भाग गए हैं। फैक्टरी की दीवार तोड़ने से पहले किसानों ने महापंचायत भी की। नेताओं का आरोप है कि प्रशासन ने उन्हें लिखित में फैक्टरी का काम रोकने का आश्वासन नहीं दिया था।

गौरतलब है कि चंडीगढ़ में रजिस्टर्ड ड्यून इथेनॉल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी राठीखेड़ा में 40 मेगावाट का अनाज आधारित एथेनॉल प्लांट लगा रही है। कंपनी का दावा है प्लांट केंद्र के एथेनॉल ब्लेंडेड पेट्रोल प्रोग्राम को सपोर्ट करेगा।

अखिल भारतीय किसान सभा के जिला महासचिव मंगेज चौधरी ने कहा कि कल जो घटनाक्रम हुआ यह सिर्फ कलैक्टर की अनदेखी के कारण हुआ है। यह कलैक्टर की कंपनी मालिक के साथ आर्थिक सेटिंग को दर्शाता है। हम वार्ता का इंतजार ही करते रहे। जब किसान फैक्टरी की ओर बढ़ रहे थे तो पुलिस ने लाठियां बरसाई। पुलिस के हथियार जंग लगे थे, नहीं तो सैकड़ों किसान को मौत के घाट उतार देते। उन्होंने बताया 17 दिसंबर को कलेक्ट्रेट का घेराव करेंगे।

वहीं हनुमानगढ़ के टिब्बी थाने में गुरुवार शाम करीब चार बजे एडीजी वीके सिंह ने घटना से संबंधित तमाम बिंदुओं पर बात की। एडीजी ने बताया कि 100 नामजद लोगों में 30 छोटे-बड़े जनप्रतिनिधि हैं, जिनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एडीजी वीके सिंह ने कहा कि ड्यून एथेनॉल प्राइवेट लिमिटेड फैक्टरी में 700 से 800 लोगों को नौकरी और 1 हजार से ज्यादा लोगों को इसका फायदा मिलने वाला है। कुछ जनप्रतिनिधियों के नाम आए हैं, उनकी जांच चल रही है। कुछ फोटो और वीडियो भी सामने आए हैं। 100 से ज्यादा लोगों पर नामजद मामले दर्ज किए गए हैं।

टिब्बी (हनुमानगढ़) के तहसीलदार कार्यालय में किसानों के साथ जिला प्रशासन की वार्ता चल रही है। दूसरी ओर, गुरुद्वारा सिंह सभा में चल रही बैठक में संघर्ष समिति के पदाधिकरियों को बातचीत के लिए बुलाया गया है। इस वार्ता के बाद ही तय हो पाएगा कि किसान आंदोलन खत्म करेंगे या फिर इसे जारी रखेंगे। पुलिस और किसानों के बीच हुए विवाद के बाद गुरुवार को टिब्बी में स्थिति सामान्य है। यहां बाजार भी खुले हैं। कुछ देर में यहां किसान पहुंचेंगे, जहां दोनों पक्षों के बीच एसडीएम ऑफिस में वार्ता होगी।

संगारिया विधायक अभिमन्यु पूनिया ने बुधवार को हुई घटना के लिए जिला कलेक्टर व एसपी को जिम्मेदार ठहराया है। फैक्टरी के आसपास के इलाके में गुरुवार सुबह से सन्नाटा पसरा हुआ है।

हनुमानगढ़ कलैक्टर डॉ. खुशाल यादव ने बताया कि लोगों ने बुधवार को कानून हाथ में ले लिया। यह फैक्टरी 2022 का प्रोजेक्ट है, जिसका एमओयू 'राइजिंग राजस्थान' के दौरान हुआ था। स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड सहित राजस्थान सरकार से सभी आवश्यक अनुमतियां जारी की जा चुकी हैं।

फैक्टरी हटाओ संघर्ष समिति के नेता रवजोत सिंह ने बताया कि हिंसक झड़प में महिलाओं समेत 70 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। 100 से ज्यादा किसान रात को गुरुद्वारा टिब्बी में ही रुके थे। सुबह होते ही किसान भी गुरुद्वारे पहुंच रहे हैं।

कांग्रेस नेता शबनम गोदारा ने कहा है कि किसानों की मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा। एथेनॉल फैक्टरी के विरोध में हुई महापंचायत के बाद हालत बिगड़ने के लिए सिर्फ जिला प्रशासन जिम्मेदार है। प्रशासन से फैक्टरी का काम रोकने का लिखित आश्वासन देने की मांग की लेकिन प्रशासन किसानों को उग्र करता रहा। प्रशासन ने सिर्फ कंपनी की तरफ से लोगों को रोजगार देने का भ्रम फैलाने की कोशिश की।

# भीलवाड़ा में जर्जर कियोस्क हटाये

- कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस जाब्ता तैनात रहा

**भीलवाड़ा, (निसं)।** नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा ने शहर के विभिन्न स्थानों पर स्थित जर्जर कियोस्क को हटाने का निर्णय लिया, जिन कियोस्क की आवंटन अवधि 10 वर्ष समाप्त हो चुकी है और इन्हें जर्जर एवं असुरक्षित पाया गया, ऐसे में न्यास की टीम ने आज शास्त्री नगर में कियोस्क ध्वस्त करने की कार्यवाही को अंजाम दिया। नगर विकास न्यास के सचिव द्वारा जारी सार्वजनिक सूचना में कहा गया था कि इन कियोस्क को आगामी दो दिन में खाली कर दिया जाए। इसके बाद, न्यास द्वारा यातायात सुगम करने और जान-माल की सुरक्षा के लिए इन कियोस्क को तोड़ने की कार्यवाही की जाएगी। चेतावनी के बाद न्यास के तहसीलदार दिनेश साहू के नेतृत्व में एक टीम कोतवाल शिवराज गुर्जर के नेतृत्व ने शास्त्री नगर भोपालगंज रोड पर स्थित 38 कियोस्क पर पीला पंजा चला कर ध्वस्त किया गया। इस दौरान भारी पुलिस जाब्ता तैनात रहा।


**MUNICIPAL COUNCIL LALSOT DISTT. DAUSA**

S.No.:-NPL./works/2025/4654 Date:- 01-12-2025

**NIB 27 /2025-26**

Municipal Board Lalsot invites online open competitive bids for various types of works through Scheme from interested bidder upto 14-12-2025 till 06:00 PM. Other Particulars of the bid may be visited on http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in and at office.

UBN:-DLB2526WSOB26022 ,23,26,27,30,31,36,37,38,43,45,47,48,50,51

President, Municipal council Lalsot — Commissioner, Municipal council Lalsot

Raj.Samwad/C/25/15570



**कार्यालय नगर परिषद् कोटपूतली (कोटपूतली-बहरोड़)**

Email id : kotputliulb.jaipur@yahoo.com

क्रमांक न.प.कोट / 2025–26 / 480 दिनांक:– 03.12.2025

**निविदा सूचना – न.प.कोट/2025–26/465**

नगरपरिषद कोटपूतली की ओर से निमंलिखित कार्य के लिए सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है निविदा website www.sppp.raj.in/eproc.rajasthan.gov.in से download कर देखी / प्राप्त की जा सकती है RTPP एक्ट की नियम और शर्त लागु होंगी जिसके NIB Code व UBN No. इस प्रकार है

| S.NO | WORK S.NO. | SPPP UBN | NIB NO. |
|---|---|---|---|
| 1. | 01 | DLB2526WSOB26226 | DLB2526A8743 |

राज.संवाद / सी / 25 / 15568 — आयुक्त, नगरपरिषद् कोटपूतली



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DISTT DN KOTA**

क्रमांक- 1401 **Notice Inviting Bid** दिनांक-09.12.2025

**(NIT NO. 25/2025-26)**

Bids for 4 no work at Kota are Invitied from interested bidders upto 06.00 PM of 18.12.2025 (Thursday). Other Particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rj.nic.in) of the Rajasthan State. The approximate value of the procurement is Rs. 136.40 Lacs. **UBN NO. 1. PWD2526WSOB18437, 2. PWD2526WSOB18438, 3. PWD2526WSOB18439, 4. PWD2526WSOB18440**

(अशोक कुमार महावर)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. जिला खण्ड कोटा
मो.नं. 98291-28359

DIPR/C/18222/2025


# 70 लाख की नकबजनी का आरोपी गिरफ्तार

- आरोपी के खिलाफ चोरी और नकबजनी के 22 मामले दर्ज पाए गए

**बीकानेर, (निसं)।** लगभग 70 लाख रुपए की नकबजनी की वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में एक शातिर नकबजन को गिरफ्तार किया है, जिसके खिलाफ चोरी और नकबजनी के 22 मामले दर्ज पाए गए हैं। आरोपी पिछले कई दिनों से शहर में सक्रिय था और रात के समय घरों को निशाना बनाता था।

शहर के कोचरों का चौक निवासी विमलचंद कोचर ने 26 नवंबर 2025 को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि रात के समय उनके घर के मुख्य द्वार का ताला तोड़कर अज्ञात चोर करीब 10 लाख रुपए नकद और सोने-चांदी के आभूषण चोरी करके ले गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने बीएनएस की विभिन्न धाराओं में दर्ज कर जांच उपनिरीक्षक राकेश को सौंपी। शहर में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए बीकानेर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक हेमंत शर्मा के निर्देश पर एक विशेष टीम बनाई गई। इस टीम को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सौरभ तिवाड़ी एवं चक्रवर्ती सिंह राठौड़ के निर्देशन में टास्क दिया गया। थानाधिकारी सविता डाल के नेतृत्व में गठित टीम ने पांच दिन जांच करते हुए मामले की गुत्थी सुलझाई।

पुलिस ने गहन जांच और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपी सुरेश सिंह उर्फ सूर्या, पुत्र चंद्रसिंह राजपूत निवासी वार्ड नंबर 5, काली माता मंदिर के पीछे, भूरजी मेघवाल की खेड़ी, थाना नोखा, को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी से की गई पूछताछ और दबिश के दौरान पुलिस ने बड़ी मात्रा में चोरी का माल बरामद किया। बरामद माल की कुल अनुमानित कीमत करीब 65 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार आरोपी से अन्य चोरी की घटनाओं को लेकर भी पूछताछ जारी है।

# हथियार सहित तीन गिरफ्तार

**नोखा, (निसं)।** बीकानेर रेंज स्पेशल टीम ने नोखा में दो अवैध पिस्तौल और दो जिंदा राउंड के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अवैध हथियार और उन्हें ले जाने में इस्तेमाल की जा रही एक कैंपर गाड़ी भी जब्त की है।

यह कार्रवाई महानिरीक्षक पुलिस, रेंज बीकानेर द्वारा अवैध मादक पदार्थ, हथियार और संगठित अपराधों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई। रेंज स्पेशल टीम के प्रभारी के सुपरविजन में इसे अंजाम दिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान छोटूसिंह पुत्र पृथ्वीसिंह निवासी करणु रामसर नागौर, हरिराम पुत्र दीपाराम निवासी बामणिया वाला नागौर और सोमदत्त पुत्र सहीराम निवासी जेडी मगरा बीकानेर के रूप में हुई है।

# बीकानेर में रात का तापमान गिरा, ठंड बढ़ी

**बीकानेर, (निसं)।** यहां गुरुवार सुबह धूप और हल्की धुंध के साथ दिन की शुरुआत हुई। सुबह का तापमान करीब 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि दोपहर तक पारा 28 डिग्री तक पहुंचने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार शहर में आज मौसम पूरी तरह शुष्क रहेगा और आसमान साफ बना रहेगा। पिछले दिनों से बीकानेर का मौसम दिन में गर्मी और रात में सर्दी का असर रहता है। बीते एक सप्ताह में बीकानेर में मौसम लगभग स्थिर रहा। दिन का अधिकतम तापमान 28-30 डिग्री सेल्सियस के बीच चल रहा है, जबकि रात का न्यूनतम तापमान 8-10 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। इस दौरान मौसम शुष्क रहने से दिन में हल्की गर्माहट बनी रही, जबकि सुबह-शाम को विशेष ठंड महसूस की गई। हवा में नमी कम होने से धूल और प्रदूषण का स्तर भी थोड़ा बढ़ा है।

मौसम विभाग का अनुमान है कि बीकानेर में आने वाले सात दिनों तक भी कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। शहर में लगातार धूप के साथ शुष्क मौसम रहने की संभावना है। शुक्रवार को हल्की धूप, अधिकतम 29 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 12 सेल्सियस रह सकता है। शनिवार को बादल और धूप का मिश्रण रहेगा। अधिकतम 29 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 14 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। रविवार को आंशिक बादल रह सकते हैं। तापमान अधिकतम 29 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 12 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। सोमवार को मौसम साफ और सुहावना रह सकता है। अधिकतम 28 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 10 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। मंगलवार को ठंडी सुबह रहेगी और बाद में धूप वाला दिन रह सकता है। अनुमान है कि अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 9 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। बुधवार को हल्की धुंध के साथ गर्म दिन रहने का अनुमान है। वहीं तापमान अधिकतम 31 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 9 डिग्री सेल्सियस रहेगा।

बीकानेर में फिलहाल सर्दी केवल रात और सुबह के समय असर दिखा रही है, जबकि दिन में मौसम सुहावना और हल्का गर्म बना हुआ है। अगले सप्ताह तक बारिश की कोई संभावना नहीं है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि शुष्क हवा के कारण सांस संबंधी दिक्कत वाले लोगों को सावधानी बरतनी चाहिए।


**Estate Officer**
**Rajasthan University of Veterinary and Animal Science (Jobner)**

क्रमांक :- EO/RUVAS/2025/62 दिनांक :- 10/12/2025

**ई - निविदा सूचना संख्या 02/2025-26**

राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, जोबनेर की ओर से विश्वविद्यालय में विभिन्न स्थानों पर निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी में, इस विश्वविद्यालय में एवं अन्य विश्वविद्यालयों में, राज्य सरकार एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों तथा केन्द्र सरकार व केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों, जो कि राज्य सरकार के उपयुक्त श्रेणी के समकक्ष हो, पंजीकृत संवेदकों से ई-टेन्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में ऑन लाईन निविदा प्राप्त की जावेगी। निविदा से संबंधित विरण वेबसाईट www.dipr.rajasthan.gov.in/tenders.asp, www.ruvasjaipur.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

| | |
|---|---|
| निविदा आवेदन डाउनलोड़ करने की तारीख | 10.12.2025 सांय 5.00 बजे से |
| निविदा जमा कराने की तारीख | 20.12.2025 सांय 5.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तारीख | 22.12.2025 प्रातः 11.00 बजे |

राज.संवाद/सी/25/15545 — सम्पदा अधिकारी, रूवास (जोबनेर) जयपुर



**कार्यालय नगर परिषद्, ब्यावर**

1462-258665, 257509 Email Add: npbeawar@gmail.com

क्रमांक / निर्माण / 2025–26 / 9906 दिनांक:– 04.12.2025

**ई–निविदा सूचना संख्या 10/2025–26**

नगर परिषद, ब्यावर द्वारा परिषद क्षैत्र मे बजट घोषणा 2025–26 के अन्तर्गत 15जी FFC Untied एवं परिषद कोष से परिषद के सम्बन्धित श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग के पंजीकृत ठेकेदारों से E-Procurement प्रकिया के तहत केवल www.eproc.rajasthan.gov.in की ऑनलाईन निविदा के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। दिनांक 16 / 12 / 2025 सांय 06:00 बजे तक निविदा भरी जा सकती है एवं ई–निविदा फार्म शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस की राशि नगर परिषद के Axis Bank के खाता संख्या 914010005810609 आई.एफ.सी. कोड UTIB0001825 में जमा कराकर बोली धरोहर का डी.डी. / बैंकर चैक नगर परिषद, ब्यावर के निर्माण शाखा में दिनांक 17 / 12 / 2025 को प्रातः 11.00 बजे से पूर्व जमा कराना अनिवार्य कराना अनिवार्य है। कुल 01 निर्माण कार्य की अनुमानित लागत 27.86 लाख रूपये है। ई–निविदा सूचना की समस्त शर्तें SPPP पोर्टल पर देखी जा सकती है।

जिसका NIB Code DLB2526 A8814 है एवं UBN नम्बर DLB2526 WSOB26429 है।

आयुक्त, नगर परिषद् ब्यावर — प्रशासक, नगर परिषद् ब्यावर

राज.संवाद / सी / 25 / 15588


# अजमेर में 35 गुमटियों को एडीए ने तोड़ा

- हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार मास्टर प्लान रोड के तहत सड़क से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई

**अजमेर, (निसं)।** मुख्यमंत्री रोजगार योजना के अंतर्गत बेरोजगारों को रोजगार खोलने के लिए पिछली सरकार द्वारा दी गई गुमटियों पर गुरुवार को एडीए का पीला पंजा चला। एडीए ने वैशाली नगर में कार्रवाई करते हुए करीब 35 से ज्यादा गुमटियों को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया। एडीए की कार्रवाई के दौरान गुमटी संचालाकों के विरोध का सामना भी करना पड़ा, लेकिन भारी पुलिस बल के चलते विरोध ज्यादा देर नहीं चला पुलिस ने धरना दे रहे लोगों से समझाइश कर हटा दिया। कार्रवाई के दौरान एडीए के उपयुक्त अनिल चौधरी, सीओ शिवम जोशी सहित तीन थानों के थाना प्रभारी के साथ एडीए कर्मचारी और 50 से ज्यादा पुलिस जवान मौके पर तैनात रहे।

**हाई कोर्ट के आदेशानुसार कार्यवाही :-** मुख्यमंत्री रोजगार योजना के अंतर्गत 2002 में वैशाली नगर चौरसियावास रोड से पेट्रोल पंप के मोड तक सड़क किनारे पर गुमटियां बनाकर बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए आवंटित की गई थी, जिनकी अवधि 2012 में पूरी हो चुकी थी। हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार मास्टर प्लान रोड के तहत सड़क से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसके मद्देनजर ही गुरुवार को एडीए की ओर यह कार्रवाई को अंजाम दी गई।

एडीए उपयुक्त अनिल चौधरी ने बताया कि हाईकोर्ट के निर्देश अनुसार जो मास्टर प्लान के तहत जितने भी अतिक्रमण हैं, उनको हटाने के तहत आज वैशाली नगर में यह कार्रवाई की गई। करीब 35 से ज्यादा गुमटियां लीज पर दी गई थी, जिनकी अवधि समाप्त हो चुकी है। इन्हें खाली करने की चेतावनी भी दी गई थी। आज जेसीबी के जरिए यह कार्रवाई की गई। अब इस मामले में नगर निगम से तालमेल कर दुकानदारों के लिए वैकल्प व्यवस्था करने का भी प्लान किया जा रहा है।

गुरुवार सुबह एडीए द्वारा की गई कार्रवाई के विरोध में गुमटी संचालकों द्वारा मौके पर धरना देकर विरोध जताया। एडीए प्रशासन और पुलिस द्वारा समझाइश का प्रयास किया गया, लेकिन कुछ दुकानदारों ने अपनी गुमटी के बाहर धरना भी दिया।

दुकानदार शफीक अहमद अंसारी ने बताया कि बिना नोटिस के यह कार्रवाई की गई है। करीब 25 साल से वह गुमटी का संचालन कर रहे थे। इस कार्रवाई के बाद उनके परिवार में आर्थिक संकट आ चुका है।

# युवक की मौत

**उदयपुर, (निसं)।** शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र में युवक की अकाल मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सविना बैक वाली गली हॉल मादड़ी निवासी शैतानसिंह देवड़ा (35) पुत्र रूपसिंह की अकाल मौत हो गई। शैतानसिंह बुधवार रात में खाना खाने के बाद सोया था एवं दूसरे दिन जाग नहीं होने पर परिजनों ने मौके पर पहुंच अचेत अवस्था में चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।


**राजस्थान धरोहर प्राधिकरण**

भूतल पर्यटन भवन, संजय मार्ग (विधायकपुरी थाने के सामने) खासा कोठी, जयपुर-302001

Tel:-0141-2615648/40 Email: rhppa.jaipur@gmail.com *Website: https://artandculture.rajasthan.gov.in/rha

**ई-निविदा सूचना संख्या 26/2025-26**

निम्नलिखित कार्यो के लिए केन्द्र / राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों द्वारा पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई–टेण्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु.) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Development Of Chalaknechi ji Mata Temple at (Sedwa) Chalakna Distt. Barmer (Raj.) **UBN is: HPP2526WLOB00033** | 619.39 Lakh | 15 Months |

निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाइट http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। इच्छुक निविदादाताओं को अपने डिजीटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाइट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर करवाना आवश्यक है।

राज.संवाद/सी/25/15536 — मुख्य कार्यकारी अधिकारी


# 37 सायबर ठग गिरफ्तार, पांच किशोर निरुद्ध

## 44 फर्जी मोबाइल, 54 सिमकार्ड, 3 बाइक व एक एटीएम कार्ड जब्त

- पुलिस अपराधियों से ठगी की वारदातों और शामिल अन्य अपराधियों के बारे में पूछताछ में जुटी

**डीग/भरतपुर, (निसं)।** डीग जिला पुलिस द्वारा जिले में सायबर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत डीग जिले में 37 सायबर अपराधियों को गिरफ्तार कर 5 विधि से संघर्षरत बालकों को निरुद्ध किया गया है। पुलिस ने उक्त सायबर ठगों के कब्जे से 44 फर्जी मोबाईल फोन, 54 सिम कार्ड, 3 मोटरसाईकिल व 1 एटीएम कार्ड जब्त किए हैं।

पुलिस के अनुसार डीग जिले में सायबर अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से सायबर अपराधियों की धरपकड़ के लिए ऑपरेशन के तहत एस पी ओमप्रकाश मीणा के निर्देशन में जिले के सीकरी, पहाडी, नगर, कामा, कैथवाडा, जुरहरा, जालूकी, गोपालगढ़ थानों की पुलिस एवं जिले की स्पेशल टीम द्वारा सायबर अपराधियों के खिलाफ दो दिन में कार्रवाई करते हुए सायबर ठगी मामले में 37 सायबर अपराधियों को गिरफ्तार कर 5 विधि से सघर्षरत बालकों को निरुद्ध किया गया है। पुलिस गिरफ्तारशुदा सायबर अपराधियों से उनके द्वारा की गई ठगी की वारदातों और उनमें शामिल अन्य अपराधियों के बारे में पूछताछ में जुटी है।

आरोपियों ने पुलिस को पूछताछ में बताया है कि वह लोग सायबर ठग फर्जी सिम का उपयोग करते हुए सोशल मीडिया एप्स पर फर्जी आईडी बनाकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम, टेलीग्राम, व्हाट्सअप आदि के माध्यम से ऑनलाईन होटल में रूम बुक कराने के नाम पर, दुधारू गाय, भैंस बेचने के नाम पर, सैक्सटॉर्सन, गरीब लोंगों की मदद करने का एड डालकर, पुराने नोट व सिक्कों को खरीदने के नाम पर, घर बैठे पैंसिल पैकिंग जॉब ऑफर कर, यौन क्षमता बढ़ाने की दवाई बेचने के नाम पर लोगो को झांसा देकर उनसे ऑनलाइन ठगी करते हैं। एसपी ओमप्रकाश मीणा ने स्पष्ट संदेश दिया कि सायबर अपराधियों के खिलाफ पुलिस की ज़ीरो टॉलरेंस नीति के तहत डीग जिले में सायबर अपराध को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# हत्या के मामले में पिस्टल देने वाला गिरफ्तार

- आरोपी एक महीने से फरार चल रहा था, इसी ने आरोपी जिगर को पिस्टल दी थी
- पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया है

**उदयपुर, (निसं)।** प्रतापनगर थाना क्षेत्र में एक महीने पहले गोली मार कर दोस्त की हत्या करने के मामले में पिस्टल देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी एक महीने से फरार चल रहा था। इसी ने आरोपी जिगर को पिस्टल दी थी। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया है।

प्रतापनगर थानाधिकारी राजेंद्र सिंह चारण ने बताया कि मामले में झुंझुनूं हाल सेक्टर 4 निवासी राहुल जाट (27) को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में उसने अपने साथी से पिस्टल लेकर आना बताया है, फिर छिपाने के लिए दोस्त जिगर जोशी उर्फ नीरज को दे दी। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया है।

उल्लेखनीय है कि 16 नवंबर को जिगर भी पिस्टल लेकर दोस्त से मिलने आया था। सेरावतों का वाडा निवासी प्रताप सिंह देवडा को गोली लगी थी, वो बिस्किट की फैक्ट्री में काम करता था। पिता की आटे की चक्की है। उनका देबारी में खेत है। उस दिन शाम करीब 5 बजे प्रताप खेत में था। खेत के कुएं में मोटर फंस गई थी। प्रताप ने इसे निकालने के लिए मौसेरे भाई राजेंद्र और अपने दोस्त लॉ स्टूडेंट जिगर जोशी उर्फ नीरज को बुलाया था। जिगर के पास पिस्टल थी, जिसकी जानकारी राजेंद्र को नहीं थी।

जिगर ने पिस्टल दिखाकर प्रताप को डराया और बार बार गोली मारने जैसी हरकत करने लगा। प्रताप और राजेंद्र ने रोकने की कोशिश की लेकिन वह नहीं माना। तभी गोली प्रताप की पीठ में लग गई। घायल प्रताप को दोनों निजी हॉस्पिटल लेकर गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, नगर खण्ड-3, जयपुर**

क्रमांक-4823 दिनांक-05.12.2025

**ई-निविदा सूचना संख्या 69/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिए पीडब्ल्यूएफ एण्ड ए.आर. पार्ट II अपेण्डिक्स 16 दिनांक 01.07.1999 से लागू एवं समय समय पर पंजीयन नियमों सम्बन्धी वित्त विभाग द्वारा जारी आदि दिनांक संशोधित परिपत्रों के अनुरूप इस विभाग ने उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट www.dipronline.org, http://eproc.rajasthan.gov.in/& www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

| | |
|---|---|
| निविदा आवेदन डाउनलोड करने की तारीख | 10.12.2025 (बुधवार) प्रात 9.30 बजे से 18.12.2025 (गुरूवार) तक सायं 6.00 बजे तक |
| निविदा जमा कराने की तारीख | 10.12.2025 (बुधवार) प्रात 9.30 बजे से 18.12.2025 (गुरूवार) तक सायं 6.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तारीख | 19.12.2025 (शुक्रवार) को प्रात 11.00 बजे से |

UBN NO. 1. PWD2526WSOB18515, 2. PWD2526WSOB18516, 3. PWD2526WSOB18517, 4. PWD2526WSOB18518, 5. PWD2526WSOB18519, 6. PWD2526WSOB18520, 7. PWD2526WSOB18521 8. PWD2526WSOB18522, 9. PWD2526WSOB18523, 10. PWD2526WSOB18524

(पवन कुमार कुलश्रेष्ठ)
अधिशाषी अभियन्ता
सानिवि नगर खण्ड तृतीय, जयपुर

DIPR/C/18259/2025


# निजी अस्पताल में इलाज के दौरान सात माह की गर्भवती की मौत

- परिजनों का आरोप है कि गलत दवा व इंजेक्शन ने छीन ली दो ज़िंदगियां

**भीम, (निंस)।** उपखंड क्षेत्र के समेलिया ग्राम पंचायत अंतर्गत क्षेत्र सीरोला निवासी एक गर्भवती महिला की मौत हो गई। बलाईयों का कुआं स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान सात माह की गर्भवती महिला प्रमिला की मौत हो गई।

भीम सीआई सवाईसिंह राठौड़ ने बताया कि प्रार्थी प्रतापसिंह पिता रामसिंह निवासी सीरोला समेलिया ने लिखित रिपोर्ट में बताया कि 10 दिसंबर को निजी अस्पताल में मेरी पुत्रवधू प्रमिला पत्नी बहादुर सिंह के सात माह का गर्भकाल होने से इसकी सोनोग्राफी करवाने के लिए अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टर ने टेबलेट इंजेक्शन देकर थोड़ी देर बाद सोनोग्राफी की, उस दौरान प्रमिला की तबीयत खराब हो गई फिर अस्पताल से रेफर कर दिया गया। ब्यावर अमृत कौर अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने चेक कर प्रमिला को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने गुरुवार को उप जिला चिकित्सालय भीम में मेडिकल बोर्ड से मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सुपुर्द किया एवं मर्ग दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया है।

परिजनों का कहना है कि अस्पताल में गलत टैबलेट और इंजेक्शन दिए जाने से उसकी तबीयत अचानक बिगड़ी और दो जिंदगियाँ खत्म हो गईं। परिजनों ने बताया कि वे प्रमिला को सोनोग्राफी कराने अस्पताल लेकर पहुंचे थे। पर्ची बनवाने के बाद डॉक्टर ने दवाइयां लिखी और अस्पताल में मौजूद कंपाउंडर ने टैबलेट के साथ इंजेक्शन लगाया। इसके बाद कहा गया कि नम्बर आने पर सोनोग्राफी की जाएगी। थोड़ी देर बाद सोनोग्राफी शुरू हुई, लेकिन इसी दौरान प्रमिला की तबीयत तेजी से बिगड़ने लगी। परिवार का कहना है कि अस्पताल स्टाफ ने स्थिति को संभालने के बजाय हड़बड़ी में उसे हाइयर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन उसे तत्काल अमृतकोर अस्पताल, ब्यावर ले गए, जहां डॉक्टरों ने पहुंचते ही प्रमिला को मृत घोषित कर दिया। परिजनों का आरोप है कि गलत दवा और इंजेक्शन देकर अस्पताल ने मानव जीवन के साथ खिलवाड़ किया है।


**VARDHMAN MAHAVEER OPEN UNIVERSITY**
Rawatbhata Road, Kota -324021
Examination Department

**Notice Inviting E-Tender for**
**Printing of Degree/Diploma/Certificate**
**NIB No. 19 Date : 09-12-2025**

University invites e-tender from the registered & reputed Printers for "Printing of Degree/Diploma/Certificates 2025-2026 as per description given in tender form for University. The Estimated cost of the tender is Rs. 25.00 lacs. Tender will be available online from 12-12-2025 to 22.12.2025 on **https://eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in and www.vmou.ac.in.** Last date to fill tender online is 22.12.2025. The bidders must send original D.D. of Tender form fees Rs. 500/-, processing fees Rs. 500/- and Bid Security 50000/- last upto 22.12.2025 at 03:00 pm at the office of the undersigned. Technical bid will be opened online on 23-12-2025 at 12:30 pm **(UBN Number- VMU2526GLOB00022).** For further details, kindly visit websites **www.vmou.ac.in, https://eproc.rajasthan.gov.in.** If any corrigendum generated/occurred, then it will be uploaded only on the above mentioned websites.

Raj.Samwad/C/25/15583 — Controller of Examinations

# राज्यपाल की मौजूदगी में जयपुर टाइगर फेस्टिवल का शुभारम्भ, शिल्पग्राम में सजी बाघों की दुनिया

## फेस्टिवल में 53 स्टॉल, बाघों की 150 से ज्यादा फोटो और 63 चित्रों की प्रदर्शनी, लाइव टॉक और वर्चुअल शो बने आकर्षण का केंद्र

**जयपुर।** प्रकृति की धड़कनों और संस्कृति की आत्मा को समेटे बाघों की अद्भुत दुनिया गुरुवार को जवाहर कला केंद्र के शिल्पग्राम में जीवंत हो उठी। हर ओर बाघों से जुड़ी बातें, तस्वीरें और रोमांचक एहसास। कला की छटा और वन्य जीवों की रोचक कथाओं ने ऐसा माहौल रचा, मानो शिल्पग्राम खुद एक जीवंत टाइगर हैबिटैट में बदल गया हो। मौका था राजस्थान हेरिटेज, आर्ट एंड कल्चरल फाउंडेशन द्वारा, जवाहर कला केन्द्र की सहभागिता में आयोजित जयपुर टाइगर फेस्टिवल का, जिसका शुभारम्भ गुरुवार को शिल्पग्राम के मंच से हुआ। 11 से 14 दिसंबर तक चलने वाले इस फेस्टिवल का उद्घाटन राजस्थान के महामहिम राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने किया।

- वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र की 11 हस्तियां हुई सम्मानित
- शुक्रवार को राहगीर लाइव की प्रस्तुति और आरपीएस सिद्धांत शर्मा का स्टोरी टेलिंग सेशन होगा






अराज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने टाइगर फेस्टिवल का उद्घाटन किया। टाइगर प्रदर्शनी को लोगों ने निहारा।

उदयपुर के पूर्व राजपरिवार के सदस्य डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़, फर्स्ट इंडिया न्यूज के सीईओ पवन अरोड़ा बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे, राजस्थान हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. एस.एस अग्रवाल और फेस्टिवल के फाउंडर पैट्रन धीरेन्द्र गोधा ने भी मंच साझा किया। इस दौरान जेटीएफ के अध्यक्ष संजय खवाड़, उपाध्यक्ष सर्वेक्ष अठावाल, सचिव आनंद अग्रवाल भी मौजूद रहे।

राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने फीता काटकर फेस्टिवल का उद्घाटन किया। उन्होंने स्टॉल्स पर विजिट कर वन्यजीवों के बारे में जानकारी हासिल की, इसी के साथ फोटो और चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान भक्ति, शक्ति और पर्यावरण संरक्षण की भावना को आत्मसात करने वाले लोगों की धरती है।

इस अवसर पर उन्होंने बाघ संरक्षण के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि सरकार तो इस दिशा में प्रयास कर ही रही है आमजन को भी आगे बढ़कर भागीदारी निभानी होगी। उन्होंने कहा कि बाघ ऐसा जानकर है जिसके अस्तित्व के साथ अन्य जंगली जीवों का जीवन बरकरार है इसलिए उसका संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। महामहिम राज्यपाल ने वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए डॉ. महेश बागडी,

एमडी पाराशर, धीरज कपूर, राम गोपाल, संजीव सांखला, एसीएफ विष्णु गुप्ता, रेंजर जितेन्द्र सिंह, टिम्मी कुमार, डॉ. उमा जोशी, राजेश पहाड़िया, सुनीत घिल्डियाल को सम्मानित किया।

डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने कहा कि शास्त्रों में भी वन्यजीवों का महत्व दर्शाया गया है। उन्होंने राजतंत्र में शासकों द्वारा वन संरक्षण क्षेत्र में किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राजस्थान ऐसी धरती है जहां इंसानों के साथ जानवरों में भी मिट्टी के लिए बलिदान दिया है। फेस्टिवल के पहले दिन का समापन अंतरराष्ट्रीय लोक कलाकार रेखा परिहार की नृत्य प्रस्तुति के साथ हुआ।

गौरतलब है कि चार दिवसीय 7वें जयपुर टाइगर फेस्टिवल में कुल 53 स्टॉल्स लगाए गए हैं, जहां राजस्थान के पांच प्रमुख टाइगर रिजर्व के प्रतिनिधि, देश के सुप्रसिद्ध वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर्स द्वारा बाघों की 150 से ज्यादा तस्वीरों की प्रदर्शनी, टाइगर पेंटिंग और लाइव स्केचिंग, भारतीय डाक द्वारा पोस्ट-स्टाम्प संठाह, वर्चुअल शो, स्टोरी टेलिंग, पंचतंत्र कथाएं, साहित्यिक संवाद, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और ओपन स्टेज जैसे कई आकर्षक सत्र आयोजित किए जा रहे हैं।

12 दिसंबर को सुबह 10:30 से 11:00 बजे तक नीरज चंद्र का स्टोरी टेलिंग सेशन होगा। आरुण्या प्रशार 'एथिकल सफारी' पर कविता एवं अभिनय की प्रस्तुति देंगे। इसके बाद उमा जोशी पंचतंत्र कथाओं का सेशन लेंगी। दर्श पेसवानी प्रीकर्शन पल्स सेशन लेंगे। ओपन स्टेज के बाद आरपीएस सिद्धांत शर्मा का स्टोरी टेलिंग सेशन होगा। शाम 5 से 7:30 बजे तक युवा कलाकार राहगीर अपनी कविताओं और गीतों से संगीतमय महफिल को गुलजार करेंगे।

# 'बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारना सरकार की प्राथमिकता'



पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी व कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल ने राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर प्रेस वार्ता की।

- राजस्थान सरकार के दो वर्ष पूर्णः 200 विकास रथ होंगे रवाना
- जनसेवा और विकास की दिशा में दो वर्षों की बड़ी उपलब्धियाँ सामने रखेगी सरकार

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और वित्त आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी तथा कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल ने राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर की गई उपलब्धियों और जनसम्पर्क कार्यक्रमों की जानकारी साझा की।

चतुर्वेदी ने बताया कि बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारना सरकार की प्राथमिकता रही है और अधिकांश घोषणाएँ समय पर पूर्ण की गई हैं। दो वर्षों की उपलब्धियों और विकास कार्यों को जनता तक पहुंचाने के लिए 200 विकास रथ शनिवार को दोपहर 1 बजे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा ओटीएस से रवाना किए जाएंगे। ये रथ प्रत्येक विधानसभा और पंचायत स्तर तक पहुंचकर सरकारी योजनाओं, सुधारों और विकास कार्यों का व्यापक प्रचार करेंगे। प्रत्येक जिले में प्रभारी मंत्री और स्थानीय नेतृत्व कार्यक्रमों को आगे बढ़ाएंगे तथा जनसंवाद गतिविधियों की जानकारी नियमित रूप से साझा की जाएगी।

कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि सरकार ने दो वर्षों में जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए बुनियादी सुविधाओं में व्यापक सुधार किए हैं। पिछली सरकार के समय वर्षों तक लंबित पेयजल योजनाओं को वर्तमान सरकार ने तेजी से शुरू कराया, जिससे जनता को सीधा लाभ मिला। राम जल सेतु लिंक परियोजना, यमुना जल समझौता, जवाई और सेई बांध की मरम्मत, इंदिरा गांधी नहर परियोजना सहित कई जल संसाधन कार्यक्रमों ने प्रदेश में जल संकट कम करने की दिशा में ठोस कदम बढ़ाए हैं। ऊर्जा क्षेत्र में राजस्थान ने सौर और पवन ऊर्जा के क्षेत्र में नए रिकॉर्ड स्थापित किए हैं। 22 जिलों में दिन में किसानों को बिजली उपलब्ध कराई जा रही है और 2027 तक पूरे प्रदेश में यह सुविधा सुनिश्चित की जाएगी। सड़क नेटवर्क के मामले में भी राजस्थान देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो गया है।

इन दो वर्षों में भजनलाल सरकार द्वारा किए गए कार्य प्रदेश को नए विकास मॉडल की ओर ले जा रहे हैं। विपक्ष के पास कहने को कुछ नहीं है, जबकि सरकार के पास उपलब्धियों की लंबी सूची है, जिसे अब 200 विकास रथों के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा प्रदेश महामंत्री कैलाश मेघवाल और श्रवण बागड़ी भी उपस्थित रहे।

# क्यूरेटेड एग्जीबिशन 13 और 14 दिसंबर को

**जयपुर।** भारत की समृद्ध हैंडलूम परंपराओं और हस्तनिर्मित कला को संरक्षित और बढ़ावा देने के लिए समर्पित एक अग्रणी मंच शिल्पकारी देश की विंटर हैंडलूम हेरिटेज का उत्सव मनाने के लिए के लिए विंटर वीव्स 2025 प्रस्तुत करने जा रहा है । यह दो दिवसीय क्यूरेटेड एग्जीबिशन 13 और 14 दिसंबर तक जयपुर क्लब के बैंक्वेट हॉल में सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक आयोजित होगी।

- जयपुर क्लब के बैंक्वेट हॉल में सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक होगी

एग्जीबिशन का उद्घाटन 13 दिसंबर को विशिष्ट अतिथियों रीजनल प्रेसिडेंट, एडब्ल्यूडब्ल्यूए, बरिंदर जीत कौर; रीजनल वाईस प्रेसिडेंट, एडब्ल्यूडब्ल्यूए, हरप्रीत वंद्रा; हेल्प इन सफरिंग, मैनेजिंग ट्रस्टी, टिम्मी कुमार और मैनेजिंग डायरेक्टर, लक्ष्मी ठ्ठुप एवं प्रेसिडेंट, फॉरहैक्स, रवि उतमानी द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर मेडिटेशन एक्सपर्ट और यगन आचार्या, निर्मला सेवानी मंत्रोच्चारण से आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करेंगी। यह जानकारी शिल्पकारी की संस्थापक शिल्पी भार्गव ने दी।आगामी संस्करण के बारे में बात करते हुए शिल्पी ने आगे बताया, हमारे लिए विंटर वीव्स भारत की टेक्सटाइल लिगेसी को जीवित रखने वाले हाथों और दिलों का सम्मान करने का माध्यम है। यहां प्रदर्शित प्रत्येक शिल्प परंपरा की गरमाहट और कारीगरी की पवित्रता को समेटे हुए है। हमारा प्रयास है कि हम एक ऐसा मंच तैयार करें जहां कारीगर सम्मानित महसूस करें और दर्शक हैंडलूम की वास्तविक सुंदरता को करीब से जान सकें।

विंटर वीव्स का यह संस्करण देशभर के मास्टर कारीगरों, पारंपरिक बुनकरों और शिल्प संरक्षकों को एक साथ ला रहा है। इस क्यूरेटेड शोकेस में हैंडवोवन और एम्ब्रॉएडर्ड पश्मीना शॉलें, जो अपनी नर्मी और बारीक डिटेलिंग के लिए प्रसिद्ध हैं; आकर्षक केप्स, जैकेट्स और फ़िरन, जो सर्दियों की सहज लेयरिंग के लिए डिज़ाइन किए गए हैं; पारंपरिक सिल्क साड़ियां, जो फुलकारी, अजरख और भुजोडी बुनाइयों से सजी हैं।

## प्रवासी राजस्थानियों का अभिनंदन

**जयपुर।** श्रीपरशुराम ज्ञानपीठ में बुधवार को इस्पेक के जर्मनी, जापान और अमेरिका चैप्टर के प्रतिनिधियों का गरिमामय स्वागत किया गया। ये पदाधिकारी प्रवासी राजस्थानी दिवस समारोह में भाग लेने जयपुर पहुंचे हैं।अतिथियों में यूएसए चैप्टर के संरक्षक डॉ. जय वीर सिंह राठौड़, जर्मनी चैप्टर के उपाध्यक्ष हरगोविंद राणा, और जापान चैप्टर के उपाध्यक्ष नितिन तिवाड़ी प्रमुख रूप से शामिल रहे। कार्यक्रम में प्रवासी सम्मेलन में आए संतोष राजपुरोहित (पश्चिम बंगाल), सचिन पांडिया (बेंगलुरु) और विद्याधर पारीक (दिल्ली) का भी अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर इस्पेक की चेयरपर्सन डॉ. हर्षा त्रिवेदी ने इस्पेक की अब तक की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए यूएसए चैप्टर के विधिवत गठन की घोषणा भी की। यूएसए चैप्टर का अध्यक्ष डॉ.प्रणव कुमार शर्मा को बनाया गया है। विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय महामंत्री पवन पारीक ने फाउंडेशन द्वारा संचालित गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। गुलाबी चाय अभिनंदन समारोह के अंत में इस्पेक प्रभारी प्यारेलाल शर्मा ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# 10 वां अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य मनोविज्ञान सम्मेलन शुरू

**जयपुर।** भारतीय स्वास्थ्य मनोविज्ञान अकादमी के द्वारा दसवीं अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 11 से 13 दिसंबर 2025 तक राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित हो रही है। उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलगुरु प्रो. अल्पना कटेजा, गेस्ट ऑफ़ ऑनर्स सारी एच नायबेर्ग (स्वीडन),कॉन्फ्रेंस चेयरमैन प्रो. आनंद कुमार, ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. क्रांति के. श्रीवास्तव, कांफ्रेंस डायरेक्टर, मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष राजस्थान विश्वविद्यालय प्रो. प्रेरणा पुरी, संयोजक डॉ. चंद्रानी सेन और सह-संयोजक डॉ. ज्योति के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई ।



भारतीय स्वास्थ्य मनोविज्ञान अकादमी के द्वारा दसवीं अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शुरू हुआ।

सारी नायबेर्ग हेल्थ एंबेसडर ने बताया की एक लाख बच्चों को बेहतरीन स्वास्थ्य हासिल करने में मदद करने के लिए मिशन की शुरुआत की हैं । प्रो. कटेजा ने बताया कि आज के समय में अच्छा स्वास्थ्य और समठा कल्याण न केवल शारीरिक क्षमता का प्रतीक हैं बल्कि सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य का आधार भी है। प्रो. प्रेरणा पुरी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भारत के विभिन्न विश्वविद्यालय और कॉलेज से 500 से अधिक पंजीकरण दर्ज किए गए हैं इसके साथ ही 25 राज्य व 7 देश से आए अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों,शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में भाग लिया है। तीन दिवसीय सम्मेलन में स्वास्थ्य मनोविज्ञान, मानसिक कल्याण,शोध पद्धितयों, मनोवैज्ञानिक हस्तक्षेपों और वैश्विक स्वास्थ्य चुनौतियों पर अनेक तकनीकी सत्र, पोस्ट प्रस्तुतियां, विशेषज्ञ व्याख्यान शामिल किए गए हैं ।प्रो. आनंद नें अपने उद्बोधन मैं बताया कि भारतीय स्वास्थ्य मनोविज्ञान अकादमी ने वर्ष 2015 से 2025 तक अपनी दस वर्ष की उल्लेखनीय यात्रा को पूरा करते हुए स्वास्थ्य मनोविज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। विशेषज्ञों ने कहा कि आधुनिक समय में स्वास्थ्य मनोविज्ञान की भूमिका और भी महत्वपूर्ण होती जा रही है और ऐसे अंतरराष्ट्रीय मंच ज्ञान एवं नवाचार के साझा आदान प्रदान के लिए अत्यंत आवश्यक है।

## सार-समाचार

### चोरों ने किया सूने मकान पर हाथ साफ

**जयपुर।** बिंदायका थाना इलाके में रहने वाले एक परिवार को सूना मकान छोड़कर महाकालेश्वर जाना भारी पड़ गया। सूना मकान देख अज्ञात नकबजन ताला तोड़ अंदर घुसे और अलमारी में रखे सोने-चांदी के गहने और एक लाख रुपए कैश लेकर फरार हो गए। पुलिस को मामले की जानकारी उज्जैन से लौटने पर चली। पीड़ित की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने एफएसएल टीम की सहायता से घटना स्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाकर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया कि थाना इलाके में स्थित वैशाली विहार फर्स्ट निवासी आशीष किराड ने 6 दिसम्बर को परिवार सहित महाकालेश्वर दर्शन करने के लिए उज्जैन गया हुआ था। सूना मकान देख अज्ञात नकबजन ताला तोड़ मकान के अंदर घुसे और अलमारी में रखे सोने-चांदी के गहने, करीब 1 लाख रुपए कैश और कीमती सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात नकबजनों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरु कर दी है।

### ठगी करने वाला शातिर गिरफ्तार

**जयपुर।** बनी पार्क थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फर्जी साइबर सेल अधिकारी बन लोगों से ठगी करने वाले एक शातिर को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्तार आरोपी से अन्य ठगी की वारदातों के बारे में गहनता से पूछताछ करने में जुटी हुई है। शातिर बदमाश ठगी की रकम को रिफंड करवाने का झांसा देकर प्रोसेसिंग फीस के नाम से पैसे वसूल करता और बाद में नंबर ब्लॉक कर देता था। पुलिस फिलहाल गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) हनुमान प्रसाद ने बताया कि बनीपार्क थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फर्जी साइबर सेल अधिकारी बन लोगों से ठगी करने वाले अरुण पंवार (20) निवासी गोकुलपुरा झोटवाड़ा को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित ने गृह मंत्रालय दिल्ली के एनसीआरपी पोर्टल के नाम की फर्जी इंस्टाठााम अकाउंट बना रखा था। लोगों को विश्वास दिलवाने के लिए साइबर धोखाधडी में गई रकम को वापस दिलवाने की कई रील शेयर कर रखी थी। साइबर धोखाधडी के शिकार पीड़ित लोग इस फर्जी अकाउंट को देखकर आरोपित अरुण से सम्पर्क करते थे। साइबर धोखाधडी के शिकार लोगों के सम्पर्क करने पर वह उन्हें रकम वापस दिलवाने का वादा करता। उसकी ओर से पीड़ित को एनसीआरपी पोर्टल का फेक स्क्रीन शॉट भेजता। इनसे दिखाता कि पैसे होल्ड हैं और उसको यह रकम 15 मिनट में शेयर कर दी जाएगी। रकम रिफंड की कहकर प्रोसेसिंग फीस के नाम पर वसूली करता था। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

### बिजली चोरी पकड़ी

**जयपुर।** अधीक्षण अभिंयता (सतर्कता) श्री बी.एल.शर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (सतर्कता) श्री महेन्द्र कुमार शर्मा के निर्देशन में जयपुर डिस्कॉम के सहायक अभिंयता द्वारा दौलतपुरा, मनोहरपुर व विराट नगर क्षेत्र में सतर्कता जांच के दौरान पांच विभिन्न परिसरों में विद्युत चोरी पकडी गई, जिसमें 2 (..) वाटर प्लान्ट व 3 घरेलू कनेक्शनों में सर्विस केबल में कट लगाकर एवं सीधे पोल से अवैध तार को जोंडकर विद्युत की चोरी की जा रही थी जिनकी मौके पर वीसीआर भरी गई एवं पोल से अवैध तार हटाकर कनेक्शन काटकर मीटरों को जब्त किया गया। अधीक्षण अभिंयता (सतर्कता) ने बताया कि उक्त कार्यवाही में कुल 588000/- रूपये का जुर्माना लगाया गया है। कनेक्शनो को काटकर राजस्व वसूली की कार्यवाही जारी है।

# परीक्षा लीक गिरोहों और नकल माफिया के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई कर एसआईटी ने परीक्षा प्रणाली को सुरक्षित बनाया

**जयपुर।** राज्य सरकार ने दो वर्षों में भर्ती परीक्षाओं के आयोजन को पारदर्शी बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर गठित एसआईटी (विशेष अनुसंधान दल) की सक्रिय भूमिका ने भर्ती परीक्षाओं में होने वाली गड़बड़ियों पर न केवल प्रभावी अंकुश लगाया, बल्कि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई कर परीक्षा प्रणाली के प्रति युवाओं के विश्वास को भी बढ़ाया है।

आज प्रदेश की भर्ती परीक्षा प्रणाली पूर्ण रूप से सुरक्षित बन रही है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एटीएस एवं एसओजी विशाल बंसल ने बताया कि एसआईटी के गठन के बाद से राजस्थान लोक सेवा आयोग, राजस्थान अधीनस्थ कर्मचारी चयन बोर्ड और अन्य भर्ती बोर्डों द्वारा 6 नवंबर तक कुल 296 छोटी-बड़ी परीक्षाएं सफलतापूर्वक आयोजित की गई और एक भी पेपर लीक नहीं हुआ।

इसके अतिरिक्त केंद्र सरकार की अनेक भर्ती परीक्षाएं तथा विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा आयोजित परीक्षाएं भी बिना किसी अनियमितता के सुचारू रूप से संपन्न हुईं।वर्तमान सरकार के कार्यकाल में भर्ती प्रणाली में विश्वसनीयता लौटी है। इसमें एसआईटी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। एसआईटी की सक्रियता से पूरे तंत्र में अभूतपूर्व बदलाव आया है।

परीक्षा लीक गिरोहों और नकल माफिया के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई कर एसआईटी ने परीक्षा प्रणाली को सुरक्षित बनाया है। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने पेपरलीक के मामलों की त्वरित जांच और दोषियों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए 16 दिसंबर 2023 को एसआईटी (विशेष अनुसंधान दल) का गठन किया था।

# कांग्रेस वर्षों तक घुसपैठियों के कारण सत्ता में बनी रही : सांसद सीपी जोशी

**दिल्ली/जयपुर।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं चित्तौडगढ़ सांसद सीपी जोशी ने आज दिल्ली स्थित अपने आवास पर मीडिया से बातचीत करते हुए देश-प्रदेश के प्रमुख मुद्दों पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने एसआईआर, किसान और निवेश को लेकर कांठोस पर तीखे हमले किए।

सांसद सीपी जोशी ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संसद में दिए गए तथ्यात्मक और ऐतिहासिक जवाब ने कांठोस की जमीन हिला दी है। कांठोस घुसपैठियों की राजनीति पर बेनक़ाब हुई और एसआईआर पर सच्चाई सामने आने से बौखला गई। उन्होंने कहा कि "एसआईआर में तो सिर्फ यही हो रहा है कि इस देश की मतदाता सूची में वही नाम रहेगा जो भारतीय नागरिक होगा, जीवित होगा, और वयस्क होगा। फिर कांठोस को तकलीफ किस बात की?

सांसद सीपी जोशी ने कहा कि गृह मंत्री ने जब नेहरू, इंदिरा और राजीव गांधी के कार्यकाल की कमियों पर बात की तो कांग्रेस नेता शांत रहे, लेकिन जैसे ही घुसपैठियों पर प्रहार किया, तत्काल विपक्षी नेता उठकर बाहर चले गए। इससे साफ है कि कांग्रेस वर्षों तक घुसपैठियों के कारण सत्ता में बनी रही और आज जब मतदाता सूची का शुद्धिकरण हो रहा है, तो कांग्रेस को सबसे ज्यादा दर्द उसी बात का है कि घुसपैठियों के नाम सूची से क्यों हट रहे हैं।

सांसद सीपी जोशी ने किसानों पर कांठोस की राजनीति को बेनकाब और भाजनपा के ऐतिहासिक कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि कांठोस ने 60 वर्ष में किसानों के लिए क्या किया, इसका जवाब देना चाहिए, कांग्रेस ने सिर्फ किसानों को भड़काने का काम किया है।

# रबी सीजन में किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण कृषि आदान उपलब्ध कराई जाये : मुख्य सचिव

**जयपुर।** माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में 27 नवम्बर को आयोजित उर्वरकों की समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देशों की अनुपालना में तथा प्रदेश में उर्वरकों की आपूर्ती की समीक्ष हेतु राज्य स्तरीय फर्टिलाइजर डिस्ट्रीब्यूशन रेगुलेट्री टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में गुरुवार को शासन सचिवालय के सभा कक्ष में किया गया।



उर्वरक वितरण पर राज्य स्तरीय बैठक आयोजित हुई।

- मुख्य सचिव ने कहा कि किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए विभागों के बीच समन्वय आवश्यक है

मुख्य सचिव ने कहा कि रबी सीजन में यूरिया की मांग अधिक रहती है, इसलिए सभी फर्टिलाइजर कम्पनियां मांग व आपूर्ती का विशेष ध्यान रखते हुए यूरिया की आपूर्ती समय पर करें। इस वर्ष अप्रत्याशित वर्षा होने के कारण विगत वर्षों की तुलना में रबी में 11 लाख हैक्टेयर में अधिक बुवाई हुई है।

मुख्य सचिव ने कहा कि किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए विभागों के बीच समन्वय आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अनुदानित यूरिया के गैर कृषि कार्यों तथा अन्य औद्योगिक गतिविधियों में उपयोग पर पूरी तरह से अंकुश लगायें। उर्वरकों की कालाबाजारी एवं अवैध भण्डारण के खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाये। उर्वरकों का राज्य के बाहर परिगमन को रोकने के लिए सीमावर्ती जिलों में स्थापित चैकपोस्टों पर सतत् निगरानी रखी जाये। उन्होंने आदान विक्रेताओं एवं कालाबाजारी एवं अवैध भण्डारण में लिप्त दोषियों के खिलाफ2025 में अब तक दर्ज 87 एफआईआर में अनुसंधान पूरा कर शीघ्र चालान पेश करने के गृह विभाग को निर्देश दिए।

बैठक में प्रमुख शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी मंजु राजपाल ने प्रजेंटेशन के माध्यम से उर्वरकों से संबंधित तथ्य एवं जानकारियां प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अक्टूबर से दिसम्बर तक 11.35 लाख मै. टन यूरिया आवंटन किया गया था। आज तक राज्य में यूरिया की कुल उपलब्धता 11.48 लाख मै.टन है। वर्तमान में प्रदेश में 1.57 लाख मैं. टन यूरिया स्टॉक में है। माह दिसम्बर का आवंटन 3 लाख 80 हजार मै. टन है, जिसमें 1 लाख 75 हजार मै. टन यूरिया की आपूर्ती हो चुकी है तथा निरंतर आपूर्ती जारी है।उन्होंने बताया कि 7 दिसम्बर से 14 दिसम्बर तक आवंटित 50 रैक यूरिया में से 18 रैक परिवहन में हैं, जिसमें 0.48 लाख मै.टन यूरिया की आपूर्ती आगामी 2-3 दिवस में कर दी जायेगी। इस सप्ताह के शेष दिवसों में लगभग 30 रैक और आना संभावित है, जिसमें लगभग 0.81 लाख मै. टन यूरिया की आपूर्ती की जायेगी।

## दुपहिया वाहन चुराने वाले दो शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

**जयपुर।** जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से चोरी के तीन दुपहिया वाहन सहित एक बाइक का इंजन भी बरामद की है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व संजीव नैन ने बताया कि जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले दो शातिर वाहन चुराने वाले 21 वर्षीय दीपक चौधरी उर्फ डीडी निवासी सीकर और 25 वर्षीय सलमान खान निवासी मालपुरा गेट जयपुर को गिरफ्तार किया है और जिनके पास से चोरी की तीन दुपहिया वाहन सहित एक बाइक का इंजन जब्त किया गया है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

# 'मोदी सरकार ने शिक्षा क्षेत्र में परिवर्तन की जो गति दी है, वह अभूतपूर्व है'

**जयपुर।** राज्यसभा के महत्वपूर्ण सत्र के दौरान राजस्थान के वरिष्ठ भाजपा सांसद श्री मदन राठौड़ ने उच्च शिक्षा की गुणवत्ता, शिक्षक प्रशिक्षण और नए भारत के ज्ञान-विकास मॉडल से जुड़े अत्यंत महत्वपूर्ण प्रश्न संसद में उठाए। उन्होंने विशेष रूप से यह जानना चाहा कि देशभर में स्थापित मल्टीमॉडल टीचर ट्रेनिंग सेंटर्स किस प्रकार शिक्षक क्षमता निर्माण को मजबूत करने में भूमिका निभा रहे हैं और सामाजिक-आर्थिक रूप से वंचित वर्गों के लिए क्या विशेष प्रावधान किए गए हैं। उनके द्वारा उठाए गए प्रश्नों ने न केवल शिक्षा सुधारों पर राष्ट्रीय विमर्श को नई दिशा दी, बल्कि मोदी सरकार की शिक्षा-क्रांति को भी रेखांकित किया, जो "नए भारत" की नींव को और सुदृढ़ कर रही है।शिक्षा मंत्रालय की ओर स मंत्रालय में राज्य मंत्री डॉ. सुकान्त मजूमदार ने दिए गए जवाब में बताया गया कि 05 सितंबर 2023 को पुनः शुरू की गई। योजना के तहत देशभर में 151 केंद्र स्थापित और मान्यता प्राप्त किए जा चुके हैं।

ARBIT it happens here...



## Celebrating the Sweet Tradition of Gingerbread Houses

Gingerbread House Day, observed on December 12, celebrates the delightful tradition of crafting and decorating gingerbread houses. Rooted in early 19th-century Germany, this festive custom is said to have been inspired by the Brothers Grimm tale 'Hansel and Gretel,' where a magical house made of sweets captured imaginations. Today, the day encourages people of all ages to gather, get creative, and enjoy the warmth of holiday baking. From intricate designs to simple family creations, Gingerbread House Day highlights the joy of artistry, storytelling, and togetherness during the festive season.

राष्ट्रदूत
FRIDAY
12 December 2025
A-B

#FOOD

# Sarson Da Saag and Makki di Roti

A Culinary Journey: The Global Roots of Punjab's Iconic Cuisine





Punjab's national food, the beloved Sarson da Saag and Makki di Roti, is a heartwarming symbol of regional pride, agricultural tradition, and culinary heritage. But behind this celebrated combination lies a fascinating story of migration, trade, and evolution that highlights how deeply interconnected the world's cuisines truly are.

### Sarson ka Saag and Makki di Roti: A Classic, Yet Not Ancient

This iconic Punjabi dish, made of mustard greens and served with a flatbread made of maize flour, is often assumed to be a timeless part of Punjabi tradition. However, the primary grain used in Makki di Roti, maize (corn), is not native to India. In fact, maize originated in South America and only made its way to the Indian subcontinent around 350 years ago. This means that this 'traditional' dish is, in historical terms, relatively recent.

### A Plate of Imports: How Global Crops Shaped Indian Cuisine

India's culinary landscape, rich as it is today, has been shaped dramatically by the movement of crops and spices across continents. Groundnut (peanut), for example, was virtually unknown in India before 1920. Today, it's a staple in many regions, used in chutneys, oils, and snacks.

Chillies, a defining ingredient in modern Indian cooking, are another New World crop, native to South America. Surprisingly, Delhi and its surrounding regions had no trace of chillies until the 18th century. Before their arrival, Indian cuisine relied heavily on native spices for heat and flavor. One such spice was black pepper, often referred to as 'the king of spices,' which had been used for centuries as the main pungent component in Indian food.

### Before Mughlai: What Did Indians Eat?

Another misconception about Indian food is that the rich, creamy Mughlai dishes were always a part of Indian culinary tradition. In reality, such dishes gained popularity with the arrival of the Mughals, and before that, everyday food across much of India was simpler, more localized, and less dependent on ingredients like cream, nuts, and chillies.

### Spices Across Seas: The Journey of Dalchini

Even among India's oldest spices, some have stories of foreign origins. Dalchini, or cinnamon, came not from India but from the coast of Indonesia. It first reached China, and later traveled westward through the famous Silk Route. Arab traders played a key role in this journey and gave it a name that reflected its origin: 'Cheen se aane wali dal.'

### A Global Plate, A Local Identity

What these stories reveal is that Indian cuisine, like much of the world's food, is an ever-evolving fusion of global influences. Yet, over time, these ingredients and dishes have been so deeply integrated into local traditions that they now feel inherently 'Indian.'

Punjab's Sarson ka Saag and Makki di Roti is a perfect example of how international ingredients, local agricultural practices, and centuries of cultural blending can give rise to what we now consider traditional cuisine.



# Why Hundreds Are Flocking to See This 100-Year-Old Painting!

#INSPIRATION

● Bulbul Joshi

> The moody oil-on-canvas artwork, painted around 1900, shows an ethereal woman in a white dress floating in a pool of water, surrounded by flowers and leaves. Heyser's piece, called Ophelia, depicts a scene from William Shakespeare's Hamlet in which the young noblewoman from Denmark descends into madness and drowns to death. Just a few seconds into the music video, Swift appears in a similar painting hung on the wall of an ornate room with a grand staircase. As the first few notes of the song begin to play, Swift lies motionless on her side in a white dress surrounded by flowers, before eventually standing and starting to sing.

Taylor Swift's newest album, *The Life of a Showgirl*, was an instant success, breaking multiple music industry records since debuting on October 3. While many fans seem to love all of the singer-songwriter's new songs, one track in particular has risen above the rest: 'The Fate of Ophelia,' which has spent three straight weeks atop the Billboard Hot 100 King of the Dinosaurs.


For one museum in western Germany, the song's popularity has been an unexpected boon. Swifties are now flocking to Museum Wiesbaden to see a Friedrich Heyser painting that appears to have inspired the opening scene of the 'The Fate of Ophelia' music video.

The moody oil-on-canvas artwork, painted around 1900, shows an ethereal woman in a white dress floating in a pool of water, surrounded by flowers and leaves. Heyser's piece, called Ophelia, depicts a scene from William Shakespeare's *Hamlet* in which the young noblewoman from Denmark descends into madness and drowns to death.

Just a few seconds into the music video, Swift appears in a similar painting hung on the wall of an ornate room with a grand staircase. As the first few notes of the song begin to play, Swift lies motionless on her side in a white dress surrounded by flowers, before eventually standing and starting to sing.

Fans appear to have made the connection between the music video and the museum's painting on their own. As word spread on social media, hundreds of visitors, mostly young women, teenagers and girls, started showing up at the 200-year-old museum, asking staffers to point them in the direction of Ophelia.

"We are having an absolute Ophelia run at the moment and are quite surprised and happy about it," says Susanne Hirschmann, a spokesperson for the museum located west of Frankfurt, to the Guardian's Deborah Cole. "We have a wonderful Art Nouveau collection. Many of our guests want to see Alphonse Mucha; they want to see Hector Guimard. But this is the first time we've really had a run on a painting. It's been a shock, to be honest." Museum leaders were initially worried about the sudden influx of Swifties. Staffers have erected a rope to prevent visitors from getting too close to the painting, report David Crossland and Jennifer Kennedy of the London Times. But so far, the hordes of fans have not posed any problems. Hirschmann tells the Guardian that they've taken a 'respectful approach,' one that includes posing for photos with the painting and, in some instances, sharing the encounters online. Overall, the song's popularity has been a positive for the institution, and for art appreciation more broadly. "For us, it's a really great opportunity to bring people to the museum who don't know us yet, and also just to talk about the art," Hirschmann tells BBC Radio 4's 'Today.' Museum Wiesbaden has held an Ophelia-themed event in early November, which includes a short guided tour of the artwork and an exploration of Ophelia as a character. Visitors are encouraged to attend in costume, either dressed as a Swiftie, or as Ophelia herself. (Unsurprisingly, the event was already sold out in October itself.)



Friedrich Heyser's oil-on-canvas painting depicts a scene from William Shakespeare's Hamlet.

Why did Swift pick this specific painting? Nobody at the museum knows. One possibility is that the American pop artist somehow discreetly visited the museum last year, when her Eras Tour passed through Germany in July 2024. But that seems unlikely. "I think if Taylor Swift came here, even incognito, we would have noticed," Hirschmann tells the Guardian.

It's also possible Swift was referencing a different artwork altogether, for example, an 1852 painting by John Everett Millais housed at Tate Britain in London. Millais' piece purportedly inspired Heyser's painting 50 years later, and Swift may have drawn inspiration from both.

Some onlookers see a connection between the Millais painting and The Life of a Showgirl's album cover, as well as the final scene of 'The Fate of Ophelia' music video, when Swift lounges in a bathtub in a sparkly costume.

"The gown she's wearing in the music video resembles much more closely the Heyser painting, as does her opening pose in the video," says Elly McCausland, a literary scholar at Ghent University in Belgium who writes a blog about the literary quality of Swift's songwriting, to the Times. "But the flowers in the Millais painting have been linked to the flower-covered piano that Swift performed on at the Eras Tour, suggesting she had been thinking of the painting long before she released the album."

McCausland says there's yet another painting to consider, too: John William Waterhouse's *The Lady of Shalott* (1888), also at Tate Britain. "I think she's cherry-picking various literary and artistic references and combining them to suit her meaning, rather than remaining faithful to one particular vision or interpretation," McCausland adds.


rajeshsharma1049@gmail.com

#READING


# The Divine Method

Palm of the hand to moldy cheese, to prophesy supernatural knowledge about fates

Reading the lines of the palm may have originated in India before spreading to the Middle East and Europe. Aristotle believed the creases of the palm indicated the length of a life, and by the Renaissance, palmistry had become so popular that it was denounced by the pope. Shakespeare had Othello tell his wife, Desdemona, that her hand 'argues fruitfulness and liberal heart.' Not all palm readings are so happy. According to an English guide published around 1700, if a small half-moon shape is lodged in someone's 'middle line,' they're fated to suffer from 'cold and watery diseases.'









### Tasseomancy

Reading tea leaves may have originated in China-tea's birthplace, thousands of years ago, when people first began examining the wet dregs left at the bottoms of their cups. After tea arrived in Europe, tasseomancy became a popular pastime for English women, especially in the Victorian period. Industrious diviners assigned meaning to images they saw in leaves, like animals, objects, numbers or letters, which they would interpret for curious souls. For example, a mushroom shape, according to a 19th-century guide, signified a 'sudden separation of lovers after a quarrel.'

### Tyromancy

This funky divination method, first mentioned (derisively) by a second-century A.D. Greek citizen of Ephesus, in present-day Turkey, works best with varieties like blue cheese and Swiss, as a diviner discerns fortunes from moldy veins and holes. According to the modern practitioner Jennifer Billock, the niche method gained popularity in medieval and early modern England, used to predict the harvest, a child's future or even a maiden's romantic fate. A hopeful lass, Billock says, would carve suitors' names into a block of Cheshire and watch to see which molded first, indicating her future husband.

### Crystallomancy

Seeing visions in a crystal ball is one way to 'scry,' or divine the future from a reflective surface. Celtic druids are thought to have crystal-gazed, and traveling Romani people have practiced the art for centuries. After it resurged in Victorian England, in 1905, one scholar explained that a scryer could see either a clear picture or a misty cloud dissolving to reveal a vision from the future. But conditions have to be right. According to a 1920s guide, the scrying room should be temperate and 'charged with dull light,' and the seer must not have recently eaten.

#QHAPAQ ÑAN

# The Inca Roads of Peru



A network of roads that spanned thousands of miles across the Andean mountains, an engineering marvel of the Ancient Andes

The Inca Empire, one of the most advanced civilizations in pre-Columbian America, not only left behind monumental structures like Machu Picchu but also a vast and intricate network of roads that spanned thousands of miles across the Andean mountains. Known for their remarkable engineering, the Inca roads were key to the empire's cohesion, military control, and communication. These roads remain a testament to the ingenuity of Inca civilization and continue to captivate both historians and travelers alike.




### Overview of the Inca Road System

The Inca road system, often referred to as the Qhapaq Ñan, was an extensive network of highways and trails that stretched over 25,000 miles (around 40,000 kilometers), connecting diverse regions of the Andean highlands and coastal areas. The Qhapaq Ñan was used primarily for military, administrative, and trade purposes, facilitating the movement of troops, supplies, and information across the empire, which spanned modern-day Peru, Ecuador, Chile, Bolivia, Argentina, and parts of Colombia.

At its peak, the Inca road system was the most sophisticated and far-reaching network in the Americas, offering a model of efficiency and durability that still astounds engineers and archaeologists today.

### Strategic Importance of the Road System

The Inca Empire's vast road network was critical for several key aspects of Inca governance and economy.

1. **Military Mobility:** The Inca Empire expanded through military conquest, and the road system played a crucial role in moving troops quickly across the empire. The roads allowed the Sapa Inca (the emperor) and his military commanders to send reinforcements or suppress rebellions far from the capital, Cuzco.
2. **Economic and Trade Facilitation:** The roads enabled the Inca to manage a complex tributary system, where subject peoples were required to provide goods and labor. The road network helped facilitate trade between different regions, moving goods such as potatoes, maize, cotton, gold, and textiles. Even though the Incas did not use currency, the efficient transport system helped ensure the redistribution of goods from rich to poor areas.
3. **Communication:** The Inca road system also played an essential role in communication across the empire. With the help of the Chasquis and Tampus, information could be sent and received quickly, ensuring that the centralized bureaucracy functioned effectively.
4. **Religious and Cultural Integration:** The roads also had a symbolic and spiritual purpose. The Incas viewed the roads as connecting different regions of the empire to the sun god, Inti, and their most sacred sites. Major roads led to key Inca ceremonial centers like Machu Picchu, Sacsayhuamán, and Qosqo (Cuzco), which was considered the navel of the world. Pilgrims and state officials would travel these roads for ceremonial purposes, further solidifying the cultural unity of the empire.




### The Legacy of the Inca Road System

Although the Spanish conquistadors destroyed much of the Inca Empire in the 16th century, the road system remained largely intact in many regions. In fact, some of the Inca roads still form the backbone of Peru's modern transportation network. The town of Ollantaytambo, located near Machu Picchu, still preserves Inca roads and architecture. Today, many of the ancient roads are still used by locals, tourists, and trekkers, especially the famous Inca Trail that leads to Machu Picchu. The Inca Trail, in particular, remains a popular route for tourists wishing to experience a piece of history while hiking through the dramatic Andean landscape. The enduring appeal of the Inca roads lies not only in their historical significance but also in their breathtaking beauty and connection to a time of profound cultural and technological advancement.

### The Acidic Deposits and the Atacama Desert

As the Inca road system reached its southernmost territories, it encountered the harshest and driest environments in South America. One notable region is the Atacama Desert, which lies to the south of the Inca Empire, extending across modern-day Chile and Peru. Known for being the driest desert on Earth, the Atacama presents extreme challenges to both travelers and engineers alike. In this region, the unique environmental conditions have led to the accumulation of acidic mineral deposits. The desert, characterized by very low rainfall, experiences a buildup of sulfur, sodium chloride, and other acidic compounds in the soil and groundwater. These acidic deposits are a result of both the high evaporation rates in the desert and the natural mineral-rich volcanic activity in the region.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# डीडवाना : सरकार ने कस्टोडियन जमीनों के मुद्दे पर राज्य स्तरीय कमेटी गठित की

## राजस्व विभाग के वरिष्ठ शासन उप सचिव ने चार सदस्यीय कमेटी का गठन किया



आदेश जारी होते ही डीडवाना विधायक यूनुस खान कस्टोडियन जमीनों के प्रभावित लोगों के साथ जिला कलेक्टर डॉ. महेंद्र खड़गावत से मिलने पहुंचे।

**■ कमेटी में डीडवाना, चौमूं व जयपुर के तहसीलदार सहित एक डीएलआर को शामिल किया**

**डीडवाना,** (निसं)। डीडवाना जिले में कस्टोडियन जमीनों को सरकारी घोषित करने के विरोध में लंबे समय से किसानों का आंदोलन जारी है। इस मुद्दे को लेकर अब राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए एक राज्य स्तरीय कमेटी का गठन किया है। यह कमेटी कस्टोडियन जमीनों के संबंध में प्राप्त ज्ञापन और अभ्यावेदन दिनों में उठाए गए बिंदुओं पर सरकार के नियमों और परिपत्रों के मुताबिक विधिक परीक्षण करेगी और अपनी जांच रिपोर्ट राज्य सरकार को प्रस्तुत करेगी।

राजस्व विभाग के वरिष्ठ शासन उप सचिव कैलाश चंद्र कुमावत ने एक आदेश जारी कर इस कमेटी का गठन किया है। इस कमेटी में डीडवाना, चौमूं व जयपुर के तहसीलदारों सहित एक डीएलआर को किया शामिल किया गया है। यह आदेश जारी होते ही डीडवाना विधायक यूनुस खान बड़ी संख्या में कस्टोडियन जमीनों के प्रभावित लोगों के साथ जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे और कलेक्टर डॉ. महेंद्र खड़गावत को सरकार का आदेश सौंपा।

इस मौके पर यूनुस खान ने कहा कि डीडवाना में सैकड़ों किसान परिवार कस्टोडियन जमीनों पर 78 वर्षों से काबिज है और यह जमीने उनकी पुश्तैनी जमीन है, लेकिन इन जमीनों को वर्ष 2011 में सरकारी घोषित कर दिया गया और अब इन जमीनों को सरकार अपने संरक्षण में ले रही थी। इसे लेकर उन्होंने विधानसभा में भी मुद्दा उठाया और राजस्व मंत्री सहित राजस्व विभाग के उच्च अधिकारियों से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपे। यूनुस खान ने सरकार से किसान परिवारों को उनका वास्तविक और विधिसम्मत अधिकार दिलाने के लिए त्वरित एवं ठोस कार्रवाई करने का आग्रह किया। इसी के परिणाम स्वरूप राज्य सरकार ने संवेदनशीलता दिखाते हुए आज कमेटी बनाने के आदेश जारी किए।

# ट्रेन की चपेट से युवक की मौत



मृतक युवक का फाइल फोटो।

**■ आत्महत्या या फिर हादसा, पुलिस कर रही है जांच**

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिला मुख्यालय के समीप इंडाली रोड पर ट्रेन की चपेट में आने से 32 साल के एक युवक की मौत हो गई। यह हादसा था या फिर आत्महत्या, यह जांच का विषय है, जिसे लेकर पुलिस ने अपनी छानबीन शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार इंडाली गांव का रहने वाला जयप्रकाश पुत्र विद्याधर जाट बुधवार सुबह अपने घर से बाइक लेकर निकला था। इसके बाद बुधवार शाम को सूचना मिली कि जयप्रकाश का शव इंडाली अंडरपास के करीब पटरियों के किनारे पड़ा हुआ है। परिजन मौके पर पहुंचे तो जयप्रकाश मृत हालत में मिला। कुछ दूरी पर ही जयप्रकाश की बाइक भी मिली। मौके पर परिजनों को जयप्रकाश की जेब से इंडाली अस्पताल की एक पर्ची मिली, जिसके अनुसार संभावना जताई जा रही है कि मौत से कुछ घंटे पहले ही जयप्रकाश अपनी किसी बीमारी का इलाज करवाने के लिए अस्पताल गया था। जयप्रकाश एक पेट्रोल पंप पर सेल्समैनी करता था, लेकिन आठ दिन पहले तीन दिसंबर को ही उसने वहां पर भी काम छोड़ दिया था। दो दिन पहले पेट्रोल पंप पर भी हिसाब करने गया था। जयप्रकाश की मौत अभी पहेली बनी हुई है। मौके के हालातों से यह आत्महत्या लग रही है, लेकिन परिजनों का मानना है कि जयप्रकाश ऐसा किसी तनाव में भी नहीं था कि वह सुसाइड कर ले। पुलिस ने गुरूवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर मौत के कारणों की पड़ताल शुरू कर दी है। मृतक जयप्रकाश अविवाहिता था। उसका छोटा भाई है। जो रेलवे में नौकरी करता है।

# कर्ज से परेशान युवक ने आत्महत्या की

**कोटा,** (निसं)। उद्योग नगर थाना इलाके में एक युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन करके सुसाईड कर लिया।

जानकारी के अनुसार सीताराम पांचाल (42) ने घर में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, सीताराम को अचेतावस्था में परिजन उपचार के लिये अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। उद्योग नगर थानाधिकारी जितेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रेम नगर द्वितीय निवासी सीताराम पांचाल ने घर में जहरीले पदार्थ का सेवन करके आत्महत्या कर ली। थानाधिकारी ने बताया कि सीताराम फर्नीचर का काम करता था, मृतक के परिजनों ने रिपोर्ट दी है कि कर्जदार आये दिन आकर परेशान करते थे। इसी तनाव के चलते उन्होंने यह कदम उठाया है। थानाधिकारी ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। परिजनों की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# पिलानी में सेना के हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग



पिलानी स्थित हेलिपेड पर सेना के हेलिकॉप्टर की एमरजेंसी लैंडिंग से हड़कंप मच गया।

**■ करीब 15 मिनट बाद ही वापस हेलिकॉप्टर ने उड़ान भरी**

**पिलानी,** (निसं)। कस्बे में स्थित हेलिपेड पर सेना के हेलिकॉप्टर की एमरजेंसी लैंडिंग से हड़कंप मच गया।

गुरूवार दोपहर को अचानक बीईटी के हेलिपेड पर सेना का हेलिकॉप्टर उतर गया, जिसके बाद हेलिपेड पर मौजूद कर्मचारियों ने सूचना बीईटी निदेशक मेजर जनरल एसएस नायर को दी। अचानक हेलिकॉप्टर के आने की सूचना पर मेजर जनरल एसएस नायर भी बीईटी स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और पुलिस के साथ प्रशासन को सूचना दी गई, लेकिन जब तक बीईटी निदेशक एसएस नायर पहुंचे। तब तक हेलिकॉप्टर ने वापिस उड़ान भरने की तैयारी कर दी थी। सूत्रों की मानें तो सेना के हेलिकॉप्टर में तकनीकी खामी आ जाने के कारण बिना कोई पूर्व सूचना के सेना के जवानों ने हेलिकॉप्टर लेंडिंग कर दी थी, लेकिन जब तकनीकी खामी दूर हुई तो वे वापस रवाना हो गए। पुलिस भी जब पहुंची, तब तक सेना के जवान हेलिकॉप्टर में बैठ चुके थे, इसलिए पुलिस भी कोई जानकारी नहीं जुटा सकी। हेलिकॉप्टर करीब 15 मिनट ही पिलानी में रूका। बाद में हेलिकॉप्टर के जयपुर जाने की सूचना मिली है।

# अवैध डोडा-पोस्त जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

**अनूपगढ़,** (निसं)। पुलिस ने लगातार दूसरे दिन अवैध नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग अभियानों में 2 किलो 780 ग्राम डोडा-पोस्त डंठल सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए की गई।

पहली कार्रवाई एसएचओ ईश्वर प्रसाद जांगिड़ के नेतृत्व में की गई। गश्त के दौरान प्रीति पैलेस रोड पर बिजली बोर्ड के पास एक स्कूटी सवार व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम कालूराम पुत्र कृष्णलाल, निवासी वार्ड नंबर 3, प्रेम नगर, अनूपगढ़ बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक गत्ते में 1 किलो 240 ग्राम अवैध डोडा-पोस्त डंठल बरामद हुआ।

पुलिस ने कालूराम को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया और परिवहन में प्रयुक्त स्कूटी जब्त कर ली। दूसरी कार्रवाई उपनिरीक्षक गोविंद सिंह ने की। उन्होंने नेशनल हाईवे 911 से गांव 26 एपीडी की तरफ जाने वाली सड़क पर 24 एपीडी मोड़ के पास से आरोपी जगवीर सिंह पुत्र दलबारा सिंह, निवासी 77 जीबी, हाल चक 24 एपीडी अनूपगढ़ को गिरफ्तार किया। जगवीर सिंह के पास से 1 किलो 540 ग्राम अवैध डोडा-पोस्त डंठल बरामद हुआ। इस दौरान पुलिस ने परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया।

डीएसपी प्रशांत कौशिक ने बताया कि पकड़े गए आरोपी कालूराम के खिलाफ अब एनडीपीएस के कुल 3 मामले दर्ज हो गए हैं। वहीं, आरोपी जगवीर सिंह के खिलाफ एनडीपीएस के 8 मुकदमे दर्ज हैं, जो उसकी आपराधिक पृष्ठभूमि को दर्शाता है।

# युवा कारोबारी ने खुदकुशी की

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। एक युवा किराना करोबारी ने अपनी दुकान में संदिग्ध परिस्थितियों में फंदा लगाकर जान दे दी। घटना का पता तब चला जब दिनभर दुकान नहीं खुली। पड़ोसियों की ओर से कोई अनहोनी की आशंका पर सदर पुलिस को सूचित किया गया। ड्यूटी अधिकारी एएसआई दिनेश मीणा मौके पर पहुंचे और मदद लेकर दुकान के गेट को तोड़कर खोला गया। युवा दुकानदार गुरुसर मोडिया निवासी सुभाष बिश्नोई पुत्र कृष्णलाल का शव दुकान के रोशनदान से लगाए गए फंदे पर लटकता मिला। पुलिस ने मृतक की पत्नी सुनीता रानी और परिजनों को सूचित किया। शव को जिला अस्पताल पहुंचाया। मृतक की पत्नी की ओर से मर्ग दर्ज करवाई गई है। एसआई सुनील कुमार को जांच सौंपी गई है। पुलिस के अनुसार सुभाष बिश्नोई काफी समय से अपने ससुराल चक दो सी में परिवार के साथ रहता था। वह पदमपुर रोड पर चक 6 ए में किराना की दुकान से कारोबार करता था।

# 33 केवी लाइन से 12 क्विंटल तार चोरी

**लूणकरणसर,** (निसं)। जोधपुर डिस्कॉम की 33 केवी बिजली लाइन से 12 क्विंटल तार चोरी हो गए। अज्ञात चोरों ने नाथवाणा और धीरदान गांव के बीच इस वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह चोरी 7 और 8 दिसंबर की रात को हुई। चोरों ने करीब तीन किलोमीटर लंबी बिजली लाइन से तार चुराए हैं। यह लाइन लूणकरणसर से नाथवाणा-किसनासर होते हुए राजासर उर्फ करणीसर तक जाती है और घटना के समय नाथवाणा व धीरदान के बीच बंद पड़ी थी।

लूणकरणसर थानाधिकारी गणेश कुमार बिश्नोई ने बताया कि जोधपुर डिस्कॉम के सहायक अभियंता राजेश रोशन ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रिपोर्ट में चोरी हुए तारों की मात्रा 12 क्विंटल बताई गई है। यह पहली बार नहीं है जब इस क्षेत्र में बिजली के तारों की चोरी हुई है। रिपोर्ट के अनुसार इससे पहले भी इसी लाइन से तीन बार तार चोरी हो चुके हैं।

**चलती बाइक में लगी आग :** अजमेर के कुंदन नगर नगर गोल्फ कोर्स रोड पर गुरुवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र एक के निकट चलती मोटरसाइकिल में अचानक आग लग गई। युवक मोटरसाइकिल नीचे उतरा तब तक वह जलकर पूरी तरह खाक हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। मोटरसाइकिल सवार युवक विष्णु मेघवंशी ने बताया कि गुरुवार सुबह अपनी होंडा सुपर डीलक्स बाइक पर बस स्टैंड की ओर जा रहा था, तभी गोल्फ कोर्स रोड स्थित सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर प्रथम के नजदीक उसकी बाइक अचानक बंद हो गई, जब बाइक को चेक कर ही रहा था तभी इंजन से धुआं निकलने लगा।

# लाखों का माल बेचकर नगदी हड़पी

**उदयपुर,** (निसं)। शहर के प्रतापनगर थाना पुलिस ने कंपनी मालिक की रिपोर्ट पर वाहन चालक व साथी के खिलाफ लाखों का माल चोरी कर बेच कर नकदी हड़पने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित मनीष गढवाल पुत्र चंदनलाल निवासी अधीखा कोरियार्स मादड़ी इण्डस्ट्रीयल एरिया ने आरोपी राजकुमार लौहार पुत्र शांतिलाल निवासी कबराड़िया माण्डल भीलवाड़ा तथा लक्ष्मीलाल पुत्र डालचंद जणवा निवासी भटेवर वल्लभ नगर के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। उसने बताया कि मेरी कंपनी माल परिवहन कर दूसरे स्थानों पर पहुंचाती है। हर बार सरकारी मापदंड अनुसार मान्यता प्राप्त कांटे पर माल भरवा कर भिजवाया जाता है। 19 अक्टूबर 25 को हिन्दुस्तान युनिलिवर को माल भिजवाया था। जहां पर माल कम पहुंचने पर राजपुरा लुधियाना पंजाब पुलिस थाने में चालकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवकाया। इस मामले में किए गए अनुसंधान में बाद 43 लाख 86 हजार 026 रूपये का माल आरोपियों ने कम भेजा, जबकि उन्हें पूरा माल सौंपा था। आरोपियों को इसका पता चलने पर फरार हो गए।

# बादमाशों ने पेट्रोल पंप से नगदी लूटी

**टोंक,** (निसं)। देवली उपखंड क्षेत्र के गांव राजमहल में देवली रोड स्थित शिवम फिलिंग स्टेशन पर गुरुवार को सुबह लूटपाट की घटना सामने आई, जिसमें बदमाशों ने पेट्रोल पंप पर तोड़फोड़ कर कर्मचारियों से मारपीट की और लगभग 60 हजार रुपए नकद लूट ले गये। बाद में सूचना पर पहुंचे पम्प संचालक रामदयाल विजय ने दूनी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वारदात गुरुवार सुबह करीब तीन बजे होना बताया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत एक काली कार में आए चार बदमाशों ने सबसे पहले ऑफिस का गेट तोड़ा और अंदर घुस गए, जहां मौजूद सेल्समैन नंदकिशोर व सुरेंद्र के साथ मारपीट कर बदमाशों ने गल्ले में रखे नकद लगभग 60 हजार रुपए लूट ले गये। वहीं जाते हुए बदमाशों ने कर्मचारियों को धमकी दी कि यदि वे सीसीटीवी फुटेज पुलिस को सौंपें तो उन्हें जान से मार दिया जाएगा। घटना के बाद सूचना पर पहुंचे पम्प संचालक रामदयाल विजय ने सीसीटीवी कैमरे व अन्य जांच के बाद अक्षय जैन, खुशीराम मीणा, प्रधान मीणा और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चोरी करने का आरोप लगाया हैं, जिनके खिलाफ संचालक ने दूनी थाने में मामला दर्ज कराया, जिसके बाद दूनी थाना पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। गुमानपुरा पुलिस टीम ने धोखाधड़ी के दर्ज मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि फरियादी ने 3 जनवरी को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।रिपोर्ट में कहा कि फरियादी की फर्म जोमेक सोल्यूशन कम्पनी में आस्ट्रेलिया, कनाडा, यूके के छात्रों के नोट्स लेखन एवं शैक्षिणक मार्ग दर्शन का कार्य किया जाता है। रिपोर्ट में कहा कि रजत सोनी ने कार्य के दौरान धोखाधड़ीपूर्वक ग्राहकों का डाटा चोरी कर उससे 25 लाख की धोखाधड़ी की है। शहर एसपी ने कहा कि फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया।गठित टीम ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिये संभावित स्थानों पर दबिश दी। पुलिस टीम ने फरार चल रहे आरोपी रजत सोनी का गिरफ्तार किया।

# "बाघिन कनकटी" को मुकुदंरा हिल्स के एन्क्लोज़र में वापस डालने के प्रयास जारी

## बाघिन का मूवमैंट दिल्ली-मुंबई रेलवे लाइन के आस-पास देखा गया है




फाइल फोटो

**■ रणथंभौर से मुकुंदरा हिल्स टाइगर टियर्स लाई गई यह बाघिन, वन क्षेत्र में छोड़े जाने से पहले ही 82 स्कवायर मीटर के एन्क्लोज़र से बाहर निकल गई**

**कोटा,** 11 दिसम्बर (निसं)। रणथंभौर में दहशत फैलाने के बाद, कोटा के मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिज़र्व लाई गई बाघिन कनकटी को एमटी-7 नाम दिया गया है, जिसे 82 स्क्वायर मीटर के एन्क्लोज़र में रखा गया था। उसे मुकुंदरा में खुला छोड़ने का प्लान था, लेकिन इसके पहले ही वह एन्क्लोज़र से बाहर निकल गई। वह 9 दिसंबर को नेशनल हाईवे-52 पर भी नज़र आई थी। इसके बाद से मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिज़र्व का स्टाफ उसकी मॉनिटरिंग कर रहा है। उसे वापस एन्क्लोज़र में डालने की कवायद जारी है। जानकारी के अनुसार, बाघिन का मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिज़र्व से गुजर रही दिल्ली-मुंबई रेललाइन के आसपास मूवमेंट बना हुआ था। फॉरेस्ट अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल वह 2 से 4 किलोमीटर दूर पहुंच गई है।

मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिज़र्व के फील्ड डॉयरेक्टर और सीसीएफ सुगनाराम जाट का कहना है कि जंगल की तरफ ही उसका मूवमेंट है। हालांकि बीते 24 घंटे वह एक लोकेशन के आसपास झाड़ियों में ही रही है। उसने शिकार किया और उसका सेवन भी किया। गुरुवार सुबह ही उसका मूवमेंट वहां से आगे बढ़ा है। विभाग कोशिश कर रहा है कि वह स्वत: ही एन्क्लोज़र के आसपास चली जाए। ऐसा नहीं होने पर ट्रैंकुलाइज़ करके उसे वापस एन्क्लोज़र में छोड़ा जाएगा। बाघिन के कारण दरा रेंज के गांवों में दहशत का माहौल है। ग्रामीण रामावतार का कहना है कि इस बाघिन के बारे में सुना गया है कि वह रणथंभौर में एक 7 साल के बच्चे और वन विभाग के रेंजर पर हमला कर, उनकी जान ले चुकी है। फॉरेस्ट की टीम बार-बार हमें जंगल में नहीं जाने का आग्रह कर रही है।

# छबड़ा में नैनो यूरिया की बोतल को अटैचमेंट समझकर भटके किसान, जाम लगाया



आक्रोशित किसानों ने स्टेट हाईवे 51 को जाम कर विरोध प्रदर्शन किया।

**■ पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की समझाईश के बाद मामला शांत हुआ**

**■ टोकन वितरण के बाद किसानों को यूरिया के साथ नैनो यूरिया की बोतल दी थी**

**छबड़ा,** (निसं)। कस्बे के खेल मैदान में गुरूवार को यूरिया खाद के कट्टों को लेकर टोकन वितरित किए गए। टोकन वितरण के बाद किसानों को यूरिया के साथ नैनो यूरिया की बोतल दी गई, जिसे अटैचमेंट समझकर कई किसान आक्रोशित होकर कृषि विभाग पहुंच गए और स्टेट हाईवे 51 को जाम कर दिया, जिसके चलते दोनों और वाहनों की कतारें लग गई। सूचना पर पहुंचे पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों की समझाइश के बाद मामला शांत हुआ। इसके बाद किसानों ने जाम खोल दिया।

जानकारी के अनुसार खेल मैदान में टोकन वितरण के बाद किसान खाद लेने पहुंचे तो किसानों को खाद के कट्टों के साथ नैनो यूरिया की बोतलें भी दी गई, जिसको अटैचमेंट समझ कर किसान आक्रोशित होकर कृषि विभाग कार्यालय पहुंच गए तथा उपखण्ड कार्यालय के सामने सालपुरा रोड़ पर जाम लगा दिया तथा जमकर नारेबाज़ी की। सूचना पर पहुंचे पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने किसानों से समझाइश कर बताया कि नैनो यूरिया अटैचमेंट नहीं है, बल्कि तरल यूरिया है, जिसके बाद किसानों ने जाम खोल दिया।

कृषि विभाग के सहायक निदेशक चौथमल मीणा ने बताया कि गुरुवार सुबह खेल मैदान में 2000 टोकन वितरण किए, जिसमें प्रत्येक टोकन पर 4 यूरिया बैग दिए गए। किसानों को यूरिया खाद के साथ कोई अटैचमेट नहीं दिया जा रहा है। चार बैग यूरिया दानेदार एवं एक बोटल नैनो यूरिया की दी जा रही है, जो एक बैग दानेदार यूरिया के बराबर काम करती है। यह केवल तरल यूरिया है न की कोई अटैचमेंट। इसके उपयोग से खेत की मिट्टी की भी उर्वरक क्षमता अच्छी बनी रहती है और पर्यावरण भी सुरक्षित रहता है।

# भीलवाड़ा का गौरी परिवार बुलंद दरवाजे पर 17 को झंडा चढ़ायेगा

## अजमेर स्थित हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह में 814 वां उर्स 17 दिसंबर से शुरू होगा

**■ उर्स पर झंडा चढ़ाने की यह रस्म गौरी परिवार 83 सालों से निभा रहा है**

**भीलवाड़ा,** (निसं)। अजमेर स्थित हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह में 814 वां उर्स 17 दिसंबर से शुरू होगा। परंपरा के अनुसार इस दिन भीलवाड़ा का गौरी परिवार बुलंद दरवाजे पर झंडा चढ़ाने की रस्म अदा करेगा। इसके साथ ही उर्स की औपचारिक शुरुआत होगी। उर्स में झंडा चढ़ाने के लिए गत 83 वर्षों की भांति इस वर्ष भी भीलवाड़ा के गुलमण्डी खारा कुआं के पास से फकरूद्दीन गौरी परिवार के चालीस सदस्य झंडा लेकर रवाना होंगे।

गौरी परिवार के फकरूद्दीन गौरी ने बताया कि भीलवाड़ा से झंडा लेकर अजमेर शरीफ में हजरत ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती की दरगाह में पहुंचने के बाद वहां 17 दिसंबर को झंडा चढ़ाने की रस्म अदा की जाएगी। यह रस्म फकरूद्दीन गौरी द्वारा सैय्यद अबरार अहमद की सदारत में 25 तोपों की सलामी के साथ पूरी की जाएगी। झंडा ले जाने के दौरान फकरूद्दीन गौरी के साथ अब्दुल लतीफ, बख्तयार अहमद, दाउद हुसैन, अब्दूल रहुफ, मोहम्मद रफी, मोसीन, मोहम्मद फेजल, तोकिर अहमद सहित 40 गोरी परिवार के सदस्य रवाना होंगे। उन्होंने बताया कि उर्स पर झंडा चढ़ाने की यह रस्म गौरी परिवार 83 सालों से निभा रहा है। गौरी परिवार के फखरुद्दीन ने बताया कि अजमेर दरगाह के बुलंद दरवाजे पर झंडा चढ़ाने की रस्म के बाद ही असर की नमाज होगी। इससे पूर्व गेस्ट हाउस से झंडे का जलसा रवाना होगा।

फखरुद्दीन गौरी ने बताया कि उर्स का झंडा चढ़ाने की परंपरा वर्ष 1928 में पेशावर के सैय्यद अब्दुल सत्तार बादशाह जान ने शुरू की। उनके बाद लाल मोहम्मद गौरी ने 1944 से इस परंपरा को आगे बढ़ाया। उन्होंने 1991 तक रस्म निभाई। उनके बाद मोइनुद्दीन गौरी ने 2006 तक इस परंपरा को निभाया। इसके बाद वे इस रस्म को निभा रहे हैं। झंडे की रस्म शाम लगभग 5 बजे शुरू होगी। झंडे का जलसा दरगाह गेस्ट हाउस से गली लंगर खाना एवं निजाम गेट होते हुए दरगाह बुलंद दरवाजा पहुंचेगा। इस दौरान सूफियाना कलाम के साथ ही 25 तोपों की सलामी दी जाएगी।

## संक्षिप्त

### रणथंभोर के राजा को प्रथम निमंत्रण दिया

**दौसा।** राजस्थान प्रांतीय गुर्जरगौड ब्राह्मण सभा के तत्वावधान में 28 दिसंबर को दौसा में आयोजित युवक युवती परिचय सम्मेलन, पौष बडा, शपथ ठाहण हेतु गुरुवार को प्रथम निमंत्रण सवाई माधोपुर के रणथंभोर स्थित त्रिनेत्र गणेश जी महाराज को सौपंकर कार्यक्रम की सफलता के लिए पधारने का निमंत्रण दिया गया। परिचय सम्मेलन संयोजक हरिनारायण शर्मा मलवास ने बताया कि गौतमाश्रम संस्था दौसा जिला अध्यक्ष महेंद्र कुमार शर्मा गढोली ओर कार्यक्रम प्रभारी एवं प्रांतीय मंत्री मुकेश गौतम नारोली चौड के सानिध्य में दौसा में आयोजित परिचय सम्मेलन का प्रथम निमंत्रण रणथंभौर के राजा त्रिनेत्र गणेश महाराज को प्रांतीय सभा के दौसा जिला अध्यक्ष जगदीश नारायण शर्मा चांदराणा नगर अध्यक्ष बलदेव गौतम, वैध मोहन लाल शर्मा ने गणेश जी महाराज के चरणों में निमंत्रण भेट किया। तत्पश्चात महंत को कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया ओर सवाई माधोपुर शहर में भी समाज बंधुओं के घर-घर जाकर निमंत्रण पत्र देकर कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया गया। सवाई माधोपुर गौतमाश्रम ट्रस्ट मंत्री भगवान सहाय गौतम ने सभी का माला, साफा पहनाकर स्वागत किया।

### 14 को स्थानीय अवकाश घोषित

**दौसा।** जिला कलक्टर देवेन्द्र कुमार ने दौसा जिले में वर्ष 2026 के लिए दो स्थानीय सार्वजनिक अवकाश घोषित किये हैं। जिला कलक्टर ने सामान्य प्रशासन (ग्रुप-6) विभाग से जारी आदेश के अनुसार प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में जिले में मकर सक्रांति 14 जनवरी 2026 बुधवार तथा गणेश चतुर्थी 14 सितम्बर 2026 सोमवार का स्थानीय सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है।

### 90 ग्राम स्मैक जब्त

**टोंक।** जिला स्पेशल टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ के विरूद्ध कार्यवाही 90 ग्राम स्मैक, 1 अल्टो कार एवं 1,49,110 रूपये नगद जप्त 02 आरोपी गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाये जा रहे विशेष अभियान अवैध मादक पदार्थ के विरूद्ध कार्यवाही के तहत जिला स्पेशल टीम प्रभारी ओमप्रकाश के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा नशे के खिलाफ कार्यवाही करते हुए करीब 18 लाख रुपए कीमत की 90 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक के साथ दो आरोपी अमजद खान पुत्र मो॰ खान पठान उम्र 42 वर्ष एवं नजरूद्दीन उर्फ भूरिया पुत्र हजरतनूर दोनो निवासी ग्राम गाडिया महेश तहसील अकलेरा पुलिस थाना अकलेरा जिला झालावाड को गिरफ्तार किया गया है। इस वारदात में आरोपियों के पास से प्रयुक्त मारुति अल्टो कार तथा उनके कब्जे से करीब डेढ लाख रुपए नगद जप्त किये गये है।

### चोरी के मामले में दो आरोपी पकड़े

**टोंक।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतनलाल भार्गव के निर्देशन में वृत्ताधिकारी टोक मृत्युञ्जय मिश्रा के सुपरविजन एवं नेमीचन्द गोयल थानाधिकारी थाना पुरानी टोंक के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा हाउसिगं बोर्ड से 23 नवम्बर को चोरी हुयी मोटरसाईकिल के आरोप में कारागृह टोंक से प्रोडक्शन वारन्ट पर आरोपी राजेश पुत्र अम्बालाल गुर्जर उम्र 28 साल निवासी ग्राम झिलाई थाना निवाई एवं राजु गुर्जर पुत्र शिवजी लाल गुर्जर उम्र 28साल निवासी नटवाडा थाना बरोनी को गिरफ्तार कर उनके पूछताछ की गई।


**खोया-पाया**


मेरे प्लाट नं. 95, पारस विहार स्कीम, दलपतपुरा गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड, जयपुर द्वारा अमका देवी के नाम जारी पट्टे के ओरिजनल अलोटमेंट लेटर (पट्टा), अन्य कागजात 10.12.2025 को बस से दांता, सीकर से जयपुर आते समय कहीं खो गये। मिलने पर सूचित करें। अमका देवी बाबूलाल शर्मा 7046644442

**खोया पाया**

मेरे मकान संख्या 67/82 सेक्टर-6, प्रताप नगर स्कीम, सांगानेर का मूल कब्जा पत्र कहीं गुम हो गए है। कृपया मिलने पर मुझे सूचित करें। नागेन्द्र नाथ शर्मा, मोबाइल नंबर-9413340753

मेरे भूखण्ड सं. बी-69, जेडीए की योजना स्वपनलोक जयपुर का जेडीए से जारी मूल कब्जा पत्र कहीं गुम हो गया है मिलने पर सूचित करें। भवानी शंकर गोठेचा मो. 9414920805

**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# यातायात नियमों की पालना के लिए वाहन चालकों को पुष्प व चॉकलेट दी

**दौसा।** जिले में गुरुवार को सोमनाथ चौराहे पर सड़क सुरक्षा जागरूकता प्रदर्शनी लगाने के साथ राज्य स्तरीय सड़क सुरक्षा अभियान का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर आमजन को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी गई और प्रदर्शनी स्थल पर सेल्फी प्वॉईंट बनाकर सोशल मीडिया के माध्यम से सड़क सुरक्षा का संदेश प्रसारित किया गया।

प्रादेशिक परिवहन अधिकारी दौसा नितिन कुमार बोहरा ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार 11 से 25 दिसम्बर तक चलने वाले सडक सुरक्षा अभियान की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में हेलमेट नहीं पहनने वाले दो पहिया वाहन चालकों एवं सीट बेल्ट नहीं पहनने वाले चार पहिया वाहन चालकों को पुष्प गुच्छ एवं चॉकलेट देकर यातायात नियमों की पालना के लिए प्रेरित किया। ट्रेक्टर ट्रॉलियों एवं अन्य वाणिज्यिक वाहनों पर रिट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाकर जागरूक किया गया ताकि अंधेरे के वक्त दूर से ही वाहन की पहचान हो सके एवं दुर्घटना को टाला जा सके। बोहरा ने सडक दुर्घटना में कमी लाने के लिए अपील की ताकि दुर्घटनाओं में बढ़ती मौतों पर अंकुश लगाया जा सकें। जिला परिवहन अधिकारी संजीव भारद्वाज ने यातायात नियमों की पालना के लिए आमजन से अपील करते हुए 15 दिवसीय अभियान की रूपरेखा बताई। कार्यक्रम में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बिरदी चन्द गंगवाल, प्रबंधक रोडवेज विश्राम मीणा, यातायात निरीक्षक सचिन कुमार एवं लॉयंस क्लब से समाजसेवी मनोहरलाल गुप्ता व प्रादेशिक परिवहन कार्यालय दौसा के परिवहन निरीक्षक झाबर सिंह धायल, जितेन्द्र मीणा, संतराम मीना व लेखाधिकारी धीरज शर्मा एवं अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।



दौसा में बिना हेलमेट गाड़ी चलाने वालों को फूल देकर समझाइश की।

- सड़क सुरक्षा अभियान का शुभारम्भ
- सोमनाथ चौराहे पर जागरूकता प्रदर्शनी लगाई

# कब बुलबुल आवासीय शिविर आज से

**दौसा।** हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड राजस्थान राज्य, जिला दौसा के तत्वावधान में स्थानीय चाणक्य छात्रावास में 12 से 16 दिसंबर तक राज्य स्तरीय कब बुलबुल आवासीय शिविर आयोजित किया जावेगा, मुख्य समारोह 13 दिसंबर को प्रात:11 बजे आयोजित होगा।

- शिविर की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और इसके सफल आयोजन के लिए अलग-अलग समितियों का गठन किया गया है। जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग द्वारा चाणक्य छात्रावास की बिल्डिंग, सभाकक्ष, स्टेज, चौक, मैदान और बाउंड्री वॉल 5 दिन के लिए आवंटित की गई है।

चाणक्य छात्रावास में आयोजित प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुये राज्य संगठन आयुक्त रिपुदमन सिंह गिल और संघ के जिलाध्यक्ष कैलाश भारद्वाज ने बताया कि उद्घाटन समारोह 13 दिसंबर को प्रात: 11 बजे होगा। समारोह में कलेक्टर, एसपी, एडीएम, जिला परिषद के सीईओ, एसडीएम, नगर परिषद आयुक्त, तहसीलदार और शिक्षा विभाग के समस्त अधिकारी उपस्थित रहेंगे।शिविर की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और इसके सफल आयोजन के लिए अलग-अलग समितियों का गठन किया गया है। जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग द्वारा चाणक्य छात्रावास की बिल्डिंग, सभाकक्ष, स्टेज, चौक, मैदान और बाउंड्री वॉल 5 दिन के लिए शिविर के आयोजन हेतु आवंटित की गई है। भवन में सफाई, मरम्मत और मूलभूत सुविधाओं जैसे बिजली, लाइट फिटिंग, पानी, बाथरूम, रंगरोगन आदि कार्य जिला कार्यकारिणी और स्काउट अधिकारियों द्वारा किए जा रहे हैं। शिविर में दौसा जिले सहित विभिन्न जिलों से 6 से 10 वर्ष के बालक और बालिकाएं भाग लेंगी। भारद्वाज ने कहा कि भवन की मरम्मत और सुविधाओं को बढ़ाने के लिए जन प्रतिनिधियों और भामाशाहों से सहयोग लिया जाएगा ताकि बच्चों के लिए उत्तम सुविधा सुनिश्चित की जा सके। पिछले एक सप्ताह से जिलेभर से प्रतिनियुक्त कार्मिक, जिला कार्यकारिणी, 30 सेवाभावी स्काउट-गाइड बालक-बालिकाएं, रोवर-रेंजर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। चाणक्य छात्रावास के अध्यक्ष वैद्य लक्ष्मीकांत सिंगवाड़ा ने भवन मरम्मत कार्य और शिविर तैयारियों का निरीक्षण किया।

## इलाके को लेकर विवाद, गाड़ी में तोड़फोड़

**नदबई भरतपुर** (निस)। नदबई कस्बे में नगर रोड पर अंबेडकर पॉर्क के समीप पहले देर रात व बाद में गुरुवार दोपहर अजीब-गरीब स्थिति बन गई। जब, वृत की राशी को लेकर दो किन्नरों के बीच मारपीट शुरु हो गई। इस दौरान एक किन्नर के मकान में रखे घरेलू सामान को तोड दिया। जिससे गुस्साएं समीपवर्ती दुकानदारों ने बीच-बचाव करते हुए दूसरे किन्नर समर्थकों की गाडी में तोडफोड़ कर दी। बीच बजार में अचानक मारपीट की घटना से लोगों के बीच अफरा तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो देर रात किन्नर परी शिष्या बुलबुल बाई, अपने कमरें में सो रही। इसी दौरान दूसरे किन्नर ने घर में सो रही किन्नर से मारपीट की। वहीं, घर में रखी टीवी सहित अन्य सामान को तोड दिया। वृत राशी नहीं देने के चलते गुरुवार दोपहर एक बार फिर, दूसरे किन्नर गुट ने नदबई निवासी किन्नर परी शिष्या बुलबुल से मारपीट की।

## भारत केंद्रित वैश्विक दृष्टिकोण विषय पर सम्मेलन आज से

**भरतपुर** (निस)। महारानी श्री जया राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के सफल संचालन के संदर्भ में शुक्रवार को प्राचार्य प्रो. सुनीता पांडे की अध्यक्षता में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया।

अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ एवं महारानी श्री जया राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में उक्त द्विदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन 12 एवं 13 दिसम्बर को किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह एवं विभिन्न सत्रों में प्रमुख वक्ताओं, विषय-विशेषज्ञों एवं शोधार्थियों से विकसित भारत की अवधारणा भारत केंद्रित वैश्विक दृष्टिकोण विषय पर उनके दृष्टिकोण को समझने का प्रयास किया जाएगा।

इसमें भारत के विकास में अवरोधक तत्वों को समझते हुए इनके निस्तारण हेतु विषय-विशेषज्ञों से प्राप्त बेहतर सुझावों पर रिपोर्ट तैयार करके राजस्थान सरकार और भारत सरकार को क्रियान्वयन के सुझाव हेतु प्रेषित की जाएगी। इस कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न करने हेतु कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो.डॉ. सुनीता पांडे ने कहा कि आयोजन की समस्त तैयारी पूरी कर ली गई है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रात: 11:00 बजे यूआईटी ऑडिटोरियम में होगा।

इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न विषय विशेषज्ञ प्रतिभागी होंगे जो अपना पत्र-वाचन ऑनलाइन एवं ऑफलाइन-हाईब्रिड मोड पर करेंगे। इस बैठक में कॉन्फ्रेंस के संयोजक प्रो. डॉ. योगेंद्र भानु ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय सुरेश रावत, जल संसाधन केबिनेट मंत्री, राजस्थान सरकार, अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय प्रो. डॉ. नारायण लाल गुप्ता, विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर डॉ. त्रिभुवन शर्मा, कुलगुरु, महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री माननीय महेंद्र कपूर करेंगे।

## पावटा में सर्दी आते ही चोर बेखौफ

- एक सप्ताह में थाना क्षेत्रों में घरों व दुकानों से लाखों की चोरी
- बाइक गायब, पुलिस अभी खाली हाथ

**पावटा।** सर्दी की दस्तक के साथ ही विराटनगर, भाबरु, प्रागपुरा थाना क्षेत्रों में चोरियों का सिलसिला तेज हो गया है। नवंबर महीने में अभी तक दो सूने मकानों में लाखों रुपयों का माल साफ हो चुका है, जबकि तीन जगहों से बाइक चोरी की घटनाएं सामने आई हैं। हैरानी की बात यह है कि एक घटना तो सीसीटीवी में कैद होने के बावजूद पुलिस अभी तक किसी भी मामले का खुलासा नहीं कर सकी है। भाबरु थाना क्षेत्र के ग्राम आंतेला में 26 नवंबर की रात चोरों ने योगेश सैनी के घर से करीब 12 लाख रुपए के जेवरात चुरा ले गए। वही महेंद्र मीणा व ताराचंद की डीजे व परचून की दुकान से लाखों की डीजे मशीन व परचून का सामान व मालीराम बुनकर के घर से करीब 25 हजार नकदी व जेवरात चुराकर फरार हो गए अन्य घरों में भी चोरी का प्रयास किया गया लेकिन ठामीण जाग गए। वही प्रागपुरा थाना क्षेत्र के ठाम पाछूडाला में 27 नवंबर की रात ग्राम पांछूडाला निवासी दिलीप पुत्र सरदार सिंह के घर से कीमती सोने चांदी के आभूषण व धर्मवीर सिंह पुत्र गोकुल के घर से कीमती सोने चांदी के आभूषण व नकदी लेकर फरार हो गए। वही 3 मकानों के चोरी के प्रयास किए लेकिन सफल नहीं हो पाए। वही विराटनगर थाना क्षेत्र के सोठाना के ग्राम गोपीपुर में 5 दिसंबर की रात्रि शंकर लाल कुमावत के घर पर अज्ञात चोर बाड़े में बंधा एक बकरा एवं सात बकरियां चोरी कर ले गए। वही प्रागपुरा थाना क्षेत्र में जनवरी से अब तक कुल 24 बाइक चोरी हुई जिनमें पुलिस केवल 4 का ही खुलासा कर पाई है।

# स्काउटिंग में दौसा जिले का नाम अग्रणी जिलों में

**दौसा।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ दौसा के तत्वावधान में गुरुवार को एक दिवसीय स्काउटर गाइडर अभिनवन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ करते हुये जिला अध्यक्ष सुशील कुमार शर्मा ने कहा कि स्काउट सेवा का पर्याय होता है। जो व्यक्ति सेवा कार्य से जुड़ा होता है, वह तन और मन दोनों से स्वस्थ रहता है । उन्होंने कहा कि जो स्काउट मास्टर सक्रिय होकर बच्चों के साथ जुडा रहता है उसका संस्था प्रधान भी पूरा सहयोग करते है।

सी ओ स्काउट प्रदीप सिंह ने बताया कि राजस्थान में स्काउटिंग गतिविधियों में दौसा जिले का नाम अग्रणी जिलों में गिना जाने लगा है। सचिव ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि आगामी 15 से 19 दिसंबर तक द्वितीय एवं तृतीय सोपान स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। जिसमें सभी विद्यालयों से अधिक से अधिक संख्या में स्काउट गाइड को सम्मिलित करवाएं। जिससे उनकी योग्यता वृद्धि हो सके। तृतीय सोपान उत्तीर्ण, राज्य पुरस्कार और राष्ट्रपति पुरस्कार स्काउट गाइड को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जाता है। सी ओ गाइड निरमा मीना ने गाइडिंग को सक्रिय करने के लिए कहा। विद्यालय में आने वाली समस्याओं तथा शंकाओं का समाधान किया गया। गोविंद नारायण तिवाड़ी, रामबाबू शर्मा, वाजिद मोहम्मद, बनवारी लाल शर्मा ने स्काउटिंग के नियम, रिकॉर्ड संधारण, बच्चों की प्रवेश प्रक्रिया, योग्यता वृद्धि के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर ममता रानी वर्मा, कल्पना शर्मा, तारावती, रामकेश मीना, महेंद्र जांगिड़, कविता मीना, वंदना मीना, गोविंद खंडेलवाल, भगवती बंशीवाल, नंद किशोर शर्मा, पूनम राठौड, नेहा लक्षकार, हिमानी बाली, विनोद सैनी, सूबे सिंह गुर्जर ने भी संबोधित किया।





जिला अध्यक्ष सुशील कुमार शर्मा ने शिविर को सम्बोधित किया।

- स्काउट सेवा का पर्याय होता है। जो व्यक्ति सेवा कार्य से जुड़ा होता है, वह तन और मन दोनों से स्वस्थ रहता है


**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति, टोंक (राज.)**

Email:- kums.chaksu@rajasthan.gov.in

क्रमाकः– प.1(12)कृउमस–चाकसू/आवंटन/रिक्त दुकान–भूखण्ड/00086/19201332 दिनाक :– 04.12.2025

**आवंटन – विज्ञप्ति**

कृषि उपज मण्डी समिति, चाकसू के मुख्य मंडी प्रांगण चाकसू में चिन्हित व रिक्त भूखण्ड का वेयरहाउस हेतु अचल सम्पत्ति आवंटन नीति 2005 व संशोधित प्रभावी प्रावधानों के अन्तर्गत नियमानुसार निर्धारित शर्तो पर द्वितीय/पश्चातवर्ती चरण में 99 वर्षीय लीज पद्धति पर आवंटन किया जाना है। इस हेतु इच्छुक व्यक्ति/फर्म/मण्डी समिति के अनुज्ञापत्रधारियों से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। रिक्त भूखण्डों का विवरण निम्नानुसार है :–

| नाम मण्डी प्रांगण | चिन्हित/रिक्त भूखण्डों का विवरण | | | आवंटन दर | आवेदन शुल्क | धरोहर राषि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | भूखण्ड आवंटन का प्रयोजन | भूखण्ड साईज | रिक्त भूखण्ड संख्या | | | |
| मुख्य मण्डी प्रांगण चाकसू | वेयरहाउस | 100'00"x40'00" | 01 | आवंटन के समय मण्डी प्रांगण की प्रभावी डी.एल.सी दर की 50 प्रतिषत दर | 500/–रू | आवेदक द्वारा प्रस्तुत विस्तृत परियोजना रिपोर्ट में आंकलित परियोजना लागत की 01 प्रतिषत राषि अथवा 10.00 लाख रू जो भी कम हो। |

इस हेतु आवेदन पत्र किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में आवेदन शुल्क राशि मण्डी कोष में जमा करवाकर इस कार्यालय से आवेदन पत्र प्राप्त कर अपेक्षित पूर्तियों के पश्चात् आवेदन पत्र मय अपेक्षित दस्तावेज व धरोहर राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक जो कि सचिव, कृषि उपज मण्डी समिति, चाकसू के नाम देय हो सहित दिनांक 05.01.2026 को सायः 5:00 बजे तक मण्डी समिति कार्यालय में जमा करवाया जा सकता है।

गठित समिति द्वारा भूखण्डों का आवंटन तत्समय प्रभावी व निर्धारित नियमो एंव प्रकिया अनुसार किया जावेगा एंव उक्त आवंटन में राईजिंग राजस्थान समिट 2024 में राज्य सरकार के साथ जिन फर्मो/उद्यमियों ने एमओयू किया हुआ है उनको भी सम्मिलित किया जावेगा। उक्त के सन्दर्भ में मण्डी प्रांगण का ले–आउट प्लान एंव विस्तृत नियम व शर्ते किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में इस कार्यालय या विभागीय वेबसाईट http://agriculture.rajasthan.gov.in/mandi पर देखी जा सकती है।

राज.संवाद/सी/25/15593 प्रशासक सचिव

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य सुरेश चन्द सोनी पुत्र श्री कजोडमल सोनी आयु 54 वर्ष, निवासी 12-ए, एच वी एन स्कूल, गुलाब विहार नांगल जैसा बोहरा, झोटवाडा, जयपुर का पुत्र विश्वास सोनी आयु 25 वर्ष तथा उसकी पत्नी दीप्ति सोनी को दिनांक 14.05.2024 को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति जीवन संव्यवहार से बेदखल कर दिया था जिसकी विज्ञप्ति उक्त दिनांक के समाचार पत्र में प्रकाशित करवायी गयी। तदुपरान्त मेरे अभिभाष्य के पुत्र विश्वास सोनी के द्वारा मेरे अभिभाष्य से क्षमा याचना की गयी एवं उसके आचरण में सुधार हो गया जिससे मेरा अभिभाष्य पुन अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति में अपने पुत्र विश्वास सोनी के समस्त हक व अधिकार स्थापित कर रहा है। इसलिये दिनांक 14.05.2024 की विज्ञप्ति को मेरा अभिभाष्य निरस्त करता है।
(राजेन्द्र कुमार पीपलीवाल) एडवोकेट, मो. 9414274957

**आम सूचना** मेरे अभिभाष्यगण श्री देवी दयाल अग्रवाल पुत्र स्व. श्री शंकर लाल अग्रवाल एवं श्रीमती सुशीला देवी अग्रवाल पत्नि श्री देवी दयाल अग्रवाल निवासी प्लॉट नम्बर-2-ए-160, ओम शिव शक्ति कॉलोनी, झूलेलाल मंदिर के पास, शास्त्री नगर, जयपुर की ओर से व उनके निर्देशानुसार सर्व साधारण को इस आम सूचना के जरिये सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण के पुत्र दीपक कुमार अग्रवाल, उसकी पत्नि रजनी अग्रवाल, उसका पुत्र यश अग्रवाल व उसकी पुत्री खुशबू अग्रवाल मेरे अभिभाष्यगण से आये दिन लड़ाई-झगड़ा, मारपीट, गाली-गलौच एवं धक्का मुक्की करते थे, जिस कारण मेरे अभिभाष्यगण कई बार मरते-मरते बचे। मेरे अभिभाष्यगण अपने पुत्र व उसके परिवार के उक्त कृत्यों के कारण काफी परेशान, भयभीत व तंग आ चुके थे, जिस कारण मेरी अभिभाष्या श्रीमती सुशीला देवी ने अपने पुत्र दीपक कुमार अग्रवाल एवं उसके परिवार को अपनी स्वअर्जित आय व स्त्रीधन से खरीदशुदा अपनी अचल सम्पत्ति प्लॉट नम्बर 2-ए-160, योजना नाहरी का नाका, ओम शिव शक्ति कॉलोनी, शास्त्री नगर जयपुर से दिनांक 10.12.2025 को निकाल दिया है। मेरे अभिभाष्यगण ने अपनी अपनी समस्त चल अचल सम्पत्तियों से अपने पुत्र दीपक कुमार अग्रवाल व उसके परिवार को बेदखल कर दिया है। आज से मेरे अभिभाष्यगण के पुत्र दीपक कुमार अग्रवाल व उसके परिवार का मेरे अभिभाष्यगण की समस्त चल अचल सम्पत्तियों में किसी प्रकार का कोई हक अधिकार नहीं होगा। मेरे अभिभाष्यगण का अपने पुत्र दीपक कुमार अग्रवाल एवं उसके परिवार से अब कोई संबंध व नाता नहीं रहा है। जो भी कोई भी व्यक्ति मेरे अभिभाष्यगण के पुत्र दीपक कुमार अग्रवाल एवं उसके परिवार से किसी भी प्रकार का लेन-देन करेगा वह व्यक्ति स्वयं ही जिम्मेदार होगा।
तनुज गुप्ता, एडवोकेट, मो.नं. 7976372374

**नाम परिवर्तन** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कुछ दस्तावेजात में मेरा नाम मोहम्मद सलीम व कुछ दस्तावेजात सलीम उर्फ भांड व कुछ दस्तावेजात में सलीम शेख व कुछ दस्तावेजात में मुस्लिम सलीम अंकित है। मोहम्मद सलीम, सलीम उर्फ भांड, सलीम शेख, मुस्लिम सलीम चारो नाम मेरे एक ही व्यक्ति के है अलग अलग व्यक्तियों के नहीं है। अब मैं भविष्य में अपना नाम केवल सलीम शेख ही रखना चाहता हूँ तथा भविष्य में मुझे सलीम शेख के नाम से ही जाना व पहचाना जावेगा।
(सलीम शेख पुत्र श्री मोहम्मद इदरीस)
निवासी-पता-एच-34, अनस विहार, लबलबी कोठी, ईदगाह, जयपुर, राजस्थान

**आम सूचना** सर्वसाधारण को मेरे अभिभाष्य अशोक कुमार शर्मा उर्फ अशोक शर्मा दत्तक पुत्र स्व. जगदीश प्रसाद शर्मा निवासी ग्राम देवगुढा तहसील आमेर जिला जयपुर हाल निवासी रामनगर कॉलोनी बस स्टेण्ड जाहोता तहसील जालसू, जिला जयपुर के निर्देशानुसार सूचित किया जाता है कि वाके राजस्व ग्राम देवगुढा भू.अ.नि. क्षेत्र जालसू तहसील जालसू, जिला जयपुर स्थित भूमि खसरा नं. 521, 523, 524, 525, 526 से 530, 532, 533 से 541, 558 से 562, 568 से 576, 535/928, 531/1073, 1253/535 कुल किता 36 का कुल रकबा 14.20 हैक्टेयर के राजस्व रिकार्ड में मेरे अभिभाष्य का हिस्सा निहित है। मेरे अभिभाष्य द्वारा उक्त आराजियात में निहित अपने हिस्से में से कुछ हिस्से का बेचान श्रीमती पुष्पा शर्मा पत्नी श्री ओमप्रकाश शर्मा, श्रीमती अलका शर्मा पत्नी रघुनंदन शर्मा, श्रीमती सुमन शर्मा पत्नी गजानंद शर्मा, श्रीमती मंजू शर्मा पत्नी महावीर शर्मा को किया जा रहा है जिस बावत किसी भी व्यक्ति संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति व उज्ज हो तो वह तीन दिवस में मेरे कार्यालय में आकर सम्पर्क करें। सूचित रहे।
दिनांक-11.12.2025 (सुनील उप्पल) एडवोकेट मो. 9829370654

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की श्री हरदेव कुमावत के स्वामित्व के मकान संख्या 24 गोपाल नगर, ग्राम मान्यवास तहसील सांगानेर जयपुर में स्थित है। उक्त मकान का पट्टा संख्या डी-2539 जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा दिनाक 04.10.2018 को श्री मदन लाल सैनी के पक्ष में जारी किया गया था जिसे रजिस्टर्ड विक्रय पत्र द्वारा दिनांक 29.10.2018 को श्री हरदेव कुमावत ने क्रय कर लिया। उक्त मकान के मूल पट्टे के साथ संलग्न असल साइट प्लान कहीं गुम हो गया है जिसकी गुमशुदगी रिपोर्ट राजस्थान पुलिस द्वारा दर्ज की जा चुकी है। किसी भी व्यक्ति को मिले तो तुरन्त सूचित करें। श्री हरदेव कुमावत ने उक्त आवास को रहन रख कर ऋण हेतु सरकारी बैंक में आवेदन किया है। यदि किसी को आपत्ति हो तो 7 दिवस में संपर्क करें। बाद मियाद आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।
C.S. SINGH, AYUSH SHARMA AND ASSOCIATES, 9782758519

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 38/2025
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी 1. कुलजीत प्रसाद सरभाई पुत्र स्वर्गीय श्री कैलाश प्रसाद सरभाई उम्र 69 वर्ष निवासी 51/126 रजत पथ, मानसरोवर, जयपुर (राजस्थान)। 2. श्रीमती बृजबाला निर्भीक पत्नी श्री हरगोविन्द निर्भीक पुत्री स्वर्गीय श्री कैलाश प्रसाद सरभाई उम्र 65 वर्ष निवासी मधु स्मृति संस्थान के पास, रंगवाडी, कोटा (राजस्थान)
मृतक स्वर्गीय श्री कैलाश प्रसाद सरभाई पुत्र स्वर्गीय श्री कृष्ण प्रसाद सरभाई एवं श्रीमती मेनावती सरभाई धर्मपत्नि स्व. श्री कैलाश प्रसाद सरभाई निवासीगण 51/126 रजत पथ मानसरोवर, जयपुर की सम्पत्ति के विषय में
पेशी दिनांक- 07.02.2026
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम स्वर्गीय श्री कैलाश प्रसाद सरभाई पुत्र स्वर्गीय श्री कृष्ण प्रसाद सरभाई एवं श्रीमती मेनावती सरभाई धर्मपत्नि स्व. श्री कैलाश प्रसाद सरभाई निवासीगण 51/126 रजत पथ मानसरोवर, जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 07 माह 02 सन 2026 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 05 माह 12 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
मोहर अदालत
आज्ञा से
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश संख-10, जपुर महनगर प्रथम मुख्यालय सांगानेर

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम SHARVAN KUMAR से बदलकर SHARWAN MAROTHIA रख लिया है। भविष्य में मुझे SHARWAN MAROTHIA के नाम से जाना/पहचाना जावें। निवासी बी-139, 80-फीट रोड, महेश नगर, जयपुर

मैं पुष्पा पोद्दार पत्नी श्री बसंत लाल जटिया निवासी फ्लैट नं. 101, प्लाट नं. ए-35, अर्जुन लाल सेठी नगर, जयपुर। मैंने अपना नाम पुष्पा देवी से बदलकर पुष्पा पोद्दार रख लिया है। भविष्य में मुझे पुष्पा पोद्दार के नाम से जाना जाये।

मैं अतीकुर रहमान पुत्र अताउर रहमान प्लॉट नंबर 142 जवाहर वाटिका वार्ड नंबर 34, गोनेर रोड तहसील सांगानेर जिला जयपुर। मेरा नाम गलती से मेरे पासपोर्ट में Atikur Rehman के रूप में पंजीकृत है जो गलत है। मुझे भविष्य में Atikur Rahman के रूप में जाना पहचाना चाहिए।

मैंने अपना नाम सुनीता गुप्ता संजीव कुमार से बदलकर सुनीता गुप्ता रख लिया है भविष्य में मुझे सुनीता गुप्ता के नाम से जाना जावे पता- मार्बल हाउस फ्लैट नं. 102 बी-82 राजेन्द्र मार्ग बापू नगर लाल कोठी गांधी नगर जयपुर

मैंने अपने सभी उद्देश्यों के लिए अपना नाम शिवांजलि मेडतवाल से बदलकर शिवांजलि सिंह कर लिया है। निवासी स्थायी पता-1056 झालानियों का रास्ता किशनपोल बाजार जयपुर वर्तमान पता 122-सी, विज्ञान नगर, जगतपुरा, जयपुर

I MUNNA Ram Meena S/o Jutha Ram Meena, R/o 8, Heera Pura, Luniyawas, Goner Road, Jaipur, declared that my name in 10th Marksheet is Munna Ram Meena, which has now been changed to Manna Lal Meena as per Aadhar Henceforth, I shall be known as Manna Lal Meena.

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत - तृतीय,**
जे0 एल0एन0 मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर 0141-4901853
**आम जाहिर सूचना** क्रमांक: 4868 दिनांक 9.12.25
राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा विकसित आवासीय भूखण्ड संख्या 6/ H/ 48 इन्दिरा गांधी नगर जयपुर, क्षेत्रफल 236.25 वर्ग मीटर का आवंटन श्री हरिनारायण पुत्र स्व. श्री शंकर लाल को किया गया। जिसका आवंटन पत्र कमांक 1854 दिनांक 24.12. 2020 जारी किया गया था। उनके द्वारा उक्त विकसित आवासीय भूखण्ड के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक जयपुर अष्टम् में दिनांक 30.12.2020 को करवाया गया। तत्पश्चात श्री हरिनारायण पुत्र स्व. श्री शंकर लाल के द्वारा उक्त विकसित भूखण्ड का बेचान जरीये विक्रय पत्र श्रीमती गोपाली देवी पत्नी श्री हनुमान सहाय को कर, विक्रय पंत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक जयपुर प्रथम में दिनांक 16.02.2022 को करवाया गया। तत्पश्चात श्रीमती गोपाली देवी पत्नी श्री हनुमान सहाय के द्वारा उक्त विकसित आवासीय भूखण्ड का बेचान जरीये विक्रय पत्र के श्रीमती बबीता मीना पत्नी श्री रामप्रसाद मीना को कर, विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक जयपुर प्रथम् में दिनांक 04.11.2024 को पंजीबद्ध करवाया गया। श्रीमती बबीता मीना पत्नी श्री रामप्रसाद मीना के द्वारा उक्त विकसित आवासीय भूखण्ड का मूल आवंटी के नाम पंजीयन हो जाने के बाद पश्चातवर्ती अंतिम क्रेता का नाम मण्डल अभिलेख में दर्ज करने बाबत निवेदन किया गया हैं। अत: नाम दर्ज के संबंध में किसी भी व्यक्ति/ बैंक/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्रीमती बबीता मीना पत्नी श्री रामप्रसाद मीना का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर दिया जायेगा ।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत तृतीय, रा.आ.म. जयपुर

**उत्तर पश्चिम रेलवे**
**ई–निविदा सूचना**
मंडल रेल प्रबन्धक (सिगनल व दूरसंचार) उत्तर पश्चिम रेल्वे अजमेर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे दिये गये कार्यो के लिये दी गयी तिथि को 15.00 बजे तक ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्या** : मं.रे.प्र.(सिग व दूरसंचार)–37–2025–26, **कार्य का नाम** : अजमेर डिवीजनः अजमेर डिवीजन के विभिन्न स्टेशनों पर आरडीएसओ टीएएन 3009 के संबंध में एएफडीएएस (स्वचालित अग्नि पहचान और अलार्म प्रणाली) के विभिन्न घटकों/भागों का संवर्धन और रखरखाव। **अनुमानित लागत** : रूपये 33707195.69, **बयाना राशि** : रूपये 318500.00, ई–निविदाये खोलने की तिथि व समय **दिनांक 07.01.2026 को 15.30 बजे।** उपरोक्त ई–निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट का पता **www.ireps.gov.in.**
1599-AJ/25
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करे

**प्रपत्र संख्या 7**
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस**
**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2025/882
चूंकि प्रार्थी श्री Shri Vinod Lodha, Presently reskling at S-14, Mahavir Nagar, Tonk Road, Jaipur-302018 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास द प्रजना प्रतिष्ठान ट्रस्ट THE PRAJNA PRATISTHAN TRUST Near Pashu Hathwara Jamwa Ramgarh Road Jaipur 302028 के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा पूदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 17.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइन्दा तारीख पेशी 27.01.2026
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

**अपर जिला न्यायाधीश संख्या -2 शाहपुरा जयपुर**
**मुरलीधर वर्मा विरूद्ध रुड़ाराम वगै.**
**अपील नं0 36/2017**
सिविल न्यायाधीश शाहपुरा के न्यायालय की तारीख 18-9-2017 की अपील (1) पतासी देवी पुत्री रुड़ाराम पत्नी रामगोपाल बुनकर निवासी आसपुरा वाया अजीतगढ़ जिला सीकर (2) मेवा देवी पुत्री
रुड़ाराम पत्नी बनवारी लाल बुनकर निवासी चारणवास पंचायत समिति गोविन्दगढ़ (3) श्रवण देवी पुत्री रुड़ाराम पत्नी बालचन्द (4) गीता देवी पुत्री रुड़ाराम पत्नी सुभाष चन्द जाति बुनकर निवासी देवका हरवाड़ा वाया चन्दवाजी जयपुर
सिविल न्यायाधीश शाहपुरा की डिग्री की अपील अपीलार्थी द्वारा उपस्थित की गई है और इस न्यायालय में रजिस्ट्रर कर ली गई है और इस अपील की सुनवाई के लिये इस न्यायालय द्वारा ता0 17 माह 12 सन् 2025 नियत की गई है।
यह आज तारीख 29 माह 11 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।
मोहर
आज्ञा से-रीडर ग्रेड-प्रथम
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश सं-2, शाहपुरा जिला (जयपुर) राज.

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 13/25
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी नाम ग्यारसी देवी पत्नी जगदीश जाति गुर्जर निवास स्थान चतरपुरा देवीपुरा तहसील शाहपुरा जिला जयपुर
मृतक राजूराम पुत्र जगदीश गुर्जर चतरपुरा की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 20.12.2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम राजूराम पुत्र जगदीश जाति गुर्जर निवासी चतरपुरा का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 20 माह 12 सन् 2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 09 माह 12 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
आज्ञा से-(ललिता शर्मा)
अपर जिला न्यायाधीश सं.1
मोहर अदालत
शाहपुरा (जयपुर जिला राज.)

**COLLEGE OF AGRICULTURE**
(S.K.N. Agriculture University-Jobner) Bhusawar (Weir) Bharatpur (Rajasthan)-321406
No. :- F.( )/Estt./Dean-COAB/2025/758-60 Dated :- 08/12/2025
**NOTICE INVITING BID**
Bid for open tender regarding Laboratory Items are invited from interested bidders up to 10.30 AM, 18.12.2025. other particulars of the bid may be visited on the procurement portal **(http://sppp.raj.nic.in)** of the state or **www.sknau.ac.in** University website.
**NIB code SKN2526A0307 and UBN is SKN2526GSOB00328**
Raj.Samwad/C/25/15582 DEAN

**IARC इंटरनेशनल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी प्राइवेट लिमिटेड**
कॉपोरेट कार्यालय-ए-601, 6वीं मंजिल, 215 एट्रियम अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व) मुंबल 400083 पंजीकृत कार्यालय-406, डीएलएफ साउथ कोर्ट, साकेत, नई दिल्ली-110017
सीआईएन नंबर-U74999012002PIC117525
ईमेल-iarc@iarc.co.in, वेबसाइट-www.iarc.co.in
**ई-नीलामी सह बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना (परिशिष्ट- IV ए) (नियम 8(6)**
वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना, प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित
आम जनता को और खास तौर पर, नीचे बताए गए बॉरोअर, गारंटर और मॉर्टगेजर को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे बताया गया सिक्योर्ड एसेट जो इंटरनेशनल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के पास मॉर्टगेज है जो RetCo-5 (जिसे आगे "IARC" कहा जाएगा) के ट्रस्टी के तौर पर काम कर रही है, जिसका कॉपोरेट ऑफिस A-601/602/605, 6th फ्लोर, 215 एट्रियम, कनकिया स्पेसेस, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुंबई-400093 में है, और जिसका पजेशन IARC के ऑथराइज्ड ऑफिसर (AO) ने ले लिया है, उसे IARC के ड्यूज की वसूली के लिए "AS IS WHERE IS", "AS IS WHAT IS" और "WITHOUT RECORSE" बेसिस पर बेचा जाएगा। यह सेल वेबसाइट पर मौजूद ई-ऑक्शन प्लेटफार्म के जरिए नीचे साइन करने वाले द्वारा की जाएगी। www.iarc.co.in
**कर्जदार-श्री तुलसीराम गुर्जर, सह-कर्जदार-श्रीमती प्रियंका और श्री देव रोडवेज**
**डिमांड नोटिस तारीख और रकम दिनांक 12.12.2024**
**राशि रू. 13,54,732.00/- (रूपये तेरह लाख चार हजार सात सौ तीस मात्र)**
**बोली वृद्धि राशि रू. 10,000/- (केवल दस हजार रूपये)**
**Description of the Immovable property/Secured Asset: Plot 85. The Vatika Residency. Vill. Purshottampura Urf Dadiya. village Vatika. The Sanganer, Jaipur, India-303905**
**एरिया (SQ FT में) प्रॉपर्टी टाइप-लैंड एरिया। बेचने लायक एरिया प्रॉपर्टी एरिया-1500.00, 1500.00 घिरा हुआ-उत्तर-प्लॉट नंबर 84 दक्षिण-प्लॉट नंबर 86 पूर्व-अन्य जमीन पश्चिम-सडक 9.00 M चौडी**

| प्रतीकात्मक कब्जे की तारीख | 10.11.2025 तक कुल बकाया | आरक्षित मूल्य | (EMD) बयाना राशि जमा |
|---|---|---|---|
| 7.02.2025 | रू.15,78,192.70 (रूपये पन्द्रह लाख अठहत्तर हजार एक सौ बानवे पैसे सत्तर मात्र) | रू.26,25,313/- (छब्बीस लाख पच्चीस हजार तीन) सौ तेरह मात्र) | रू. 2,62,531/- (दो लाख बासठ हजार पांच सौ तीस मात्र) |

प्रॉपर्टी के इंस्पेक्शन की तारीख-30.12.2025 सुबह 11.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक) EMD की आखिरी तारीख 15.01.2026 ई-ऑक्शन की तारीख/समय 16.01.2026/सुबह 11.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक
जो लोग इसमें इंटरेस्टेड है वे ज्यादा जानकारी क्लेरिफिकेशन या अपनी एप्लीकेशन जमा करने के लिए ऑथराइज्ड ऑफिसर के कॉन्टैक्ट कर सकते हैं। सेल के डिटेल्ड टर्म्स एंड कंडीशंस के लिए कृपया IARC की वेबसाइट www.iarc.co.in पर मौजूद लिंग देखें। जो लोग इंटरेस्टेड है वे किसी भी मदद के लिए मिस्टर गुलशन से +91-9211309232 पर या मिस्टर कौशल से +91-9211309957 पर भी कॉन्टेक्ट कर सकते है।
जगह-मुंबई, तारीख 09.12.2025 प्राधिकृत अधिकारी

## संक्षिप्त

### फराज अहमद का स्वागत

**दौसा।** दौसा विधायक दीनदयाल बैरवा ने गुरुवार को कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष फराज अहमद का 21 किलों की फूलो की माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान विधायक दीनदयाल बैरवा ने कहा कि कांठोस संगठन का विस्तार किया जा रहा है, नवनियुक्तियां हो रही है, संगठन में सक्रिय एवं इमानदार कार्यकर्ताओं को महत्वूपूर्ण पदों पर नियुक्तियां कर उन्हे जिम्मेदारी दी जा रही है। उन्होने अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष फराज अहमद सहित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों से आहवान किया कि वे कांठोस की विचारधारा को आमजन तक पहुंचाये तथा अधिक से अधिक लोगो को कांग्रेस से जोडे। उन्होने कहा कि कांग्रेस ने जो जिम्मेदारी दी है, उनका पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करें। इस दौरान विधायक दीनदयाल बैरवा ने अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष फराज अहमद को 21 किलो की माला व साफा पहनाकर स्वागत किया तथा शुभकामनाये दी। इस अवसर पर सेवादल के पूर्व जिला अध्यक्ष कैलाश गोठवाल, अल्ताफ खान, रामसिंह प्रिंसिपल, रामप्रसाद शर्मा, दिनेश महावर चूड़ियावास सरपंच, रहीश खान, शाहरुख खान, गुलफार खान, राजा बाबू, सनी खान, नावेद खान, सतीश गैरोटा, जे पी गैरोटा सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

### जर्सी वितरण कार्यक्रम आयोजित

**दौसा।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महेश्वरा कला में गुरुवार को मनीष कुमार गुप्ता अमून टेक्सटाईल दौसा ने कक्षा 1 से 5 तक 70 से अधिक बालक-बालिकाओं को जर्सियां भेंट की। जर्सिया पाकर छात्रछात्राएं काफी उत्साहित हो गए। इधर भीषण सर्दी में जर्सियां पाकर नौनिहालों के चेहरे खिल उठे। जर्सी वितरण कार्यक्रम में एसडीएमसी सदस्य मांगीलाल कसाना, रंगलाल गुर्जर प्राचार्य श्रीमती सीमा मीना, उपप्राचार्य विश्राम मीना, उप प्राचार्य कपिल मोहन शर्मा, शारीरिक शिक्षक ओमप्रकाश शर्मा, वरिष्ठ अध्यापक घनश्याम मीना, पवन कुमार मीना, गिर्राज जांगिड, सुवालाल योगी, विद्या मीना, कृष्णा शर्मा, नीरू नागर, विनय मीना मौजूद रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुभाषचन्द्र ने अमन टैक्सटाईल दौसा का आभार व्यक्त किया।

# मुंडावर में नौनिहालों की सुरक्षा के लिए प्रशासन सख्त, 5 बसे जब्त

**किशनगढ़ बास।** मासूम स्कूली बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए और निजी स्कूल संचालकों की मनमानी पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खैरथल-तिजारा व प्रशासन नें कड़ा रुख अपनाते हुए संयुक्त कार्रवाई कर स्कूल बस चालकों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है।

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के दिशा-निर्देशों और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खैरतल-तिजारा के सचिव रनवीर सिंह के निर्देशों की अनुपालना में गुरुवार को मुंडावर क्षेत्र में बाल वाहिनियों का एक व्यापक और सघन औचक निरीक्षण अभियान चलाया गया।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि स्कूलों में संचालित वाहन बच्चों की सुरक्षा के निर्धारित मानकों पर खरे उतर रहे हैं या नहीं। इस विशेष जांच अभियान की शुरुआत न्याय क्षेत्र खैरथल के ततारपुर गांव से हुई। जहाँ से टीम ने सोडावास, चिरूनी, हटुंडी, मुंडावर और करनीकोट सहित विभिन्न गांवों का दौरा करते हुए सड़क पर दौड़ रही स्कूली बसों को रुकवाकर उनकी गहनता से जांच की। निरीक्षण के दौरान जो तस्वीरें




मुंडावर क्षेत्र में बाल वाहिनियों पर विधिक सेवा प्राधिकरण व प्रशासन ने संयुक्त कार्रवाई की।

सामने आईं वे बेहद चिंताजनक थीं। जांच दल ने पाया कि क्षेत्र के कई निजी स्कूल संचालक परिवहन नियमों और बच्चों की सुरक्षा को ताक पर रखकर बसों का संचालन कर रहे थे। सबसे गम्भीर अनियमितता यह देखने को मिली कि कई बसों में निर्धारित क्षमता से कहीं अधिक बच्चों को किसी सामान या भेड़-बकरियों की तरह ठूस-ठूस कर भरा गया था, जो किसी भी वक्त एक बड़े हादसे का कारण बन सकता था।

प्रशासनिक टीम ने इन अनियमितताओं पर तत्काल और कड़ा संज्ञान लिया तथा कार्रवाई के दौरान 1.5 लाख का जुर्माना वसूला और पांच स्कूली बसों को जब्त किया गया है। मौके पर बीडीएमएल स्कूल और विकास पब्लिक स्कूल सहित अन्य कई शिक्षण संस्थानों की गाड़ियों में भारी खामियां पाई गईं।

जिसके चलते उन्हें तुरंत प्रभाव से सीज (जब्त) कर दिया गया। निरीक्षण के दौरान परिवहन विभाग (आरटीओ) की ओर से रवि दत्त ने मुस्तैदी दिखाते हुए मोटर वाहन अधिनियम के तहत नियमों का

- 1.5 लाख का जुर्माना वसूला

उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ मौके पर ही कार्यवाही की और लगभग 1.5 लाख रुपये के कम्पाउंडेबल चालान काटकर स्कूल संचालकों को कड़ा संदेश दिया।

इस सम्पूर्ण कार्यवाही को अंजाम देने में विधिक सेवा प्राधिकरण, परिवहन विभाग और पुलिस विभाग का सामंजस्य सराहनीय रहा। अभियान के दौरान डीएलएसए सचिव की टीम से रविंद्र कुमार के साथ-साथ पुलिस प्रशासन की ओर से भी पूरा सहयोग रहा। थाना ततारपुर से हेड कांस्टेबल विजय पाल और थाना मुंडावर से हेड कांस्टेबल रतन लाल अपनी-अपनी टीमों के साथ मौके पर डटे रहे और कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ कार्यवाही में सक्रिय भूमिका निभाई। बच्चों की सुरक्षा की दृष्टि से किया गया यह निरीक्षण अत्यंत सफल रहा। जिससे न केवल नियमों की अवहेलना करने वालों में हड़कंप मचा है, बल्कि यह भी स्पष्ट कर दिया गया है कि भविष्य में बच्चों की जान से खिलवाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## युवा मतदाताओं को जोड़ने पर बल

- नैतिक मतदान का महत्व विषय पर कार्यक्रम आयोजित
- प्राचार्य डॉ. एच. एन. धोलीवाल ने विद्यार्थियों को वोट के अधिकार के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

**कोटपूतली** । मताधिकार केवल एक कत्तर्व्य ही नहीं बल्कि लोकतंत्र की मजबूती और विकास के लिये एक अत्यंत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी हैं। ये विचार कस्बे के डाबला रोड़ स्थित राजपूताना पी जी कॉलेज में निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर हमारा वोट का संवैधानिक अधिकार एवं नैतिक मतदान का महत्व विषय पर आयोजित कार्यक्रम में निदेशक महेन्द्र चौधरी ने व्यक्त किये। चौधरी ने कॉलेज ईएलसी द्वारा किए गए एसआईआर व युवा मतदाताओं को जोड़ने की आवश्यकता पर बल देते हुए अधिकाधिक मतदाताओं को जागृत करने पर बल दिया। प्राचार्य डॉ. एच. एन. धोलीवाल ने विद्यार्थियों को वोट के अधिकार व उसके महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। ईएलसी प्रभारी ताराचन्द सैनी ने एसआईआर द्वारा किये गए मतदाता संबंधी कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में हमारा वोट का संवैधानिक अधिकार एवं नैतिक मतदान का महत्व विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र बन्ने सिंह, धर्मवीर यादव व मंजु यादव ने जोशीला व शानदार भाषण दिया। इस दौरान उपप्राचार्य उमराव लाल, सहायक प्रोफेसर एसके शर्मा, नीरू सैनी, भूपसिंह यादव, ममता यादव, राजकुमार, केदारनाथ, सचिन सिवोडिया व सैकडों विद्यार्थी मौजूद रहे।

## ठगी मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**टोंक।** पुलिस महानिदेशक साईबर क्राईम जयपुर द्वारा चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन साईबर वज्र प्रहार 2.0 के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टोंक के निर्देशन में निवाई थानाधिकारी भारती के नेतृत्व में थाना निवाई की स्पेशल टीम द्वारा समन्वय पोर्टल पर मिली संदिग्ध मोबाईल नम्बर की पूर्ण तस्दीक कर दो आरोपियों को डिटेन कर जांच की गई तो सामने आया की आरोपी स्मैक पीने के आदि है, जिन्होने स्वयं के आधार कार्ड से सिम जारी करवाकर साईबर ठगों को ठगी हेतु सिम उपलब्ध करवायी तथा बदले में 300 रूपये का स्मैक टोकन लिया है। मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी अशरार पुत्र निसार उम्र 28 साल एवं सदाम पुत्र अलादीन उम्र 28 साल निवासी झिलाय थाना निवाई से उक्त संदिग्ध सिम के सम्बन्ध में जांच की जा रही है। आरोपीं के नाम से खरीदी सीम एक साईबर कम्पलेंट पिम्परी महाराष्ट्र में दर्ज है।

## स्वीकृत पदों के पुनर्गठन के सम्बन्ध में एक्सईएन को ज्ञापन सौंपा

- विधुत मंत्रालयिक एवं अधिनस्थ कर्मचारी संघ ने विभिन्न मांगों को लेकर एक्सईएन को ज्ञापन सौंपा

**कोटपूतली** । विधुत मंत्रालयिक एवं अधिनस्थ कर्मचारी संघ ने राज्य सरकार के संशोधित आदेशों के अनुसार विधुत निगमों में मंत्रालयिक संवर्ग के स्वीकृत पदों का पुनर्गठन करवाने के सम्बन्ध में जेवीवीएनएल एक्सईएन मनोज गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा मंत्रालयिक संवर्ग के स्वीकृत पदों के पुनर्गठन किये जाने हेतु संशोधित आदेश के अनुसार पुनर्गठन किये जाने हेतु प्रस्ताव वित्त विभाग में भिजवाने हेतु सभी विभागों को आदेशित किया गया हैं। जिसकी पालना में अन्य विभागों द्वारा प्रस्ताव वित्त विभाग को भिजवा दिये गये है एवं कुछ विभागों द्वारा संशोधित पदों का पुनर्गठन भी कर दिया गया हैं किन्तु विधुत विभाग द्वारा राज्य सरकार के इस आदेश की पालना में आज तक भी पदों के पुनर्गठन हेतु प्रस्ताव वित्त विभाग को नही भिजवाये गये है, जिससे विधुत निगम के मंत्रालयिक संवर्ग के मंत्रालयिक कर्मचारियों के हित प्रभावित हो रहे व पदौन्नती में रूकावट आ रही है, जिसके लिये जिला कोटपूतली-बहरोड़ सर्किल के सभी मंत्रालयिक कर्मचारियों द्वारा जिलाध्यक्ष प्रहलाद मीणा के नेतृत्व में जिला महासचिव कमलेश कुमार लखेरा, सुशील जांगिड़, कमलेश कुमार गुर्जर, सुरत सिंह चनानिया, हिम्मत वर्मा, महावीर गुर्जर, महेश यादव, कुलदीप आदि मंत्रालयिक कर्मचारियों द्वारा कोटपूतली वृत कार्यालय रामसिंहपुरा पर एक्सईएन मनोज गुप्ता को ज्ञापन सौंपा गया।

## सार-समाचार

### छात्र-छात्राओं को ऊनी वस्त्र वितरित



**राजगढ़ ।** क्षेत्र के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय डाबला मेव में गुरुवार को सर्व समाज हैल्प टीम के सदस्य स्थानीय भामाशाह कोठारी बास निवासी जगराम कोठ्यारी डाबला की ओर से सर्दी में छात्र-छात्राओं को (जर्सी-टोपी) ऊनी वस्त्र वितरित किए गए। सर्व समाज हैल्प टीम के कार्यवाहक उपाध्यक्ष सैतान भाकरी हरिकिशन बाढ ने बताया कि विद्यालय में 76 बच्चे अध्ययनरत है तथा 5 बच्चे पूर्व प्राथमिक स्तर के है। इस दौरान सभी 81 बच्चों को सर्व समाज हैल्प टीम सदस्य जगराम डाबला (भामाशाह) की ओर से ऊनी वस्त्र वितरित किए गए। जिसके लिए विद्यालय प्रधानाध्यापक कल्लूराम मीना एवं विद्यालय प्रबन्धन समिति ने भामाशाह का आभार व्यक्त किया। इस दौरान सर्व समाज हैल्प टीम के कार्यवाहक अध्यक्ष महेन्द्र मीना, जगराम मीना, धर्मू डाबला, रामकेश रतनपुरा सुनील भाकरी प्रमोद सैनी सकट महेंद्र कसाना सैतान भाकरी हरिकिशन बाढ व कल्लूराम प्रधानाध्यापक व विद्यालय प्रबंधन एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे !

### सुशासन यात्रा को लेकर चर्चा

**दौसा।** भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियो की बैठक जिला संगठन प्रभारी सोमकांत शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें 12 दिसंबर से शुरु होने वाली सुशासन यात्रा की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक का शुभारंभ जिला संगठन प्रभारी सोम कांत शर्मा और जिला अध्यक्ष लक्ष्मी रेला ने दीप प्रज्वलित कर किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला संगठन प्रभारी सोम कांत शर्मा ने कार्यकर्ताओं से जागरूक और संगठित रहकर कार्य करने का आ ान किया। उन्होंने बताया कि 12 दिसंबर से शुरू होने वाली सुशासन यात्रा को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा इसके सफल संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।जिला अध्यक्ष लक्ष्मी रेला ने एसआईआर अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ पर कम से कम 50 नए वोटर जोड़ने का लक्ष्य पूरा करें। साथ ही उन्होंने अवैध रूप से रह रहे बाहरी तत्वों के नाम मतदाता सूची से हटवाने के लिए फॉर्म नंबर 7 भरकर जमा करवाने की बात कही। बैठक में जिला मीडिया प्रभारी प्रेम हरितवाल पूर्व जिला अध्यक्ष रतन तिवारी, टीकम सिंह गुर्जर, जिला महामंत्री विपिन जैन, हरकेश मटलाना, लेखपाल कसाना, जिला उपाध्यक्ष एवं युवा नेता शिव शर्मा, सोमेश विजय, मंजू लता जाटव, रूप सिंह मीणा, महेंद्र पीलोडी, अभिषेक शर्मा, जिला मंत्री ममता सैनी, सरोज मीणा, मिश्री देवी मीणा, सियाराम शर्मा, नगर अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह राजपूत, सतपाल मीणा और किशोरी लाल बैरवा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मानवाधिकार पर कार्यक्रम आयोजन

**दौसा।** इंडियन कॉलेज बनियाना में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर वंदेमातरम-गायन एवं विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजय प्रकाश शर्मा ने मानवाधिकार पर स्वयं के कर्तव्य और दूसरों के अधिकारों की रक्षा को मानव धर्म बतलाए जाने के साथ ही वंदे मातरम के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के प्रभारी मुकेश कुमार शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में बीएड एवं डीएलएड के सभी शिक्षक प्रशिक्षण भारतीयों ने भाग लिया। प्रमुख निर्णायक एवं सहायक प्राचार्या सीमा जांगिड़ नें विजेताओं की घोषणा की। जिसमें प्रथम स्थान डीएलएड की छात्रा निहारिका शर्मा, द्वितीय स्थान पर बी.एड. की राशि शर्मा रही तथा तृतीय स्थान पर बी.एड. की ही राजू मीणा ने स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में संस्थान के प्रवक्ता जयप्रकाश महावर, मनोज कुमार शर्मा एवं किशन लाल बैरवा, राजेंद्र प्रसाद शर्मा भी उपस्थित रहे।

# सरकार के दो साल पूरे, जलग्रहण जागरूकता रैली निकाली

**खैरथल।** मुण्डावर के ग्राम रसगन में जलग्रहण विकास एवं भू-सरंक्षण विभाग के तत्वधान में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 परियोजना अंतर्गत जिला स्तरीय जलग्रहण महोत्सव उत्साहपूर्वक आयोजित हुआ। यह आयोजन राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर चल रहे विशेष अभियान 'नव उत्थान-नई पहचान, बढता राजस्थान-हमारा राजस्थान' के अनुरूप ग्रामीण विकास और जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढाने के उद्देश्य से किया गया ।

इस अवसर पर महत्मा गांधी राजकीय विद्यालय रसगन परिसर में हुए इस महोत्सव में जनसभा, जन-जागरूकता रैली, सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वयं सहायता समूह प्रदर्शनी, रंगोली प्रतियोगिता, वृक्षारोपण एवं श्रमदान जैसी विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। जल संरक्षण और पर्यावरण सुधार के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले



स्वयं सहायता समूह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर, भाजपा अलवर उत्तर के जिला अध्यक्ष महासिंह चौधरी, तथा पंचायत समिति मुण्डावर की प्रधान सुनीता महेश गुप्ता द्वारा ठााम रसगन में एनीकट निर्माण कार्य का लोकार्पण किया व गांव में 25 कृषकों के फार्म पॉण्ड कार्यों का भूमि पूजन किया गया।

जलग्रहण विकास एवं भू-सरंक्षण विभाग के अनुसार सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल में परियोजना क्षेत्र में 951 कार्य पूर्ण किए गए हैं।

वहीं वरुण बेवरेज लिमिटेड की सीएसआर शाखा आरजे फाउंडेशन द्वारा 65 कृषकों के फार्म पॉण्ड निर्माण हेतु 78 लाख रुपये की परियोजना पर कार्य प्रगति पर है। कार्यक्रम में अधीक्षण अभियंता नरेन्द्र सिंह मौथू, रिटायर्ड अधीक्षण अभियंता सुमेर सिंह चौधरी, अधिशाषी अभियंता क्षत्रपाल यादव, विद्यालय के प्रधानाचार्य रामानंद, उप-प्रधानाचार्य राकेश श्रीवास्तव, वरुण बेवरेज लिमिटेड की असिस्टेंट वाइस प्रेजिडेंट डॉ. कादम्बरी, पीएचडीआरडीएफ के सीनियर मैनेजर बृजमोहन पाल, सरपंच ताराचंद, जनप्रतिनिधि, विद्यालय स्टाफ तथा बड़ी संख्या में आमजन व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

- 'नव उत्थान-नई पहचान, बढ़ता राजस्थान-हमारा राजस्थान के तहत अनेक कार्यक्रम आयोजित हुए

## 1.31 करोड़ का ऋण वितरित

**दौसा।** जिला कलक्टर देवेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में गुरूवार को यहां जिला कलक्ट्रेट परिसर स्थित आर सेटी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में राजीविका द्वारा गठित 51 स्वयं सहायता समूहों को भारतीय स्टेट बैंक की ओर से 1 करोड़ 31 लाख रुपए का ऋण वितरण किया गया।

इस अवसर पर जिला कलक्टर देवेन्द्र कुमार ने महिलाओं से संवाद कर उनकी ओर से किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली।

उन्होंने महिलाओं को आजीविका संवर्धन कर आमदनी के जरिए आत्मनिर्भर बनने की सलाह दी। भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक गिरधारी लाल बैरवा ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को ऋण वितरण के माध्यम से नए हुनर और व्यवसाय द्वारा आर्थिक स्थिति में विकास कर सक्षम बनने की पहल करने और उनमें बैंकिंग सेवाओं की उपयोगिता बताई। राजीविका के जिला परियोजना प्रबंधक बलदेव सिंह गुर्जर ने राजीविका स्वयं सहायता समूहों द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में बताया।

# प्लास्टिक पॉलीथिन पर रोक लगाए : साधना शर्मा

- गौवंश की बदहाली को लेकर उपखंड अधिकारी द्वारा बजरंग दल कार्यकर्ताओं व गौशाला अध्यक्षों के साथ बैठक का आयोजन

**पावटा।** निराश्रित पशुओं के विचरण की समस्या के निवारण व गौवंश की बदहाली को लेकर पावटा उपखंड कार्यालय में पावटा उपखंड अधिकारी साधना शर्मा अध्यक्षता तथा बजरंग दल पदाधिकारियों व गौ रक्षकों एवं क्षेत्र के गौशाला अध्यक्षों की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया।

इस दौरान बजरंग दल पदाधिकारियों व गौ रक्षकों एवं क्षेत्र के गौशाला अध्यक्षों द्वारा आए दिन निराश्रित गौ वंशों के सड़को पर आने के कारण सड़क दुर्घटनाए, निराश्रित गौ वंशों को गौ शालाओं में छोड़ने, नगरपालिका द्वारा अस्थाई डंपिंग यार्ड में कचरा व प्लास्टिक डाले जाने से आए दिन गोवंश की मृत्यु हो रही है।

प्लास्टिक पॉलीथिन खाकर आए दिन गौ वंश काल का ठाास बन रहे है, नंदी गौ शाला खोलने, पावटा अस्थाई डंपिंग यार्ड में तार बाउंड्री करवाने, गौ शालाओं के अनुदान,घायल गोवंश को तत्काल गौ शाला भेजने की व्यवस्था करने साथ ही, दुर्घटना में मृत गोवंश को सम्मानपूर्वक समाधि दिलाने, मंदिरों के आस पास मांस की दुकानों को बंद करने सहित विभिन्न समस्याओं से उपखंड अधिकारी को अवगत करवाया गया। जिस पर पावटा उपखंड अधिकारी साधना शर्मा ने कहा कि पशुओं के सडकों में विचरण के कारण प्रतिवर्ष कई सडक दुर्घटनाएं होती हैं।

जिसमें हम कई बहुमूल्य जिन्दगियां खो देते हैं। मानव जीवन के साथ-साथ पशुधन की भी हानि होती है। आवारा पशुओं के कारण किसानों के फसलों का नुकसान होता है। साथ ही जिले में पशु क्रूरता के मामलों में भी वृद्धि हो रही है। उक्त समस्या के निराकरण के लिए अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही करने की आवश्यकता है। अभियान चलाकर सड़कों पर विचरण करने वाले पशुओं को नजदीकी गौशालाओं में भेजने की कार्यवाही की जाए। सर्वप्रथम नगरीय क्षेत्रों तथा प्रमुख मार्गों से पशुओं को हटाने की कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में गौशालाओं का समय समय पर निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को दुरूस्त करें। गौशालाओं में दान करने प्रेरित करने को कहा। उन्होंने कहा कि पशुओं के आवागमन में निगरानी रखें जिससे लोग अपने पशुओं को अनावश्यक रूप से हमारे क्षेत्र में नहीं छोडें। ऐसे पशु पालकों का जो जानबूझकर पशुओं को छोडते हैं उन्हे आर्थिक दण्ड भी दिया जाये। उन्होंने नगरपालिका को पावटा कस्बे में अस्थाई डंपिंग यार्ड के चारों तरफ तार बाउंड्री करने व हाईवे पर घूम रहे निराश्रित गोवंश को नजदीकी गौशालाओं में स्थानांतरित करने के लिए निर्देशित किया।

# वार्षिक अधिवेशन में शामिल होने का आव्हान

- पेंशनर्स सोसायटी शाखा फुलेरा की मासिक बैठक आयोजित
- वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश सहाय शर्मा ने 8 वें वेतन आयोग द्वारा जारी टर्म्स ऑफ रेफरेंस की विसंगतियों पर चिंता जताई और पेंशनर्स साथियों को एकजुट रहकर संघर्ष के लिए तैयार रहने का आव्हान किया।

**फुलेरा।** सांभर रोड स्थित आदर्श विद्या मंदिर स्कूल परिसर पर रेलवे पेंशनर्स सोसायटी शाखा फुलेरा की नियमित मासिक बैठक शाखा अध्यक्ष रमेशचंद वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक की शुरुआत इस माह दिवंगत साथियों को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई तथा नए सदस्य जगदीश प्रसाद यादव का माला पहनाकर स्वागत किया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश सहाय शर्मा ने 8 वें वेतन आयोग द्वारा जारी टर्म्स ऑफ रेफरेंस की विसंगतियों पर चिंता जताई और पेंशनर्स साथियों को एकजुट रहकर संघर्ष के लिए तैयार रहने का आव्हान किया। गिरधर गोपाल, धन्नालाल कुमावत, एमके वर्मा, मोहनलाल जांगिड़, शेषनारायण सैनी, सीपी त्रिपाठी, लालचंद कुमावत सहित कई सदस्यों ने अपने विचार रखे। अध्यक्ष रमेशचंद वर्मा ने 17 दिसंबर 2025 को जयपुर में आयोजित होने वाले पेंशनर्स डे व वार्षिक अधिवेशन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की। उन्होंने शाखा की कार्यप्रणाली में आ रही गिरावट पर चिंता व्यक्त करते हुए कार्यकारिणी में बदलाव के संकेत भी दिए। साथ ही मंच से अन्य संगठनों के मुद्दे उठाने पर कार्यकारिणी सदस्यों को आगाह किया। मंच संचालन रमेश चंद कुमावत ने किया। बैठक में रामकुमार मीणा, बिरधा बी, मदन लाल, ललितमोहन ओबेरॉय, मुकेशकुमार झा, हनुमानप्रसाद कुमावत, मेवाराम चौधरी, प्रेमचंद राजोरिया, किशनलाल माली, विक्रमसिंह गहलोत, सुरेंद्रकुमार गुप्ता, चैनाराम देवंदा, राजेंद्रप्रसाद शर्मा, वीरेन्द्र कुमार बंसल, राजकुमार, ओमप्रकाश कार्डिया, अशोक कुमार शर्मा सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।

# पावटा में बालिकाओं ने निकाली स्वच्छता रैली, श्रमदान कर संदेश दिया

**पावटा।** राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर सम्पूर्ण राजस्थान में शहरी स्तर एवं ग्रामीण स्तर पर स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में पावटा उपखंड

- नगरपालिका द्वारा छात्राओं को सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में दी जानकारी

अधिकारी डॉ.साधना शर्मा के निर्देशों की पालना में नगरपालिका पांवटा प्रागपुरा अधिशासी अधिकारी फतेह सिंह मीणा के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान के तहत नर्बदा देवी बिहारी लाल जोशी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया।



राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर सम्पूर्ण राजस्थान में शहरी स्तर एवं ग्रामीण स्तर पर स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया।

सर्वप्रथम छात्राओं द्वारा दो साल नव उत्थान नई पहचान बढ़ता राजस्थान हमारा राजस्थान रंगोली बनाई गई। उसके बाद स्कूल प्रधानाचार्य द्वारा स्वच्छता की शपथ दिलवाई गई, जिसमें छात्राओं एवं शिक्षिकाओं ने विद्यालय एवं कस्बे को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। इस दौरान विद्यालय परिसर के आस पास एवं गलियों में श्रमदान कर बालिकाओं ने कचरा उठाकर साफ सफाई की। इस दौरान उन्होंने गीले व सूखे कचरे को अलग करने, प्लास्टिक का उपयोग न करने एवं पर्यावरण संरक्षण का महत्व भी समझाया। रैली व श्रमदान के दौरान छात्राओं ने हाथों में बैनर व स्लोगन लिए कस्बे की गलियों में स्वच्छता रैली निकाली और नारे लगाते हुए लोगों को संदेश दिया कि हमारा विद्यालय स्वच्छ रहेगा तो कस्बा भी स्वच्छ रहेगा और स्वच्छ वातावरण में ही बेहतर शिक्षा संभव है।

वही स्वच्छ भारत मिशन एमआईएस इंजीनियर रमेश चंद कुमावत एवं टीम द्वारा स्वच्छता पर जागरूकता अभियान चलाकर छात्राओं को सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि प्लास्टिक पर्यावरण और मानव जीवन दोनों के लिए हानिकारक है और इसके उपयोग को कम करना समय की मांग है। छात्रों से दैनिक जीवन में प्लास्टिक के बजाय कागज और कपड़े के थैलों का उपयोग करने का आठाह किया व कपड़े के थैले वितरित किए।



**हालात** कितने भी कठिन क्यों न हों, वे हर बार अपने बैट और मेहनत की ताकत से ही मन को स्थिर करने की कोशिश करती हैं। उन्होंने साफ कहा कि क्रिकेट ही वह चीज है जो किसी भी चुनौती के बीच उन्हें मजबूती देती हैं। **– स्मृति मंधाना**

**भारतीय महिला क्रिकेटर, मीडिया से रूबरू होते हुए।**

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## एबी डिविलियर्स



**भारतीय** टीम के हेड कोच गौतम गंभीर ने मैच के बाद कहा कि वनडे क्रिकेट में ओपनिंग जोड़ी को छोड़कर बाकी बैटिंग ऑर्डर को लेकर बहुत ज्यादा सोचने की जरूरत नहीं है और यह अवधारणा ओवररेटेड हो चुकी है। गंभीर के इस बयान का समर्थन पूर्व दक्षिण अफ्रीकी दिग्गज एबी डिविलियर्स ने भी किया है। उन्होंने कहा कि वे इस विचार से काफी हद तक सहमत हैं, क्योंकि वनडे क्रिकेट में फ्लोटिंग बैटिंग लाइनअप टीम को अप्रत्याशित बनाता है। उन्होंने कहा कि टीम राइट–लेफ्ट कॉम्बिनेशन, मैच की स्थिति और गेंदबाजों के आधार पर क्रम में बदलाव कर सकती है।

**क्या आप जानते हैं ?...** टी–20 में 100 रनों से अधिक के अंतर से जीत दर्ज करने का विश्व रिकॉर्ड भी भारत के नाम है।

## टी-20 विश्वकप 2026 के लिए आज से शुरु होगी टिकटों की बिक्री

दुबई, 12 दिसंबर। अगले साल सात फरवरी से भारत और श्रीलंका में होने वाले पुरुष टी–20 विश्वकप 2026 के लिए गुरुवार शाम को टिकटों की बिक्री शुरु होगी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने आज बताया कि भारतीय समयनुसार शाम 6:45 बजे बिक्री शुरू होगी। टिकट बिक्री के पहले चरण में कुछ भारतीय स्टेडियम में टिकट प्रशंसक खरीद सकेंगे। टिकट बिक्री के दूसरे चरण की तारीखों की घोषणा जल्द ही की जाएगी। यह टूर्नामेंट भारत और श्रीलंका के आठ स्टेडियमों में खेला जायेगा। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी संजोग गुप्ता ने कहा, ''टिकट बिक्री का पहला चरण अब तक के सबसे सुलभ और ग्लोबल आईसीसी इवेंट को आयोजित करने की हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। आईसीसी पुरुष टी–20 विश्व कप 2026 के लिए हमारा विजन स्पष्ट है: हर फ़ैन, चाहे उसका बैकग्राउंड, जगह या आर्थिक स्थिति कुछ भी हो, उसे वर्ल्ड–क्लास क्रिकेट का स्टेडियम में अनुभव करने का मौका मिलना चाहिए।''

### राजस्थान संतोष ट्रॉफी फुटबॉल टीम का प्रशिक्षण अंतिम शिविर दौर में

## राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए राजस्थान टीम तैयार

जयपुर, 11 दिसम्बर। संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ द्वारा राजस्थान फुटबाल संघ को गत वर्ष की भांति क्वालीफाई राउंड संतोष ट्रॉफी करवाने का अवसर प्राप्त हुआ है। 17 दिसंबर से विद्याधर नगर फुटबाल स्टेडियम जयपुर में आयोजित की जा रही है। गत वर्ष की तरह ही इस वर्ष संतोष ट्रॉफी के लिए टीम तैयार है। हम अपने ग्रुप में क्वालिफाई करके फाइनल राउंड के में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। ग्रुप आई में गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान ओर दमन एंड दिउ की टीम भाग ले रही है जिसके मैच 17,19,21 दिसंबर को सुबह ओर शाम को खेले जाएंगे। राजस्थान सीनियर पुरुष फुटबॉल टीम (संतोष ट्रॉफी) के लिए राजस्थान फुटबॉल संघ द्वारा दिनांक 7 नवंबर से 21 नवंबर तक हनुमानगढ़ तथा 27 नवंबर से रॉयल फुटबॉल ग्राउंड जयपुर में सीनियर फुटबॉल टीम का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। टीम प्रशिक्षण शिवर में 30 खिलाड़ी भाग ले रहे है। टीम के कोच आल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन से सी लाइसेंस, पूर्व राष्ट्रीय स्तरीय फुटबॉल खिलाड़ी नरेंद्र सिंह राठौड़ द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर को संघ के तकनीकी समिति सदस्य चयनकर्ता के रूप में सुनील राव और साथ ही तकनीकी समिति सदस्य दिनेश सिंह द्वारा भी हनुमानगढ़ में आयोजित प्रशिक्षण शिविर का निरीक्षण किया है। दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि जल्द ही राजस्थान टीम की घोषणा कर दी जाएगी।

## राजस्थान विश्वविद्यालय खेल मैदान से क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन

जयपुर, 11 दिसंबर। आज सुबह राजस्थान विश्वविद्यालय खेल मैदान से क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन सुबह 6:30 बजे हुआ उसमें विभिन्न वर्गों में आयोजित दौड़ के परिणाम निम्न प्रकार से रहे :– पुरुष वर्ग 10 किमी दौड़: महेंद्र कुमार गुर्जर, 35:17:0, मानव शर्मा 35:19:0, आरव चावल 37:24:0, ईश्वर वर्मा 38:20:0 से कृष्णकांत मनोहर 40:15:0, विष्णु गुर्जर 41:20:0। 20 वर्षीय लड़के 8 किमी दौड़: निखिल प्रजापत 32:10:0 से., रवि. 32:15:0 से.। 18 **वर्षीय** लड़के 6 किमी दौड़: शुभम सेन. 16:43:0 से., उत्तम शर्मा 16:46:0 से., आयुष चौधरी. 16:54:0 से.। 16 **वर्षीय** लड़के 2 किमी दौड़: लोकेश सैनी 9:30:0 से., वैभव कुमावत 9:38:0 से., नीरज प्रजापत. 10:40:0 से.। **महिला वर्ग** 10 किमी दौड़: ,(1) उर्मिला बिश्नोई 40:10:0 से., दीपिका जांगिड़. 41:15:0। से. ,किरण यादव 43:55:0 से.,अनीता चौधरी 44:10:0 से., सीमा बुनकर 44:43:0 से., पूजा कंवर 46:35:0 से.। 20 **वर्षीय** लड़कियां 6 किमी दौड़: पूजा मीणा 26:15:0 से., कोमल चौधरी 27:10:0 से., काजल मीणा 27:45:0 से., प्रियंका यादव 28:30:0 से.। 18 **वर्ष** लड़कियों 4 किमी दौड़: नेहा कुमारी. 18:10:0 से.। 16 **वर्षीय** लड़कियां 2 किमी दौड़: दीपिका शर्मा, 10:15:0 से., हेमलता 11:50:0 से., रमली. 12:45:0 से.।

### राज्य स्तरीय अंडर-14 एकदिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता आगामी 15 से

## अंडर-19 कूच बिहार ट्रॉफी में मुंबई जीती

जयपुर, 11 दिसंबर। आरसीए एडहॉक कमेटी मध्य क्षेत्र अंडर 14 क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजस्थान टीम के संभावितों के चयन हेतु आरसीए के तत्वाधान में आगामी 15 दिसंबर से जोधपुर में व 17 दिसंबर से जयपुर , उदयपुर में राज्य स्तरीय अंडर 14 एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित करेगी। राज्य स्तरीय अंडर 14 एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लीग मैचों की शुरुआत दिनांक 15 दिसंबर से जोधपुर में व दिनांक 17 दिसंबर से जयपुर, उदयपुर में में होगी। प्रतियोगिता का फाइनल मैच दिनांक 25 दिसंबर को जयपुर में खेला जायेगा। अंडर 19 कूच बिहार ट्रॉफी – राजस्थान – मुंबई मैच (अंतिम दिन मुंबई जीती) : मुंबई में खेले जा रहे राजस्थान – मुंबई अंडर 19 कूच बिहार ट्रॉफी मैच के अंतिम दिन मुंबई जीती मुंबई पहली पारी 250 आल आउट। राजस्थान पहली पारी 90 आल आउट।राजस्थान दूसरी पारी 286 आल आउट।मुंबई दूसरी पारी 127/5, टीम के लिए हर्ष 60, आर्यन 32 रन।राजस्थान के गेंदबाज जतिन 31/2 , नावेद खान 42/2, प्रखर शर्मा 32/1 विकेट।

# दक्षिण अफ्रीका ने भारत को 51 रनों से हराया, तिलक की फिफ्टी गई बेकार





मुल्लांपुर, 11 दिसंबर। दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टी20 मैच में शानदार प्रदर्शन किया और पांच मैचों की सीरीज में 1–1 की बराबरी हासिल कर ली। इस मैच में डिकॉक ने बल्ले से दम दिखाया, जबकि बार्टमैन ने शानदार गेंदबाजी की।

दक्षिण अफ्रीका ने भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज में 1–1 से बराबरी हासिल कर ली है। दक्षिण अफ्रीका ने गुरुवार को दूसरे मुकाबले में भारत को 51 रनों से हार थमाई। भारतीय टीम 214 का टारगेट का पीछा करते हुए 19.1 ओवर में 162 रनों पर सिमट गई। दक्षिण अफ्रीका की ओर से ओटनील बार्टमैन ने चार विकेट चटकाए। मार्क जानसेन, लुथो सिपामला और लुंगी एनगिडी के खाते में दो–दो विकेट आए। भारत के लिए तिलक वर्मा ने सर्वाधिक रन बनाए। उन्होंने 34 गेंदों में 62 रन जोड़े, जिसमें दो चौके और पांच सिक्स शामिल हैं।

लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत खराब रही। शुभमन गिल (0) पहले ओवर में पवेलियन लौट गए। अभिषेक शर्मा (17) और अक्षर पटेल (21) बड़ी पारी नहीं खेल सके। कप्तान सूर्यकुमार यादव (5) समेत पांच प्लेयर दहाई अंक में नहीं पहुंचे। भारत के चार विकेट 67 रन पर गिर गए थे। तिलक ने हार्दिक पांड्या (20) के साथ पांचवें विकेट के लिए 51रनों की साझेदारी की। उन्होंने जितेश शर्मा ने (27) के संग छठे विकेट के लिए 39 रन जोड़े। तिलक भारत की ओर से आउट होने वाले आखिरी प्लेयर थे।

इससे पहले, दक्षिण अफ्रीका ने टॉस गंवाने के बाद निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट पर 213 रन बनाए। क्विंटन डिकॉक ने शानदार बल्लेबाजी की लेकिन सेंचुरी से चूक गए। उन्होंने 46 गेंदों में 90 रन बनाए, जिसमें पांच चौके और सात सिक्स हैं। दक्षिण अफ्रीका के टॉस गंवाने के बाद डिकॉक ने रीजा हेंड्रिक्स (10 गेंदों में 8) के साथ 38 रन जोड़े। स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने पांचवें ओवर में रीजा को बोल्ड किया।

डिकॉक ने कप्तान एडेन मार्करम (26 गेंदों में 29) के संग दूसरे विकेट के लिए 83 रन की पार्टनरशिप कर भारत की टेंशन बढ़ाई। चक्रवर्ती ने 12वें ओवर में मार्करम का शिकार किया जबकि डिकॉक 16वें ओवर में रनआउट हुए। डेवाल्ड ब्रेविस 10 गेंदों में 14 रन जुटाए। उन्हें अक्षर पटेल ने 17वें ओवर में पवेलियन भेजा। डेविड मिलर (12 गेंदों में नाबाद 20) और डोनोवन फरेरा (16 गेंदों में नाबाद 30) ने पांचवें विकेट के लिए 53 रन की साझेदारी कर दक्षिण अफ्रीका को 200 के पार पहुंचाया। मिलर ने दो चौके और एक छक्का मारा। वहीं, फरेरा ने एक चौका और तीन सिक्स जमाए। जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह महंग साबित हुए। बुमराह ने चार ओवर में 45 जबकि अर्शदीप ने 54 रन लुटाए।


# बीसीसीआई की शीर्ष परिषद की एजीएम में कोहली और रोहित के अनुबंध पर होगी चर्चा

नई दिल्ली, 11 दिसंबर। भारतीय सुपरस्टार विराट कोहली और रोहित शर्मा के साथ–साथ घरेलू क्रिकेट में महिला खिलाड़ियों के अनुबंध में बदलाव पर 22 दिसंबर को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की शीर्ष परिषद की सालाना आम बैठक (एजीएम) में चर्चा होगी।

शीर्ष परिषद की 31वीं एजीएम ऑनलाइन होगी जिसमें कोहली और रोहित के अनुबंध पर फैसला होने की उम्मीद है। ये दोनों पिछले एक साल में टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं और अब सिर्फ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते हैं।

इस संदर्भ में भारत के टेस्ट और एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय कप्तान शुभमन गिल को सीनियर ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के साथ 'ए प्लस' वर्ग में रखा जा सकता है। अन्य मामलों में अंपायरों और मैच रेफरी के भुगतान में बदलाव के साथ–साथ बोर्ड की डिजिटल संपत्तियों के अपडेट पर भी चर्चा होगी।

यह बीसीसीआई के अधिकारियों में बदलाव के बाद शीर्ष परिषद की पहली एजीएम होगी। मिथुन मन्हास सितंबर में बोर्ड के अध्यक्ष बने और रघुराम भट्ट को कोषाध्यक्ष बनाया गया जबकि देवजीत सैकिया और प्रभतेज सिंह भाटिया को क्रमशः सचिव और संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया। बोर्ड के पिछले चुनावों में सौराष्ट्र क्रिकेट संघ के अध्यक्ष जयदेव शाह भी काउंसलर के तौर पर बोर्ड में शामिल हुए।



### महिला क्रिकेटरों की मैच फीस सहित अन्य मुद्दों पर होगी चर्चा

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) 22 दिसंबर को एपेक्स काउंसिल की वर्चुअल बैठक में महिला क्रिकेटरों की मैच फीस सहित अन्य पांच एजेंडों पर चर्चा करेगा। ऐसा माना जा रहा है कि बीसीसीआई घरेलू टूर्नामेंट में महिला क्रिकेटरों की मैच फीस में बदलाव करने की योजना बना रहा है। महिला टीम की शानदार एकदिवसीय विश्व कप जीत के बाद मैच फीस में बदलाव की उम्मीद थी और बीसीसीआई ने इस मुद्दे पर बैठक में चर्चा करने का फैसला किया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पुरुष और महिलाओं के बीच सैलरी में समानता है, घरेलू प्रतियोगिताओं में असमानताएं बनी हुई हैं।

बैठक में 30वीं एपेक्स काउंसिल मीटिंग के मिनट्स की पुष्टि। घरेलू क्रिकेट में महिला क्रिकेटरों के पेमेंट में बदलाव। बीसीसीआई डिजिटल प्रॉपर्टीज पर अपडेट। अंपायर और मैच रेफरी के पेमेंट में बदलाव। सालाना प्लेयर रिटेनरशिप कॉन्ट्रैक्ट।

## भारतीय एथलीट अब्दुल कादिर इंदौरी ने एशियन यूथ पैरा गेम्स मे जीते दो पदक

दुबई, 11 दिसंबर। भारतीय एथलीट अब्दुल कादिर इंदौरी ने एशियन यूथ पैरा गेम्स की 50 मीटर (एस1–5) बैकस्ट्रोक में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण तथा 50 मीटर (एस 2–7) बटरफ्लाई स्पर्धा में कांस्य पदक जीते। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और पैरा कमेटी ऑफ इंडिया सोशल मीडिया पर मंच एक्स पर अब्दुल कादिर इंदौरी को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी है। साई ने लिखा, '' दुबई में डबल मेडल की लहर। अब्दुल कादिर इंदौरी ने एशियन यूथ पैरा गेम्स 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 50मी बैकस्ट्रोक (एस1–5) में गोल्ड और 50मी बटरफ्लाई (एस2–7) में कांस्य पदक जीता। यह दृढ़ संकल्प, गति और सच्ची खेल भावना का एक शानदार प्रदर्शन है।''

## सेल्टा से हार के बाद रियल मैड्रिड के कई खिलाड़ियों पर दुर्व्यवहार को लेकर लगे प्रतिबंध

मैड्रिड, 11 दिसंबर। सेल्टा विगो से हार के बाद रियल मैड्रिड पर मुख्य रूप से रेफरी के साथ दुर्व्यवहार के कारण उसके खिलाड़ियों पर प्रतिबंध लगाये गये है। रियल मैड्रिड को सेल्टा विगो के साथ मैच के दौरान दूसरे हाफ में डिफेंडर फ्रान गार्सिया और अल्वारो कैरेरास और फॉरवर्ड एंड्रिक को दिखाए गए रेड कार्ड के लिए भारी अनुशासनात्मक कीमत चुकानी पड़ी। गार्सिया पर स्पेनिश फुटबॉल फेडरेशन (आरएफईएफ) की अनुशासनात्मक कमेटी ने एक मैच का बैन लगाया है, जिसे वह इस वीकेंड डेपोर्टिवो अलावेस के खिलाफ मैच में नहीं खेल सकेंगे। उन्हें दो येलो कार्ड मिलने के बाद मैच से बाहर कर दिया गया था। हालांकि, कैरेरास और एंड्रिक को दो मैचों के लिए प्रतिबंधित किया गया है, कैरेरास को रेफरी क्विंटरो गोंजालेज को बाहर किए जाने के बाद एरेस मालिसिमो (तुम बहुत बुरे हो) कहने के लिए सजा दी गई है। मैदान पर नहीं उतरने वाले एंड्रिक को भी रेड कार्ड दिखाया गया और बेंच से उठकर टेक्निकल एरिया से बाहर जाने, चौथे रेफरी पर चिल्लाने और टेक्निकल स्टाफ के सदस्यों द्वारा रोके जाने की जरूरत पड़ने के लिए दो मैचों का प्रतिबंध लगाया गया। घुटने की सर्जरी के बाद फिलहाल बाहर चल रहे डैनी कार्वाजल को भी मैच के बाद ड्रेसिंग रूम के टनल में रेफरी का अपमान करने के लिए दो मैचों के लिए प्रतिबंधित किया गया है।

## यौन उत्पीड़न को लेकर तोफेल अहमद रायहान पर चार्जशीट

ढाका, 11 दिसंबर। पुलिस ने बंगलादेश ए टीम के तेज गेंदबाज ऑलराउंडर तोफेल अहमद रायहान के खिलाफ शादी का वादा कर एक महिला के यौन उत्पीड़न को लेकर चार्जशीट दाखिल की है। गुलशन पुलिस स्टेशन के जांच अधिकारी सब–इंस्पेक्टर मोहम्मद समिउल इस्लाम ने गुरुवार को इस बात की पुष्टि करते हुए कहा, ''चार्जशीट महिला और बाल उत्पीड़न रोकथाम अधिनियम की धारा 9(1) के तहत दाखिल की गई है।''

दस्तावेज़ के अनुसार, तोफेल के खिलाफ आरोप पहली नजर में सही साबित हुए, जिसका समर्थन शिकायतकर्ता के शुरुआती बयान, होटल बुकिंग रिकॉर्ड, मेडिकल जांच और दूसरे सबूतों से हुआ।

## कैबिनेट बैठक के बाद चिन्नास्वामी स्टेडियम में आईपीएल मैच की इजाजत देने पर फैसला करेंगे : शिवकुमार



नई दिल्ली, 11 दिसंबर। कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने बुधवार को कहा कि चिन्नास्वामी स्टेडियम में आईपीएल मुकाबलों की इजाजत देने पर फैसला बृहस्पतिवार की कैबिनेट बैठक में चर्चा के बाद किया जाएगा। सर्किट हाउस में कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के नवनिर्वाचित अध्यक्ष वेंकटेश प्रसाद से मिलने के बाद संवाददाताओं से बात करते हुए शिवकुमार ने कहा, "हमारा चिन्नास्वामी स्टेडियम में क्रिकेट मैच को रोकने का कोई इरादा नहीं है लेकिन हमें भीड़ नियंत्रित करने के उपायों के बारे में सोचना होगा।'' उन्होंने कहा, "हमें माइकल डी कुन्हा की समिति के सुझावों को भी धीरे–धीरे लागू करना होगा। वेंकटेश प्रसाद भी इससे सहमत हैं।'' जून में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की पहली आईपीएल खिताबी जीत का जश्न त्रासदी में बदल गया जब चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी और 30 से अधिक प्रशंसक घायल हो गए।शिवकुमार ने भरोसा दिलाया कि सरकार राज्य की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाए बिना क्रिकेट को बढ़ावा देने और प्रशंसकों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### 27वीं नवीन-नफीस ईनामी राशि लीग कम नॉकआउट क्रिकेट प्रतियोगिता

## अजय बेनीवाल व रॉबिन सिंह के अर्द्धशतकों से नैना एकेडमी विजयी





जयपुर, 11 दिसम्बर यूनियन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 27 वीं नवीन–नफीस स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में आज खेले गये नैना क्रिकेट ग्राउण्ड जगतपुरा, पर खेले गये पूल जी के मैच में नैना क्रिकेट एकेडमी ने अजय बेनिवाल 78 रन, रॉविन सिंह 51 रन के अद्धर्शतकों की बदौलत जयपुरिया विद्यालय को 30 रन से हराकर 2 अंक अर्जित किये। टॉस जीतकर नैना क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अजय बेनिवाल 78 रन (39 गेंद, 3 चौके, 9 छक्के), रॉविन सिंह 51 रन (31 गेंद, 5 चौके, 2 छक्के, आशीष शर्मा 41 रन (23 गेंद, 3 चौके, 3 छक्के), मानव रोघा 20 रन नाबाद की मदद से निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 215 रन बनाये।

जवाबी पारी में जयपुरिया विद्यालय ने ओपनर कनिष्क 69 रन (50 गेंद, 9 चौके), आरूष मक्कड 39 रन ने पहले विकेट पर 81 रन जोड़कर अच्छी शुरूआत की लेकिन मध्यक्रम में भव्य शर्मा 57 रन (23 गेंद, 4 चौके, 4 छक्के) ने अपनी टीम को जीत दिलाने भरसक प्रयास किया। लेकिन शेष बल्लेबाज बड़ी पारी खेलने में विफल रहे और पूरी टीम निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 185 रन ही बना सकी और 30 रन से मैच गवा दिया। नैना क्रिकेट एकेडमी की ओर से कैफ गुडऐज 37 रन पर 2 विकेट, आशीष शर्मा 27 रन पर 2 विकेट, अबरार शाह व रॉविन सिंह प्रत्येक 1–1 विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहे। इस मैच का मैन ऑफ दी अजय बेनिवाल नैना क्रिकेट एकेडमी रहें।

## चोटिल टिकनर दूसरे टेस्ट में नहीं करेंगे गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण



वेलिंगटन, 11 दिसंबर। न्यूजीलैंड को एक और बड़ा झटका लगा है उसके तेज गेंदबाज ब्लेयर टिकनर कंधे की चोट के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट के बाकी बचे मैच में गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण से बाहर हो गए हैं। बेसिन रिजर्व में पहले दिन क्षेत्ररक्षण के दौरान उनका कंधा जाम हो गया था। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वेबसाइट के अनुसार, 32 वर्षीय टिकनर बाउंड्री रोकने के लिए डाइव लगाते समय घायल हो गए और उन्हें स्ट्रेचर पर ले इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। न्यूजीलैंड ने गुरुवार को जारी एक बयान में कहा, ब्लैक कैप्स के तेज गेंदबाज ब्लेयर टिकनर वेलिंगटन में दूसरे टेस्ट के बाकी बचे मैच में गेंदबाजी या क्षेत्ररक्षण नहीं करेंगे, और उनके बल्लेबाजी करने की भी संभावना नहीं है, क्योंकि पहले दिन बाउंड्री रोकने के लिए डाइव लगाते समय उनका कंधा डिसलोकेट हो गया था। टिकनर, जिन्हें कल रात इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया था, आज मैदान पर टीम के साथ जुड़ेंगे क्योंकि वह खेलने के लिए अपनी वापसी का समय तय करने के लिए आगे विशेषज्ञ मूल्यांकन का इंतजार कर रहे हैं।

## डेवन और मिचेल ने दिलाई न्यूजीलैंड को बढ़त





वेलिंग्टन, 11 दिसंबर। डेवन कॉन्वे (60) और मिचेल हे (61) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर न्यूजीलैंड ने दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन गुरुवार को स्टंप्स के समय तक पहली पारी में 278 रन का स्कोर करने के साथ 73 रनों की बढ़त के बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज के 32 के स्कोर पर दो विकेट झटक कर मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है।

न्यूजीलैंड ने कल के 24 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। न्यूजीलैंड का पहला विकेट सुबह के सत्र में टॉम लेथम (11) के रूप में गिरा। उन्हें केमार रोच ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये केन विलियमसन ने डेवन कॉन्वे के साथ दूसरे विकेट के लिए 67 रन जोड़े। 31वें ओवर में एंडरसन फिलीप ने केन विलियमसन (37) को बोल्ड आउट कर वेस्टइंडीज को दूसरी सफलता दिलाई। रचिन रविंद्र (पांच) रन बनाकर आउट हुये। 36वें ओवर में जस्टिन ग्रीव्स ने डेवन कॉन्वे को आउटकर न्यूजीलैंड को चौथा झटका दिया। डेवन कॉन्वे ने 108 गेंदों में आठ चौकों की मदद से 60 रनों की पारी खेली। वेस्टइंडीज के गेंदबाजी आक्रमण के आगे न्यूजीलैंड के बल्लेबाज अंतराल पर अपने विकेट गंवाते रहे। मिचेल हे ने 93 गेंदों में नौ चौके और एक छक्का लगाते हुए (61) रन बनाये। डैरिल मिचेल (25), ग्लेन फिलिप्स (18), जेकब डफी (11), माइकल रे (13) रन बनाकर आउट हुये। न्यूजीलैंड ने 74.4 ओवरों में 278 का स्कोर बनाया। ब्लेयर टिकनर चोट के कारण बल्लेबाजी करने नहीं उतरे। वहीं जैकरी फॉक्स 23 रन बनाकर नाबाद रहे। वेस्टइंडीज की ओर से एंडरसन फिलीप ने तीन और केमार रोच ने दो विकेट लिये। जेडेन सील्स, ओजे शील्ड्स, जस्टिन ग्रीव्स और रॉस्टन चेज ने एक–एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज ने दिन का खेल समाप्त होने के समय दो विकेट पर 32 रन बना लिये और वह अभी भी न्यूजीलैंड के पहली पारी में बनाये गये स्कोर से 41 रन पीछे है।

### रघु सिन्हा आईटीएफ मास्टर्स 400 टेनिस टूर्नामेंट

## दूसरे दिन रोमांचक मुकाबले में सुरेश बाजोरिया ने किया बड़ा उलटफेर





जयपुर, 11 दिसम्बर। रघु सिन्हा आईटीएफमास्टर्स 400 टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दिन जयपुर क्लब और जय क्लब के कुल 8 क्ले कोर्ट पर विभिन्न आयु वर्गों के सिंगल्स और डबल्स के रोमांचक मुकाबले खेले गए। पूरे दिन खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल कौशल का प्रदर्शन किया, जिससे दर्शकों को संघर्षपूर्ण और उच्च स्तरीय टेनिस का शानदार आनंद मिला।

दिन का सबसे बड़ा उलटफेर 75 श्रेणी में देखने को मिला, जहाँ जयपुर के सुरेश बाजोरिया ने इंडिया नंबर दो दर्शन लाल मारिया को कड़े संघर्ष में 6–3, 5–7, 10–3 से पराजित करते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। बाजोरिया की यह जीत टूर्नामेंट में अब तक का सबसे चर्चित परिणाम रही। अन्य कैटेगरी में भी कई शीर्ष वरीय खिलाड़ियों ने अपने–अपने मुकाबले जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया– 50 श्रेणी में इंडिया नंबर 1 जगदीश तनवर ने आसान जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। पांचवीं सीड अवनीश रस्तोगी (50) ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। 40 कैटेगरी में रियाज़ अहमद ने दमदार खेल के साथ अपने प्रतिद्वंद्वी को पराजित कर अगला दौर सुरक्षित किया। 45 में पुनर भसीन, जिन्होंने कल भी शानदार प्रदर्शन किया था, आज के मुकाबले में जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में पहुंचे। पूरे दिन खेले गए मैचों में देश–विदेश के नामी खिलाड़ियों का जुनून, प्रतिस्पर्धात्मक भावना और कौशल देखने को मिला। दर्शकों ने भी खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए खेल का भरपूर आनंद लिया।

## फैडरेशन कप हैंडबॉल में राजस्थान पुरुष टीम उपविजेता रही



जयपुर, 11 दिसम्बर। राजस्थान पुरुष हैंडबॉल टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए लखनऊ में बुधवार को संपन्न 37वीं फेडरेशन कप हैंडबॉल चैंपियनशिप में उपविजेता रही। संघर्षपूर्ण खिताबी मुकाबले में पंजाब ने राजस्थान को 32–23 (13–11) से हराया। इससे पहले खेले गये सेमीफाइनल मुक़ाबले में राजस्थान ने सीआरपीएफ को 32–24 (14–12) से हराया। राजस्थान राज्य हैण्डबॉल संघ के मानद सचिव यश प्रताप सिंह ने बताया कि लीग मैचेस में राजस्थान ने पंजाब को 35–25 (15–11) से, बीएसएफ को 40–37 (19–13) से, महाराष्ट्र को 31–19 (21–10) से, सीआईएसएफ को 33–32 (16–18) से तथा जम्मू कश्मीर को 19–07 (10–03) से हराया। **उपविजेता राजस्थान पुरुष टीम:–** करण सिंह शेखावत (कप्तान), रविन्द्र पाल सिंह सैनी, रोहताश, योगेश कुमार, गुरपिंदर सिंह (राजस्थान पुलिस), अनिल खुड़िया, जसप्रीत सिंह, दिनेश डूडी, प्रिंस (श्रीगंगानगर), लोकेन्द्र सिंह हाड़ा, अशलेश कुमार (जयपुर), चन्द्रप्रताप सिंह सोलंकी, कुलदीप सोयल (बूंदी), तेजवेन्द्र सिंह, सचिन गुर्जर, रामकेश गुर्जर (करौली), रोहित खान (जय भवानी अकैडमी), लाखन सिंह (कृपा बाबा हैंडबॉल अकैडमी)। **प्रशिक्षक:–** भगवान सिंह राठौड़।

# प्रवासी राजस्थानी प्रदेश की प्रगति में बड़े साझेदार हैं- भजनलाल

## देश-विदेश से आए चैप्टर्स के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को अभूतपूर्व आयोजन के लिए बधाई दी

जयपुर, 11 दिसंबर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रवासी राजस्थानी प्रदेश की प्रगति में बड़े साझेदार बने हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी के सहयोग से राजस्थान को देशभर में अग्रणी राज्य बनाकर विकसित राजस्थान के संकल्प को पूरा किया जा सकेगा। शर्मा गुरुवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में सूरत, लंदन, दुबई, सिंगापुर, कंपाला, टोक्यो, दोहा, म्यूनिख, न्यूयॉर्क, भुवनेश्वर, नैरोबी, कोलकाता एवं दिल्ली चैप्टर्स के सदस्यों के साथ संवाद कर रहे थे। उन्होंने सभी चैप्टर्स के प्रतिनिधियों से बातचीत कर उनके द्वारा राज्य में किए जाने वाले निवेश प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रवासियों के कल्याण तथा उनके हितों के लिए 'राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रवासी राजस्थानी मामलात विभाग' का गठन किया गया है। साथ ही, "प्रवासी राजस्थानी नीति" भी लॉन्च की गई है। उन्होंने कहा कि राजस्थान फाउंडेशन के माध्यम से प्रवासी राजस्थानियों के जुड़ाव को और मजबूत करने के लिए राज्य सरकार द्वारा राजस्थान फाउंडेशन के 14 नए चैप्टर्स की घोषणा की गई है, जिससे इन चैप्टर्स की कुल संख्या अब बढ़कर 40 हो गई है।

शर्मा ने कहा कि सरकार ने "ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस" के लिए प्राथमिकता से कार्य किया है। साथ ही, निवेशकों के लिए 'राजनिवेश' पोर्टल भी महत्वपूर्ण है, जिसके माध्यम से निवेशक मिनटों में ई-रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी कर अपने प्रोजेक्ट की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।


देश-विदेश से आए विभिन्न चैप्टर्स के सदस्यों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को प्रथम प्रवासी राजस्थानी दिवस के अभूतपूर्व आयोजन के लिए बधाई दी।

- **मुख्यमंत्री भजनलाल ने राजस्थान फाउन्डेशन के 14 नए चैप्टर्स की घोषणा की। अब चैप्टर्स की कुल संख्या 40 हो गई है।**
- **गुरुवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में सूरत, लंदन, दुबई, सिंगापुर, केपाला, टोक्यो, दोहा, म्यूनिख, न्यूयॉर्क, भुवनेश्वर, नैरोबी, कोलकाता व दिल्ली चैप्टर के सदस्यों ने मुख्यमंत्री के साथ संवाद किया। संवाद करने वालों में जाम्बिया, घाना व न्यूज़ीलैंड के प्रवासी राजस्थानी भी शामिल थे।**

इस दौरान देश-विदेश से आए विभिन्न चैप्टर्स के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को प्रथम प्रवासी राजस्थानी दिवस के अभूतपूर्व आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से दुनियाभर में बसे प्रवासी राजस्थानियों को एक मंच पर आने का मौका मिला।

सभी चैप्टर्स द्वारा मुख्यमंत्री का स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास सहित, विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। संवाद में 13 एनआरआर चैप्टर्स के सदस्यों सहित, जाम्बिया, घाना व न्यूजीलैंड के प्रवासी राजस्थानियों ने भी हिस्सा लिया।

# बांग्लादेश में 12 फरवरी को चुनाव होंगे

ढाका, 11 दिसंबर। बांग्लादेश के चुनाव आयोग ने गुरुवार को आम चुनाव की तारीखों का एलान कर दिया। प्रधानमंत्री पद से शेख हसीना के हटाये जाने के बाद के बाद देश में यह पहला चुनाव हो रहा है। बांग्लादेश में अगले साल 12 फरवरी को वोट डाले जाएंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त एएमएम नासिर उद्दीन ने गुरुवार को एलान किया कि बांग्लादेश में अगले साल 12 फरवरी को 13वां संसदीय चुनाव होगा। यह अगस्त 2024 में हिंसक छात्र विरोध प्रदर्शन में प्रधानमंत्री शेख हसीना को हटाए जाने के बाद पहला चुनाव होगा।

बांग्लादेश फरवरी में आम चुनाव कराएगा। यह 2024 के छात्र-नेतृत्व वाले आंदोलन से शेख हसीना के हटने के बाद इस दक्षिण एशियाई देश पहला चुनाव होगा। हसीना की पार्टी अवामी लीग देश की सबसे बड़ी पार्टी है, लेकिन इसे चुनाव लड़ने से रोक दिया गया है।

# रियल एस्टेट व एजुकेशन में सक्रिय वर्धमान ग्रुप पर आयकर का छापा

## विभाग को इतनी बड़ी संख्या में नकदी मिली कि गिनने के लिए काउन्टिंग मशीनें मंगवानी पड़ीं

जयपुर, 11 दिसम्बर। आयकर विभाग की टीम ने गुरुवार सुबह वर्धमान ग्रुप के रियल एस्टेट और एजुकेशन सेक्टर से जुड़े आधा दर्जन से अधिक ठिकानों पर एक साथ सर्च कार्रवाई कर करोड़ों रुपये की कथित टैक्स चोरी का पर्दाफाश किया। टीम सबसे पहले मानसरोवर स्थित वर्धमान इंटरनेशनल स्कूल परिसर में बने मुख्य कार्यालय पहुंची। जहां अलमारियों से भारी मात्रा में कैश मिला। नोटों की संख्या अधिक होने पर मौके पर ही मशीन मंगवाकर गिनती शुरू कराई गई। यह पूरी नकदी ग्रुप की कथित काली कमाई मानी जा रही है।

आयकर विभाग सूत्रों के मुताबिक, ग्रुप लंबे समय से कैश लेन-देन के जरिए आय छिपा रहा था। शिकायत मिलने के बाद इनकम टैक्स इन्वेस्टिगेशन विंग ने पहले सर्वे किया और तथ्यों की पुष्टि होने पर उसे सर्च ऑपरेशन में बदल दिया। जयपुर स्थित श्याम नगर ऑफिस और अन्य लोकेशन पर भी विभाग की टीमें दस्तावेजों की जांच कर रही हैं।

- **यह ग्रुप लंबे समय से कैश में लेन-देन कर रहा था। शिकायत मिलने पर इनकम टैक्स इन्वेस्टिगेशन विंग ने पहले सर्वे किया, जो तथ्यों की पुष्टि होने पर सर्च में बदल दिया गया।**

मुख्य कार्यालय से मिल रहे दस्तावेजों में जमीन-फ्लैट की खरीद-बिक्री में अनियमितताओं से जुड़े रिकॉर्ड मिलने की भी जानकारी मिली है। डिजिटल डिवाइस, बैंक अकाउंट्स और प्रॉपर्टी से जुड़े पेपर्स को भी कब्जे में लेकर जांच जारी है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि कैश बरामदगी और मिले दस्तावेजों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई तय होगी। आयकर विभाग की टीम ने अभी भी ग्रुप के सभी ठिकानों पर गहन तलाशी अभियान चला रखा है। जानकारी के अनुसार, आयकर विभाग की यह कार्रवाई पूरी गोपनीयता के साथ की जा रही है। उम्मीद जताई जा रही है कि तलाशी और गिनती की प्रक्रिया पूरी होने के बाद, आयकर विभाग की टीम आधिकारिक तौर पर जब्त की गई नकदी, बेहिसाब संपत्ति और पकड़ी गई टैक्स चोरी की राशि का बड़ा खुलासा कर सकती है।

गौरतलब है कि वर्धमान ग्रुप जयपुर के बड़े व्यापारिक घरानों में गिना जाता है। इसका मुख्य कारोबार रियल एस्टेट और एजुकेशन है। इन दोनों क्षेत्रों में उसका कारोबार फैला हुआ है। आयकर विभाग की टीम रियल एस्टेट सौदों में टैक्स चोरी और स्कूलों के माध्यम से आय छिपाने के एंगल से जांच कर रही है। ग्रुप के प्रमुख पदाधिकारियों से पूछताछ की जा रही है और उनके बैंक खातों, संपत्तियों तथा निवेश की जानकारी खंगाली जा रही है।

# प्रदेश ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

के दूसरे चरण की शुरुआत, यानी 4 नवम्बर, से कुल 50.96 करोड़ फ़ॉर्म बाँटे गए थे।

# राज्यसभा में वंदे मातरम् पर बहस में भिड़े नड्डा और खड़गे

## दोनों नेताओं के बीच तीखी नोंकझोंक हुई, राज्यसभा के सभापति उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन को हस्तक्षेप कर माहौल शांत करना पड़ा

नयी दिल्ली, 11 दिसंबर। वंदे मातरम पर चर्चा के दौरान जेपी नड्डा द्वारा जवाहरलाल नेहरू पर की गई टिप्पणी के बाद राज्यसभा में हंगामा मचा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने नेहरू को बहस का केंद्र बनाने पर सवाल उठाया। नड्डा ने कांग्रेस पर भारतीय संस्कृति से समझौता करने का आरोप लगाया, वहीं खड़गे ने इन आरोपों को विकृत और असत्य बताया। दोनों नेताओं के बीच तीखी नोकझोंक हुई। अंततः, अध्यक्ष के हस्तक्षेप के बाद नड्डा ने कहा कि सरकार केवल ऐतिहासिक तथ्यों को सही करना चाहती है, न कि नेहरू की छवि को धूमिल करना।

- **जे.पी. नड्डा ने अपने भाषण में प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु पर वंदे मातरम् का अपमान करने का आरोप लगाया तो कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने कहा, यह बहस वंदे मातरम् पर है या नेहरु पर।**

जेपी नड्डा द्वारा वंदे मातरम पर चर्चा के दौरान जवाहरलाल नेहरू पर की गई टिप्पणी के बाद, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पूछा कि चर्चा का विषय वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ है या फिर जवाहरलाल नेहरू हैं? खड़गे ने कहा कि मैं जानना चाहता हूं कि यह बहस वंदे मातरम को लेकर है या पंडित जवाहरलाल नेहरू को लेकर। यहां जो कुछ भी कहा जा रहा है, वह विकृत है और सच नहीं है।

यह सवाल दोनों नेताओं के बीच तीखी बहस में बदल गया, जब नड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा भारत की संस्कृति से समझौता किया है। राज्यसभा में सदन के नेता ने कहा कि मैं सिर्फ वंदे मातरम की बात कर रहा हूं। अगर जवाहरलाल नेहरू से जुड़ी बातें उन्हें अच्छी नहीं लगतीं, तो मैं क्या कर सकता हूं? समस्या यह है कि शुरू से ही आप लोगों ने भारत की संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों से समझौता किया है... दुर्गा, सरस्वती, भारत माता और शक्ति इस देश के सभी लोगों के लिए हैं, और सभी को उनमें आस्था है।

इन टिप्पणियों के कारण राज्यसभा में हंगामा मच गया और स्थिति को शांत करने के लिए राज्यसभा के सभापति उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन को हस्तक्षेप करना पड़ा। राज्यसभा में वंदे मातरम पर बहस का समापन करते हुए जेपी नड्डा ने जोर देकर कहा कि सरकार पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की छवि को धूमिल नहीं करना चाहती और उसका एकमात्र उद्देश्य ऐतिहासिक तथ्यों को सही करना है। उन्होंने कहा, "वंदे मातरम को वह सम्मान नहीं मिला जिसका वह हकदार था... उस समय सत्ता में रहे लोग (सरकार) इस स्थिति के लिए जिम्मेदार थे।"

# इंडिगो ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

राशि इस बात पर निर्भर करेगी कि वे कितनी देर तक हवाई अड्डे पर फंसे रहे। इसके अलावा इन यात्रियों को 10-10 हजार रुपये का ट्रैवल वाउचर भी दिया जायेगा। इसका इस्तेमाल अगले 12 महीने तक टिकट बुक कराने के लिए किया जा सकेगा। बयान में कहा गया है कि, इंडिगो संकट के दौरान रद्द रही सभी उड़ानों के यात्रियों के लिए रिफंड जारी कर दिया गया है और ज्यादातर मामलों में रिफंड की राशि पीड़ित यात्रियों के खाते में आ चुकी है। तीसरे पक्ष के प्लेटफॉर्म से बुक कराये गये रिफंड के बारे में भी एयरलाइंस ने दावा किया है कि रिफंड जारी कर दिया गया है। ऐसे यात्रियों को कस्टमर.एक्सपेरियंसगोइंडिगो.इन पर ईमेल भेजने की सलाह दी गयी है।

# दिल्ली में अब ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सेक्रेटेरिएट बनेगा, जहां ज्यादातर सरकारी सेवाएं एक ही जगह मिलेंगी। सीएम रेखा गुप्ता इसकी घोषणा पहले ही कर चुकी हैं। पहले दिल्ली में 11 राजस्व जिले थे- सेंट्रल, ईस्ट, न्यू दिल्ली, नॉर्थ, नॉर्थ ईस्ट, नॉर्थ वेस्ट, शाहदरा, साउथ, साउथ ईस्ट, साउथ वेस्ट और वेस्ट। लेकिन एमसीडी के 12 जोन और एनडीएमसी-कैंटोनमेंट के अलग इलाके होने से जगहों पर भ्रम और झगड़े होते थे। 2012 में आखिरी बार साउथ-ईस्ट और शाहदरा जिले बने थे।

# हाई कोर्ट ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

मीना चुनाव लड़ रहे हैं। महासचिव पद पर चार प्रत्याशी, दीपेश शर्मा, अशोक कुमार यादव, प्रमिला शर्मा व कैलाश चन्द्र पंचोली चुनाव मैदान में हैं। उपाध्यक्ष के दो पदों के लिए छह प्रत्याशी, अनुराग कलावटिया, मनोज दीक्षित, श्वेता पारीक, टेकचंद शर्मा, सुनील कुमार शर्मा व शालिनी श्योराण अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। द बार एसोसिएशन जयपुर के वार्षिक चुनाव शुक्रवार को सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक सेशन कोर्ट परिसर में होंगे। चुनाव में 4,566 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे।

# 'अगर एसआईआर ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

करने का काम करती है।" बनर्जी ने रविवार को कोलकाता में आयोजित सामूहिक गीता पाठ का भी जिक्र किया तथा कहा, हमें जरुरत होती है तो हम घर पर गीता पाठ करते हैं, सार्वजनिक सभा क्यों करें।

# मैक्सिको ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कदम संयुक्त राज्य अमेरिका को संतुष्ट करने के लिए हो सकता है, क्योंकि वॉशिंगटन मैक्सिको पर एशियाई वस्तुओं की बाढ़ को नियंत्रित करने का दबाव डाल रहा है। अमेरिका का मानना है कि चीन और भारत, साथ ही अन्य एशियाई देश, मैक्सिको के रास्ते अमेरिका के बाजारों में प्रवेश कर रहे हैं।

अमेरिकी अधिकारियों ने मैक्सिको को चेतावनी दी है कि विशेष रूप से चीन और भारत, वहां अपनी निर्माण क्षमताएं बढ़ा रहे हैं। ऐसी रिपोर्ट हैं कि चीनी ऑटोमेकर, जैसे बीवाइडी और एमजी ने हाल के वर्षों में मैक्सिको में अपनी निर्माण क्षमता का विस्तार किया है। मैक्सिको द्वारा टैरिफ बढ़ाने का प्रस्ताव सितंबर में पेश किया गया था, लेकिन चीन के विरोध के कारण इसे अस्थायी रूप से रोक दिया गया था। इसके बाद, मैक्सिको कांग्रेस के दोनों सदनों ने नया शुल्क कानून पारित कर दिया, जो 1 जनवरी से प्रभावी होगा।क

# 'ना जात पर, ना पात ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जातीय जनसंख्या का ध्यान रखा है, लेकिन सार्वजनिक रूप से कभी इस पहलू पर जोर नहीं दिया क्योंकि कांग्रेस का मानना है कि पार्टी को सभी भारतीयों के लिए सार्वजनिक रूप से बोलना चाहिए।

राहुल गांधी के पार्टी चलाने और विभिन्न नीतियों को बनाने में अधिक सक्रिय होने के साथ, पार्टी के फोकस में एक स्पष्ट बदलाव देखा गया है, जो उनका झुकाव वामपंथ की तरफ ज्यादा है। उन्हें एनजीओ, पूर्व आईएएस और कॉरपोरेट जगत से आए लोगों के प्रति भारी लगाव है, जबकि इन्हें व्यावहारिक राजनीति का कोई अनुभव नहीं है, लेकिन वे पार्टी की सत्ता नियंत्रित कर रहे हैं। "जय जगत" समूह गैर-राजनीतिक लोगों का एक समूह है जो राहुल गांधी की राजनीति को मार्गदर्शन दे रहे हैं और भारी गड़बड़ी फैला रहे है जैसा बिहार में देखा गया। जहां अलूबेला को जरुरत से ज्यादा आगे बढ़ाया गया। लेकिन उन्होंने यह स्वीकार करने से इंकार कर दिया कि कांग्रेस बिहार में हार गई!

- **इन "डोमिनैंट कास्ट" के पास साधन हैं, बाहुबल है और इसीलिए ये "डोमिनैंट" कहलाती हैं।**
- **एक के बाद एक राज्य में हुए चुनाव में न तो ओबीसी और न ही दलितों ने कांग्रेस को बढ़ चढ़ कर वोट दिया, पर, "डोमिनैंट कास्ट" जरूर कांग्रेस से विमुख हो गई हैं।**
- **इस धड़े का मानना है कि अब कांग्रेस को राहुल गांधी द्वारा प्रतिपादित राजनीतिक सोच को बदलने की आवश्यकता है, नहीं तो पार्टी अलग-थलग पड़ती जाएगी, और, पराजय हुई तो पार्टी के दफ्तरों पर ताले लग जाएंगे।**

वरिष्ठ नेता मानते हैं कि पार्टी की दिशा में कायापलट की आवश्यकता है और राहुल गांधी को यह समझना होगा कि उनका तरीका केवल अलगाव और पराजय की ओर ले जाएगा और यह पुरानी पार्टी के लिए मौत की घंटी साबित होगा।

# फरार ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

गई थी और उन्हें भारत वापस लाने की भारत की कोशिशें तेज हो गयी हैं। गिरफ्तारी से बचने के लिए दोनों भाई आग लगने के कुछ ही घंटों के बाद भारत से भाग गए थे।

यह आग 6 दिसंबर की सुबह उनके अरपोरा नाइटक्लब में लगी थी, जिससे सुरक्षा नियमों के पालन पर गंभीर सवाल उठे थे। जांच में कई अनियमितताएं सामने आईं, जिनमें अनिवार्य फायर सेफ्टी, अनापत्ति प्रमाण पत्र की कमी, भीड़भाड़ और संकरे निकास गेट शामिल थे। जिनसे लोगों को बाहर निकालने में दिक्कत हुई। विदेश मंत्रालय के आग्रह के बाद उनके ठिकाने का पता लगाने और उन्हें दूसरे देश में जाने से रोकने के लिए इंटरपोल ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया गया। गिरफ्तारी से बचने के लिए दोनों भाइयों ने दिल्ली उच्च न्यायालय में अग्रिम जमानत के लिए अर्जी दी थी। न्यायालय ने बुधवार को लूथरा भाइयों को कोई राहत नहीं दी और उन्हें तुरंत कोई भी अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया और मामले को गुरुवार के लिए टाल दिया था।

# मोदी सरकार के लिए सुखद ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

लावरोव ने आगे कहा कि मास्को ने सामूहिक सुरक्षा गारंटी पर रूस के प्रस्ताव वॉशिंगटन को सौंप दिए हैं।

इससे पहले, क्रेमलिन ने 2 दिसंबर को विटकॉफ़ और कुशनर के साथ बैठक को "रचनात्मक" बताया था, हालांकि यूक्रेन युद्ध को हल करने के लिए कोई बड़ा संकेत नहीं आया था।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने अपनी शांति योजना पर विस्तार से बताया, जिसमें यूरोप को रूस के ऊर्जा प्रवाह को बहाल करने, रूस में दुर्लभ पृथ्वी तत्व और ऊर्जा में प्रमुख अमेरिकी निवेश, और जमा हुए रूसी संप्रभु संपत्तियों को खोलने के प्रस्ताव शामिल थे।

वॉल स्ट्रीट जर्नल ने कहा कि इन योजनाओं का विवरण शांति प्रस्तावों के साथ दिए गए दस्तावेजों में दिया गया था, जिन्हें हाल के हफ्तों में यूरोपीय समकक्षों को सौंपा गया था।

इनमें एक योजना है जिसके तहत अमेरिकी वित्तीय कंपनियां और अन्य व्यवसाय यूक्रेन में परियोजनाओं के लिए रुस के फ्रीज़ किए गए 200 अरब डॉलर का उपयोग करेंगे, जिसमें एक प्रमुख नया डेटा केंद्र भी शामिल है, जो अब रूसी बलों द्वारा नियंत्रित ज़ापोरिज़िया परमाणु संयंत्र द्वारा संचालित होगा।


- **रूस के 200 बिलियन डॉलर के एसैट्स अब बंधन मुक्त होंगे तथा इन एसैट्स के धन से यूक्रेन में पुनर्निर्माण की गतिविधि जारी रखी जायेगी।**
- **अमेरिकी कंपनियां रूस के आर्कटिक में ऑयल ड्रिलिंग की गतिविधि व अन्य प्रोजैक्ट्स में पूरी मदद करेगी।**

रिपोर्ट में कहा गया, अमेरिकी कंपनियां रूस के रणनीतिक क्षेत्रों जैसे दुर्लभ पृथ्वी तत्वों के खनन और आर्कटिक में तेल ड्रिलिंग में निवेश करेंगी, जबकि रूस से पश्चिमी यूरोप और दुनिया में ऊर्जा प्रवाह बहाल किया जाएगा।

एक अज्ञात यूरोपियन अधिकारी ने बताया, प्रस्तावित अमेरिकी-रूसी ऊर्जा सौदों को 1945 के याल्टा सम्मेलन के आर्थिक संस्करण के रूप में देखा जा सकता है, जिसमें सोवियत संघ, संयुक्त राज्य अमेरिका और ब्रिटेन ने यूरोप में अपने-अपने क्षेत्रों का विभाजन किया था, रिपोर्ट में कहा।

रूस ने फरवरी 2022 में यूक्रेन पर हमला किया था, इसके बाद आठ साल तक रूस समर्थित अलगाववादियों और यूक्रेनी सैनिकों के बीच डोनबास क्षेत्र (डोनेट्स्क और लुहांस्क) में संघर्ष जारी रहा था।

वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए, क्रेमलिन ने कहा कि रूस निवेश के लिए खुला है और विदेशी निवेश में रुचि रखता है।



राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा। आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908